

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 297 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 04 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया


## नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडियन का दफ्तर सील

## सोनिया-राहुल के घर की बढ़ाई गई सुरक्षा

**नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है. मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली के हेराल्ड हाउस को सील कर दिया है.**




नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बुधवार को बड़ी कार्रवाई की. मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली के हेराल्ड हाउस को सील कर दिया है. ईडी की इस कार्रवाई के बाद नेशनल हेराल्ड अखबार के प्रधान कार्यालय में बिना इजाजत कोई प्रवेश नहीं कर सकेगा. इस मामले में बीते दो दिन से ईडी हेराल्ड हाउस समेत दिल्ली में कई ठिकानों पर तलाशी अभियान चला चुकी है. केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी से पूछताछ के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम सामने आया है. ईडी की कार्रवाई के बाद सोनिया और राहुल गांधी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

***12 जगह छापेमारी के बाद हेराल्ड हाउस सील***

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में राष्ट्रीय राजधानी में 12 स्थानों और अन्य स्थानों पर छापे मारने के एक दिन बाद ये कार्रवाई की. इस मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने एआईसीसी मुख्यालय के लिए सड़क अवरुद्ध करना एक अपवाद के बजाय एक आदर्श बन गया है. नेशनल हेराल्ड केस वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित है और लगभग नौ महीने पहले दर्ज किया गया था.

सोनिया गांधी से हुई थी पूछताछ

जांच एजेंसी द्वारा कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से 27 जुलाई को करीब तीन घंटे तक पूछताछ करने के कुछ दिनों बाद छापेमारी की गई थी. इस मामले में वरिष्ठ नेता से पूछताछ का यह तीसरा दौर था. ईडी द्वारा सोनिया गांधी को तलब करने के बाद, कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने सरकार द्वारा जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया था. ईडी ने सोनिया गांधी से 26 जुलाई को भी पूछताछ की थी. वह अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ ईडी कार्यालय पहुंची थीं. अधिकारियों ने कहा कि उस दिन पार्टी अध्यक्ष से नेशनल हेराल्ड अखबार और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड में उनकी संलिप्तता के बारे में लगभग 30 सवालों के जवाब मांगे गए थे.

***राहुल गांधी 5 दिनों तक चली थी पूछताछ***

इस मामले में ईडी ने राहुल गांधी से पांच दिन तक पूछताछ की थी. ईडी ने राहुल गांधी से 13 जून से 15 जून तक लगातार तीन दिनों तक 27 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की और 20 जून को फिर से तलब किया था. 20 जून को उनसे लगभग 14 घंटे तक पूछताछ की गई. कांग्रेस नेता को पहली बार 13 जून को मामले में ईडी जांचकताओं के सामने पेश किया गया था. उन्होंने शुरू में 16 जून को पेशी से छूट मांगी थी, जिसके बाद उन्हें 17 जून को बुलाया गया था.

## बीएड सत्र 202224 में नामांकन लेने को इच्छुक छात्र छात्राओं के लिए कालेज चॉइस डालने का कल अंतिम मौका

**समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)**

नवादाःबीएड सत्र 202224 में नामांकन लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए 4 अगस्त की तारीख काफी महत्वपूर्ण है। इस तिथि तक ही इच्छुक छात्र छात्राएं अपने कॉलेज का चॉइस डाल सकते हैं।



उक्त संदेश बिहार राज्य के उत्कृष्ट संस्थान मॉडर्न शैक्षणिक समूह के द्वारा संचालित संचालित सुप्रसिद्ध महाविद्यालय गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नवादा, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन नवादा एवं मॉडर्न कॉलेज आफ एजुकेशन नवादा, जिला नवादा (बिहार) के सचिव सह महासचिव एसोसिएशन ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग इनस्टिच्यूशन पटना डा शैलेश कुमार ने दिया है। इन्होंने कहा कि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा (बिहार) के द्वारा आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा (उएळइ.ी 2022) में ऑनलाइन कॉलेज चॉइस करने के लिए 4.8.2022 अंतिम मौका मिला है।

छात्र इस सुनहरे अवसर को हाथ से निकलने ना दें और समय रहते अपने कॉलेज का चॉइस कर लें। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग करते हुए अपने भविष्य को एक आदर्श अध्यापक रूप में स्थापित करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक की महती भूमिका होती है तथा शिक्षा को लेकर समाज ने जो उद्देश्य इच्छाएं रखी होती है उन सब की पूर्ति शिक्षक के द्वारा ही संभव है। शिक्षक का दायित्व भगवान जैसा होता है। वे समाज और राष्ट्र के उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं। शिक्षा प्रणाली कोई और कैसी भी हो उसकी सफलता शिक्षक पर ही निर्भर होती है। अतः आप सभी उत्तम शिक्षक बनकर गौरवशाली भारत की संस्कृति एकता एवं अखंडता को बनाए रखें तथा राष्ट्र के विकास में अपना योगदान समर्पित करें। उन्होंने यह भी बताया कि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के चारों शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज नवादा, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नवादा, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन नवादा एवं मॉडर्न कॉलेज आफ एजुकेशन नवादा, जिला नवादा, बिहार एवं झारखंड राज्य के महाविद्यालयों में सर्वोत्तम एवं अग्रणी महाविद्यालयों की श्रेणी में है। जिसमें डीएलएड, बीएड एवं एमएड कोर्स का संचालन विश्व विख्यात विद्वान प्राध्यापकों द्वारा नियमित रूप से संचालित किया जाता है। तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यथा शुद्ध पेयजल सुविधा, सूचना एवं संचार तकनीकी वाईफाई, स्मार्ट क्लासेज, विभिन्न प्रयोगशाला और नवीनतम पाठ्य पुस्तकों से सुसज्जित अत्याधुनिक लाइब्रेरी, इंडोर आउटडोर प्लेग्राउंड की सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वोत्तम एवं सर्वांगीण विकास किया जाता है। तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाता है।

## बिहार के कॉलेजों में शिक्षकों के साथ ही छात्र-छात्राओं को भी लगाना होगा बायोमेट्रिक हाजरी।

**पटना (बिहार हेड) समाज जागरण**

पटना :-बिहार के विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्रों में विलंब के साथ ही शिक्षक एवं छात्रों के गैरहाजिर रहने की शिकायतें मिलना आम है.इस समस्या के समाधान के लिए राज्य की शिक्षा विभाग ने कई कार्ययोजना तैयारी की है। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग अब उच्च शिक्षण संस्थानो में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति बायोमेट्रिक सिस्टम से कराने पर विचार कर रही है.इसके लिए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने राज्यपाल से कुलाधिपति फागू चौहान के प्रधान सचिव को पत्र भेजा है.इस पत्र में आग्रह किया गया है कि

कुलाधिपति के स्तर से कुलपतियों को मार्गदर्शन दिया जाए ताकि इसका क्रियान्वयन सही तरीके से हो सके।अगले एक माह के अंदर सभी कॉलेजों में शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना जरूरी है और समेकित रुप से इसका अनुश्रवण विश्वविद्यालय स्तर पर भी आवश्यक है।इसी आधार पर वेतन की राशि महाविद्यालयों को विमुक्त की जाए।



बताते चलें कि ज्यादातार कॉलेजों में पूर्व से बायोमेट्रिक मशीन उपलब्ध है,पर इसका उपयोग नहीं हो रहा है।अगर शिक्षक,शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्रों के लिये बायामेट्रिक सिस्टम से हाजिरी लगानी शुरू हो जाए तो निश्चित रूप से इसका साकारात्मक असर पड़ेगा।अब तक बिहार के कोई भी कॉलेजों में नही होती थी पढ़ाई,सिर्फ नामांकन और फार्म भरा जा रहा था।कई विद्यार्थी तो कॉलेज को देखा तक नहीं।अब अगर सरकार पढ़ाई की इंतजाम कर रही हैं तो बहुत अच्छा बात है।

इसके साथ ही कई अन्य तरह के सुझाव और प्रस्ताव दिए गए है जिससे उच्च शिक्षा के पठन-पाठन एवं शैक्षणिक सत्र में साकारात्मक बदलाव हो सकता है।

## मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में 'वृहद रोजगार मेले' का शुभारम्भ किया



प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद, युवाओं, उद्यमियों, हस्तशिल्पियों व कारीगरों की ऊर्जा व हुनर को पहचान देने के लिए स्किल इण्डिया, स्टार्टअप इण्डिया, स्टैंडअप इण्डिया, मेक इन इण्डिया, मुद्रा आदि योजनाएं/कार्यक्रम प्रारम्भ किए एम0एस0एम0ई0 विभाग द्वारा प्रदेश में एक बड़े लोन मेले का आयोजन किया गया, इसके तहत 01 लाख 90 हजार हस्तशिल्पियों, कारीगर और युवाओं को सस्ती दर पर लोन उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम को भी सफलता पूर्वक आगे बढ़ाया

वर्ष 2017 में उ0प्र0 में सरकार बनने के साथ ही प्रदेश सरकार ने केन्द्र व राज्य की रोजगारपरक योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया वर्ष 2015-2016 में जहां उ0प्र0 में बेरोजगारी की दर 18 प्रतिशत से अधिक

थी, वहीं कोरोना कालखण्ड की भीषण चुनौती के बावजूद प्रदेश की बेरोजगारी दर को 2.7 फीसदी तक लाने में सफलता प्राप्त हुई

## सांसद बिधूड़ी ने मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा लाल किले से निकाली

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-आज दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने आजादी के अमृत महोत्सव पर संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के साथ मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा लाल किले से विजय चौक तक निकाली। इस रैली में दक्षिणी दिल्ली

लोक सभा क्षेत्र से 175 मोटरसाइकिल सवार सम्मिलित हुए। इस तिरंगा यात्रा को उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।हमें बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान से राष्ट्रप्रेम की भावना समस्त नागरिकों में जाग्रत होगी।13 से 15 अगस्त के बीच हर



घर तिरंगा फहराया जाएगा। सांसद रमेश बिधूड़ी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में हर घर तिरंगा लगाने के 1,75000 झण्डों के संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गए हैं।

## स्कूल बस के धक्के से महिला की घटनास्थल पर ही मौत

**ब्रजेश कुमार दुबे, दैनिक समाज जागरण**

***–सड़क हादसा***
***–गड़वार नगरा मार्ग के चोगड़ा चट्टी पर हुई दुर्घटना***
***–घटना के बाद मौके से चालक बस संग हुआ फरार***
***–गुस्साए लोगों ने किया चक्का जाम, पहुंचे एएसपी***

गड़वार (बलिया) : थाना क्षेत्र के गड़वार-नगरा मुख्य मार्ग पर चोगड़ा चट्टी पर बुधवार को स्कूली बस के धक्के से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। चालक मौके से बस लेकर फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने महिला का शव मार्ग पर रखकर घण्टों जाम लगा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के असनवार गांव की 45 वर्षीय उषा देवी पत्नी स्व. अच्छेलाल राजभर



बुधवार को चोगड़ा चट्टी पर धान में कीटनाशक डालने के लिए दुकान पर कीटनाशक दवा लेने आई थी। कू-कूरहा-चिलकहर मार्ग पे दुकान से दवाई लेकर बाइक पर पीछे बैठकर घर जा रही थी। तभी सामने से स्कूली बस ने चोगडा से चिलकहर मार्ग धक्का मार दिया। जिससे महिला बाइक से गिर बस के पहिये के नीचे आ गई। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। भारी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और लाश को सड़क पर रख कर घंण्टों जाम लगा दिए। सूचना पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्रीधर पांडेय भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए व जाम लगा रहे ग्रामीणों से वार्ता कर जाम समाप्त करने को कहा। लेकिन ग्रामीण स्कूली बस व चालक को पकड़ने की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर रसड़ा तहसीलदार प्रभात कुमार सिंह व एएसपी दुगार्शंकर तिवारी ने मौके पर पहुंच कर परिवार के लोगों को सभी सरकारी मदद दिलाने व बस व चालक को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिए उसके बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दिया।

***चार माह पहले पिता अब माता की मौत***

मृत उषा देवी के दो लड़के हैं। पति की चार माह पहले ही गंभीर बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। मृत ऊषा देवी के दोनों पुत्र अजय (14वर्ष),और अमन (16वर्ष) का चार महीने के भीतर ही माता पिता के मृत्यु हो जाने से रो रो कर बूरा हाल है। घटना की सूचना से असनवार गांव में मातम सा छा गया है।

## बारहसिंगा का रक्षक जोधा बैगा को किया गया पुरस्कृत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का नाम आते ही मन उछल पड़ता है।जिसकी



खास वजह है कि बहुत लंबे चौड़े एरिया में फैले पार्क के अंदर तरह तरह के जानवर जिसमे बाघ प्रमुख है।कान्हा के जंगल में बाघों के साथ बारहसिंगा भी अब बहुतायत में हैं। लेकिन 70 के दशक में वह समय भी था, जब बारहसिंगा विलुप्त होने की कगार पर आ गए थे। जब लगभग 66 बारहसिंगा बचे थे। 1980 में बारहसिंगा के अस्तित्व को बचाने के प्रयास शुरू हुए। शोधकताओं ने ही नहीं, पार्क के मैदानी अमले ने भी खूब प्रयास किए। इसी बीच कान्हा के मैदानी अमले में शामिल जोधा सिंह बैगा बारहसिंगा के बच्चों का रक्षक बनकर सामने आया और इन्हें असमय मरने से बचाया। इन्हें हिंसक वन्य प्राणी बाघ, तेंदुए और अजगर का निवाला नहीं बनने दिया। चार दशक की मेहनत का नतीजा यह रहा कि अब बारहसिंगा की संख्या 1050 पर पहुंच गई है।

### जोधा सिंह हुआ पुरस्कृत

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में जब बारहसिंगा लुप्त के कगार पर थे तभी उद्यान प्रबंधन ने इसको बचाने का प्रयास तेज कर दिया था।जिसमे जोधा सिंह बैगा भी शामिल था।जोधा के अथक प्रयासों से आज बारहसिंगा हजारों की संख्या पार कर गए है।बारहसिंगा को बचाने के लिए फेसिंग की गई जिसके नीचे बारीक जाली लगाई गई जिससे विशालकाय अजगर अंदर न जा सके,बारहसिंगा के लुप्त होने का सबसे बड़ा कारण मांसाहारी जानवर भी थे।जिनसे बचने के लिए ऊंची ऊंची फेंसिंग की गई।दिनरात एक कर जोधा बैगा ने बारहसिंगा के बच्चों का देखभाल और हिंसक जानवरो से बचाया जिसका नतीजा सबके सामने है और जोधा बैगा अपने अथक प्रयासों का इनाम पाकर बहुत खुश है।

## मस्तूरी विधायक डॉ बांधी कल करेंगे विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। विधायक प्रतिनिधि श्री बीपी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विधानसभा क्षेत्र मस्तुरी के विधायक व पूर्व मंत्री डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी कल 4 अगस्त को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 42 व 43 में विधायक विकास निधि से एवं अन्य मदों से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। प्रातः 11:00 बजे वार्ड नंबर 42 चन्द्रशेखर आजाद नगर संत रविदास मन्दिर चौक देवरी डीह में मंच निर्माण का भूमिपूजन

11.30 बजे वार्ड 43 के दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी कॉलोनी गदा चौक स्थित दुर्गा मंच शेड निर्माण का भूमि पूजन वहीं दोपहर 12 बजे वार्ड 43 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हाउसिंग बोर्ड कालोनी के फिसल पट्टी ग्राउंड में श्री रामलीला मंच का भूमिपूजन करेंगे उन्होंने समस्त कार्यक्रमों में समस्त भाजपा कार्यकर्ता आम लोगों से पहुंचने की अपील की है

## साधना पथ (भाग 216)



साधकों धन और सुख इन दोनों में बहुत अंतर है। प्रायः लोग इन दोनों का अंतर नहीं समझते। वे समझते हैं कि "जिस के पास धन अधिक है, वही सुखी है।"

साधकों ऐसा नहीं है। यदि ऐसा होता तो बड़े-बड़े अरबपति खरबपति धनवान सेठ, सब के सब सुखी होते। "वे लोग धनवान तो हैं, परंतु सुखी नहीं हैं। क्योंकि धन से भूमि भवन मोटर गाड़ी सोना चांदी आदि भौतिक वस्तुएं तो खरीदी जा सकती हैं, सुख नहीं।" सुख तो मन का विषय है, जो कि वेदों की सत्य विद्या और पुण्य कर्मों से मिलता है। "इसलिए उन सेठों के पास भौतिक वस्तुएं बहुत होते हुए भी, वे सुखी नहीं हैं।"




बड़े-बड़े सेठ बहुत धन वाले होते हुए भी, हर समय तनाव में रहते हैं। उनको बीसियों प्रकार की चिंताएं लगी रहती हैं। "राग द्वेष काम क्रोध लोभ अभिमान आदि अनेक समस्याओं से दिनभर घिरे रहते हैं। इन सब के कारण जो उनके मन में तनाव और दुख उत्पन्न होता है, वह धन से प्राप्त होने वाले सुख को भी दबा देता है।" परिणाम यह होता है, कि वे धन से प्राप्त होने वाले सुख को भी ठीक प्रकार से नहीं भोग पाते। "जिनके पास आवश्यकता पूर्ति जितना धन और खाने पीने को, रहने को आवश्यक साधन पूरे होते हैं। वही लोग अधिक से अधिक सुखी हैं।" और जिनके पास खाने पीने जीने के साधन भी पूरे नहीं हैं, वे भी दुखी हैं।

"प्राचीन काल के ऋषि-मुनियों का जीवन आप देखिए। बहुत थोड़े साधनों में बहुत थोड़े धन संपत्ति में वे बड़े प्रसन्न सुखी और आनंदित रहते थे।" क्या कारण था? "उनके पास वेदों की विद्या थी, साधना थी, तपस्या थी, उत्तम आचरण था। इन कारणों से वे सुखी थे।" "आज भी यदि कोई सुखी होना चाहे, तो इन्हीं साधनों से सुखी हो पाएगा। इसलिए इन्हीं साधनों को अपनाएं। धन के पीछे अधिक न भागें। जीवन रक्षा के लिए जितना आवश्यक हो, उतना धन अवश्य कमाएं। ईमानदारी और बुद्धिमत्ता और परिश्रम से धन कमाएं।"

"आजकल लोग झूठ छल कपट धोखा बेईमानी इत्यादि से धन तो कमा लेते हैं। परंतु उनको सुख नहीं मिलता। वे सदा दुखी ही रहते हैं।" "सच्चे व्यक्ति को लोग धोखा बहुत देते हैं, उसे लूट लेते हैं, उसे अनेक प्रकार से अपमानित करते हैं। इन कारणों से वह सच्चा व्यक्ति भले ही कम धन संपत्ति वाला हो, फिर भी वह ईश्वर आज्ञा पालन करते हुए सदा सुखी रहता है।"

"अतः ईश्वर की भक्ति करें। वेदों का ज्ञान परोपकार सेवा दान दया आदि गुणों को धारण करके ईमानदारी बुद्धिमत्ता और परिश्रम से जीवन को जिएं। आपको जीवन में सदा आनंद रहेगा।

# दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि यह एक नई शुरूआत है : राज्यपाल

## बीएनएमयू का चतुर्थ दीक्षांत समारोह संपन्न। राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान थे मुख्य अतिथि सह अध्यक्ष

मधेपुरा/डॉ.रूद्र किंकर वर्मा ।

दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं है, बल्कि यह एक नई शुरूआत है। इस समारोह में उपाधि प्राप्त करके विद्यार्थियों के जीवन का एक सोपान पूर्ण हुआ है। जहाँ से विद्यार्थियों को क्रमशः आगे बढ़ते जाना है।

यह बात बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान ने कह। वे बुधवार को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा मुख्य अतिथि सह अध्यक्ष के रूप में बोल रहे थे।

**ज्ञान को और अधिक विस्तृत करेंगे और दूसरों के साथ बाँटें**

कुलाधिपति ने स्वर्ण पदक, उपाधि एवं प्रमाण पत्र पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उम्मीद की कि सभी विद्यार्थी अपने अर्जित ज्ञान को और अधिक विस्तृत करेंगे और दूसरों के साथ बाँटेंगे। आप अपने क्षेत्र में सर्वोच्च मुकाम हासिल करेंगे और समाज एवं राष्ट्र के विकास तथा मानवता के कल्याण में अपना सर्वोत्तम योगदान देंगे। छात्र-छात्राएं विद्वता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को धारण करेंगे और उनमें उच्चादर्शों पर चलने की भरपूर इच्छा शक्ति एवं क्षमता विकसित होगी।

**दीक्षांत समारोह की परंपरा सदियों पुरानी**

कुलाधिपति ने बताया कि भारत में दीक्षांत समारोह की परंपरा सदियों पुरानी है। प्राचीन ग्रंथ उपनिषद् में भी इसका उल्लेख मिलता है। इस अवसर पर गुरू अपने शिष्यों को सत्य बोलने, कर्तव्य का पालन करने और स्वाध्याय में आलस्य नहीं करने की दीक्षा देते थे। यह दीक्षा आज भी प्रासंगिक है और हम सब को इसे मन वचन एवं कर्म से अपनाने की जरूरत है।

**बिहार का बहुमूल्य योगदान**

उन्होंने बताया कि भारत की प्राचीन गौरवशाली शिक्षा-व्यवस्था में बिहार का बहुमूल्य योगदान रहा है। यहाँ के नालन्दा एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय की पूरी दुनिया में ख्याति रही है। हमें अपने इस गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य की नई राह बनानी है।

समाजवादी विचारकों में अग्रगण्य हैं भूपेंद्र नारायण मंडल इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के ऊर्जा और योजना एवं विकास विभाग के मंत्री

बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि भूपेंद्र नारायण मंडल का नाम देश के समाजवादी विचारकों में अग्रगण्य है। उन्होंने अपने ज्ञान एवं आचार से एक नई मिशाल कायम की है।

**ज्ञान एवं कर्म के बीच समन्वय जरूरी**

उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा-व्यवस्था में ज्ञान एवं कर्म के बीच समन्वय पर जोर दिया गया है। आचरण के बिना कोरा ज्ञान भार स्वरूप है। अतः ज्ञान को समाज के हित में लगाने की जरूरत है।

**शिक्षा पर निर्भर करता है राष्ट्र का भविष्य**

शिक्षा और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि

शिक्षा वह स्तभ है जिस पर समाज एवं राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है। यह लोगों को राष्ट्र के जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनाने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान, मूल्य और दृष्टिकोण हासिल करने में सक्षम बनाती है। यह वह प्रकाश है, जिसके माध्यम से हम सभी अपने सपनों एवं कल्पनाओं को साकार कर सकते हैं।

**शिक्षा के विकास हेतु चलाई जा रही हैं कई योजनाएं**

उन्होंने बताया कि शिक्षा के समग्र विकास हेतु सर्व शिक्षा अभियान, मुख्यमंत्री बालक एवं बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना आदि का



सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। साथ ही सभी वर्ग की छात्राओं और एससी एवं एसटी वर्ग के छात्रों के लिए स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा का प्रावधवान किया गया है। मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना के तहत स्नातक उत्तीर्ण करने वाली सभी छात्राओं को पचास हजार रू. प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है और बिहार स्टूडेंट कार्ड योजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो रहा है।

**प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में हुआ है काफी सुधार**

उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के सतत प्रयास और सभी बिहारवासियों की सक्रिय भागीदारी से बिहार में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में काफी सुधार हुआ है। बिहार की उच्च शिक्षा में नामांकन अनुपात एक वर्ष में 14.5 प्रतिशत से बढ़कर 19.3 प्रतिशत हो गया है जिसे बढ़ाकर राष्ट्रीय औसत के बराबर अर्थात 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य है।

**सभी प्रखंडों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की व्यवस्था**

उन्होंने बताया कि बिहार सरकार द्वारा सभी प्रखंडों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई की व्यवस्था कर दी गई है और विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। इससे इंटर पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ने या दूसरे राज्यों में पलायन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में कमी आई है। हम अपनी प्रतिभाओं को अपने प्रदेश में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

**विश्वविद्यालयों के समग्र विकास हेतु हो रहे हैं ठोस प्रयास**

उन्होंने बताया कि बिहार के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के समग्र विकास हेतु ठोस प्रयास किए जा रहे हैं और नैक मूल्यांकन के कार्यों को गति देने हेतु ठोस कदम उठाए गए हैं। सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा गया है कि इसमें कोई दिक्कत हो, तो बिहार उच्चतर शिक्षा परिषद् से सहयोग लें। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले दिनों में बिहार की शिक्षा-व्यवस्था एक आदर्श मुकाम हासिल करेगी।

**हो रहा है महिला- सशक्तिकरण**

उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं की शिक्षा के विकास और उनके समग्र सशक्तिकरण हेतु काफी योजनाएं चलाई जा रही हैं। आज स्वर्ण पदक पाने वालों के छात्रों से अधिक छात्राएँ हैं, जो बिहार सरकार और विशेषकर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिला-सशक्तिकरण के सपनों का साकार प्रतिरूप प्रस्तुत करता है।

**विश्वविद्यालय है सांझी धरोहर**

कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय हमारे पुरखों की एक साझी धरोहर है। इस धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी हम सबों की है। आप सभी हमें विश्वविद्यालय के समग्र शैक्षणिक उन्नयन में सकारात्मक सहयोग दें और साथ चलने का संकल्प लें। सभी अपनी-अपनी क्षमताओं का सकारात्मक उपयोग करें और विश्वविद्यालय को अपनी सर्वोत्तम सेवा दें।

**नामांकन अनुपात में हुई है वृद्धि**

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय अंतर्गत सकल नामांकन अनुपात में आशातीत वृद्धि हुई है। इस वर्ष स्नातकोत्तर में नामांकन हेतु कुल 1404 सीटों की अतिरिक्त वृद्धि हुई है। स्नातक स्तर पर नामांकन के लिए और अधिक सीट वृद्धि का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित है। विश्वविद्यालय में रोजगारपरक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

कई न ए कोर्स शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

**दिसंबर तक सत्र होगा नियमित**

कुलपति ने बताया कि विगत एक वर्ष में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कुल 39 परीक्षाएँ आयोजित की गई हैं और 37 परीक्षाओं का परीक्षाफल भी घोषित कर दिया गया है। स्नातक का सत्र नियमित हो चुका है और स्नातकोत्तर के सत्र को दिसंबर 2022 तक नियमित करने की योजना है। साथ ही सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन प्रमाण.पत्र वितरित करने की व्यवस्था की गई है।

**शोध पर दिया जा रहा ध्यान**

कुलपति ने बताया कि शिक्षकों को शोध कार्यों पर ध्यान देने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सभी शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शोध आलेखों का प्रकाशन कराने और विद्यार्थियों के लिए अपने विषय की पाठ्य सामग्रियाँ तैयार करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। शोध की गुणवक्ता को बरकरार रखने हेतु प्लेगरिजम डिक्टेशन सेंटर की स्थापना की गई है। मेधावी शोधार्थियों को शोध में आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शोध विकास कोष के गठन का निर्णय लिया गया है।

**लगातार हो रहा है शैक्षणिक आयोजन**

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में लगातार शैक्षणिक आयोजन हो रहा है। कई ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सेमिनारों, सम्मेलनों एवं कार्यशालाएं हुई हैं। आजादी के अमृत महोत्सव को दृष्टिपथ में रखते हुए भूपेंद्र नारायण मंडल : जीवन एवं दर्शन विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करने जा रहे हैं।

नैक मूल्यांकन पर ध्यान

कुलपति ने बताया कि हम विश्वविद्यालय का नैक से मूल्यांकन कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। सभी महाविद्यालयों को नैक से मूल्यांकन की मुकम्मल तैयारी करने का निर्देश दिया है और इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से हरसंभव सहयोग किया जा रहा है।

**शोभायात्रा में शामिल हुए राज्यपाल**

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलाधिपति का हेलीकाप्टर एसएकेएनडी कालेज के हैलीपैड पर उतरा। वहां जिला प्रशासन के द्वारा उन्हें गाडी आफ आनर दिया गया। विश्वविद्यालय पधारने पर कुलपति आवास पर 17 एनसीसी बिहार बटालियन के कैडेट्स ने कैप्टन गौतम कुमार के नेतृत्व में गार्ड आफ आनर दिया। कुलपति आवास से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के साथ राज्यपाल सह कुलाधिपति एवं अन्य अतिथिगण सभा में प्रवेश किया। तदुपरांत राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रगान के बाद सभी अतिथि महामना भूपेंद्र नारायण मंडल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करेंगे। तदुपरांत कुलगीत की प्रस्तुति हुई।

**दी गई दीक्षा**

उन्होंने बताया कि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण राज्यपाल सह कुलाधिपति सहित सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम्, पुष्पगुच्छ एवं सिंहेश्वर मंदिर का स्मृतिचिह्न भेंटकर स्वागत किया।अभ्यर्थियों को कुलपति द्वारा दीक्षा दी गई।

कार्यक्रम के अंतिम में प्रति कुलपति डॉ. आभा सिंह धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने की। परीक्षा नियंत्रक प्रो. आर. पी. राजेश ने प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का नाम घोषित किया।

इस अवसर पर डॉ. आर. एन. मिश्रा, डॉ. अवध किशोर राय, डॉ. ज्ञानंजय द्विवेदी, डॉ. आर. एन. यादव, डॉ. एन. के. यादव, डॉ. अजय सिंह, डॉ. चंद्रहास चौपाल, परमेश्वरी प्रसाद निराला, डॉ. घनश्याम राय, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. उषा सिन्हा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. इम्तियाज आलम, डॉ. अशोक कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. पवन कुमार, डॉ. बीएन विवेका, डॉ. इम्तियाज अंजुम, डॉ. एम. आई. रहमान, डॉ. रीता सिंह, डॉ. अबुल फजल, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. शंकर कुमार मिश्र, शंभु नारायण यादव, पृथ्वीराज यदुवंशी आदि ने सहयोग किया।

**समारोह में कुल 574 विद्यार्थियों ने भाग लिया है**

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने परीक्षा नियंत्रक प्रो. आर. पी. राजेश के हवाले से बताया कि

चतुर्थ दीक्षांत समारोह में कुल 574 विद्यार्थियों ने भाग लिया है, जिनमें 289 छात्राएं एवं 282 छात्र हैं। इस अवसर पर 47 विद्यार्थियों को स्वर्णपदक प्रदान किया जाएगा, जिनमें 26 छात्राएं हैं, जबकि छात्रों की संख्या मात्र 21 है। कुल 97 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि मिलेगी, इनमें 44 छात्राएं और 53 छात्र हैं।

## तुलसीदास जयंती

तुलसीदास जयंती विक्रम संवत् के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को मनाई जाती है। अधिकतर विद्वान् महाकवि गोस्वामी तुलसीदास का जन्म इसी दिन मानते हैं। सम्पूर्ण भारतवर्ष में महान् ग्रंथ रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के स्मरण में तुलसी जयंती मनाई जाती है। श्रावण मास की अमावस्या के सातवें दिन तुलसीदास की जयंती मनाई जाती है। वर्ष 2017 में यह तिथि 30 जुलाई है। गोस्वामी तुलसीदास ने कुल 12 पुस्तकों की रचना की है, लेकिन सबसे अधिक ख्याति उनके द्वारा रचित रामचरितमानस को मिली। दरअसल, इस महान् ग्रंथ की रचना तुलसी ने अवधी भाषा में की है और यह भाषा उत्तर भारत के जन-साधारण की भाषा है। इसीलिए तुलसीदास को जन-जन का कवि माना जाता है।

**तुलसीदास**

**मुख्य लेख : तुलसीदास**

तुलसीदास जी का जन्म संवत 1589 को उत्तर प्रदेश (वर्तमान बाँदा ज़िला) के राजापुर नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम आत्माराम दुबे तथा माता का नाम हुलसी था। इनका विवाह दीनबंधु



पाठक की पुत्री रत्नावली से हुआ था। अपनी पत्नी रत्नावली से अत्याधिक प्रेम के कारण तुलसी को रत्नावली की फटकार "लाज न आई आपको दौरे आएहु नाथ" सुननी पड़ी, जिससे इनका जीवन ही परिवर्तित हो गया। पत्नी के उपदेश से तुलसी के मन में वैराग्य उत्पन्न हो गया। इनके गुरु बाबा नरहरिदास थे, जिन्होंने इन्हें दीक्षा दी।

**योगदान**

कलियुग के प्रारम्भ होने के पश्चात् सनातन हिन्दू धर्म यदि किन्हीं महापुरुषों का सबसे अधिक ऋणी है तो वह हैं- आदि गुरु शंकराचार्य और गोस्वामी तुलसीदास। शंकराचार्य जी ने 2500 वर्ष पूर्व बौद्ध मत के कारण लुप्त होती वैदिक परम्पराओं को पुनर्स्थापित करके दिग्दिगंत में सनातन हिन्दू धर्म की विजय वैजयंती फहराई। विदेशी आक्रमणकारियों के कारण मंदिर तोड़े जा रहे थे, गुरुकुल नष्ट किये जा रहे थे, शास्त्र और शास्त्रग्य दोनों विनाश को प्राप्त हो रहे थे, ऐसे भयानक काल में तुलसीदास जी प्रचंड सूर्य की भाँति उदित हुए। उन्होंने जन भाषा में 'श्री रामचरितमानस' की रचना करके उसमें समस्त आगम, निगम, पुराण, उपनिषद आदि ग्रंथों का सार भर दिया और वैदिक हिन्दू सिद्धांतों को सदा के लिए अमर बना दिया था।

अंग्रेजों ने हजारों भारतीयों को गुलाम बना कर मॉरीशस और सूरीनाम आदि के निर्जन द्वीपों पर पटक दिया था। उन अनपढ़ ग्रामीणों के पास धर्म के नाम पर मात्र 'श्रीरामचरितमानस' की एक आध प्रति थी। केवल उसी के बल पर आज तक वहां हिन्दू धर्म पूरे तेज के साथ स्थापित है। अनेकों ग्रंथों के रचियेता भगवान् श्री राम के परम भक्त गोस्वामी तुलसीदास जी भले ही तलवार लेकर लड़ने वाले योद्धा ना हों लेकिन उन्होंने अपनी भक्ति और लेखनी के बल पर इस्लामी आतंक को परास्त करके हिन्दू धर्म की ध्वजा फहराए रखने में अपूर्व योगदान दिया था।[1]

## इब्राहिम अल्काजी

**इब्राहिम अल्काजी** जन्म- 18 अक्टूबर, 1925, पुणे, महाराष्ट्र; मृत्यु- 4 अगस्त, 2020) भारतीय रंगमंच के प्रसिद्ध निदेशक और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के पूर्व निदेशक थे। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के साथ कई नाटकों का निर्देशन किया। इब्राहिम अल्काजी ने अपने जीवन काल में कलाकारों की कई पीढ़ियों को अभिनय की बारीकियां सिखाईं। इन कलाकारों में नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी जैसे कई बड़े और दिग्गज कलाकारों के नाम शामिल हैं। इब्राहिम अल्काजी द्वारा निर्देशित कुछ प्रमुख नाटकों में 'तुगलक' (गिरीश कर्नाड), 'आषाढ़ का एक दिन' (मोहन राकेश), धर्मवीर भारती का 'अंधा युग' के अलावा कई ग्रीक ट्रेजडी और शेक्सपियर की कृतियां शामिल हैं। इब्राहिम अल्काजी पद्म विभूषण (2010), पद्मभूषण (1991) और पद्मश्री (1966) से सम्मानित थे।

**परिचय**

इब्राहिम अल्काजी का जन्म 18 अक्टूबर, 1925 को पुणे में हुआ था। उनके माता-पिता सऊदी अरब से थे, लेकिन पिता मुम्बई आ गये और पुणे में बस गये। इब्राहिम अल्काजी नौ भाई-बहन थे। जब वह पुणे के सेंट विसेंट हाईस्कूल में पढ़ रहे थे तभी उनमें रंगमंच के प्रति रुचि पैदा हुई। वह मुम्बई के सेंट जेवियर कॉलेज में सुल्तान ह्यबॉबीह्व पदमसी की अंग्रेजी थियेटर कंपनी से जुड़ गये। अपने बेटे में रंगमंच के प्रति रूचि देख उनके पिता ने उन्हें लंदन जाने की सलाह दी। उन्होंने 1947 में रॉयल एकेडेमी ऑफ ड्रमेटिक आर्ट में प्रशिक्षण लिया और नाम एवं कीर्ति पायी। वह भारत लौटने के बाद थियेटर ग्रुप से फिर जुड़ गये। हालांकि इब्राहिम अल्काजी की प्रारंभिक रुझान चित्रकारी में थी। बाद में वह रंगमंच को यथासंभव ऊंचाइयों तक ले गये।

इब्राहिम अल्काजी अपने जीवन में ही जीवंत किंवदंती बन गए थे। पर उन्होंने खुद को काम तक सीमित रखा। निरंतर सक्रियता और सकारात्मक ऊर्जा उनकी कार्यशैली का हिस्सा थी। सन 1977 में नाट्य विद्यालय छोड़ने के बाद लम्बे समय तक वापस मुड़कर नहीं देखा। इस दौरान पेंटिंग और कला संरक्षण के काम में ऐतिहासिक काम पर जुट गए। सफदर हाशमी का नुक्कड़ नाटक करते हुए हत्या के बाद हुई विरोध सभाओं में इब्राहिम अल्काजी ने सक्रिय भाग लिया। उसके बाद में एनएसडी रंगमंडल के साथ तीन नाटक करने के लिए वह थियेटर की दुनिया में वापस आए।

**सख्त अनुशासक**

उन्हें एक सख्त अनुशासक के रूप में जाना जाता था, जिन्होंने एनएसडी (1962-1977) के निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान थिएटर प्रशिक्षण के लिए एक ब्लू प्रिंट प्रदान किया था। इसके अलावा वह एक विलक्षण कला पारखी और गैलरी के मालिक भी थे। उन्होंने नई दिल्ली में आर्ट हेरिटेज गैलरी की स्थापना की थी।

## यम गीता (गीता भाग 133)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

मैत्रेय जी पाराशर जी से आगे प्रश्न करते हुए कहते हैं कि हे गुरुदेव जीव मृत्यु के बाद यमराज के अधीन हो जाता है और उन्हीं के आदेशानुसार कर्मों के अनुरूप स्वर्ग व नरक का भोग भोगता है फिर वह देश योनि में जाता है?

यातनाभ्यः परिभ्रष्टा ,
देवाद्यास्वथ योनिषु
जंतवः परिवर्तंते,
शास्त्राणामेष निर्णयः

पाप कर्मों के कारण नरक में अनेक यातनाओं को भोगकर जीव देव आदि योनियों में भ्रमण करता रहता है ऐसा शास्त्रों का। मत है

सोऽहमिच्छामि तच्छ्रोतुम्
यमस्य वश वर्तिनः
न भवन्ति नरा येन
तत्कर्म कथयस्व में

हे गुरुदेव ! कृपा करके आप मुझे वह कर्म बताइए जिसको करने से मनुष्य यमराज के वंशी भूत नहीं होता अर्थात यम की यातना का पात्र नहीं होता आप के मुख से यम ताड़ना से बचने का उपाय सुनना चाहता हूं

श्री पराशर उवाच
भगवान् पराशर बोले



श्री पराशर जी मैत्रेय से बोले :--

अयमेव मुने प्रश्नों,
नकुलेन महात्मनो
पृष्ठः पितामहः प्राह,
भीष्मोंयत्तच्छृणुष्व में

हे मुने ! ठीक ऐसा ही प्रश्न नकुल ने भीष्म पितामह से किया था इस कथन का उत्तर जो नकुल को भीष्म ने दिया वह मैं तुमसे कहता हूं ध्यान से सुनो

भीष्म उवाच
( भीष्म ने कहा )

पुरा ममागतो वत्स
सखा कालिंगको द्विजः
स मामुवाच पृष्टों वै,
मया जातिस्मरो मुनिः

भीष्म ने कहा --हे वत्स! पूर्वकाल में मेरे पास कलिंग का निवासी ब्राह्मण मित्र मेरे पास आया और बोला --कि कुछ बातें हैं जो निश्चित समय पर घटित होगी

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# संक्षिप्त न्यूज

## डीटीसी की क्लस्टर बस ने कुचला,एक शख़्स की मौत, लगा जाम

(हरेश उपाध्याय)दिल्लीः- दिल्ली के द्वारका मोड़ पर डीटीसी की क्लस्टर बस ने दो शख्स को कुचल दिया। जिनमें से एक की मौत हो गई है। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा सुबह 10 बजे के आसपास हुआ है।हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर मोहन गार्डन थाना की पुलिस, ट्रैफिक पुलिस की टीम भी पहुंच गई है। इस हादसे के कारण मौके पर ट्रैफिक जाम भी हो गया। लोगों की भीड़ भी इकट्ठा हो गई । डेड बॉडी को वहां से हटाने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा शुरू की गई। हमारी संवाददाता दिव्या शर्मा ने बताया कि जिस क्लस्टर बस से यह हादसा हुआ, वह रूट नंबर 764 पर नेहरू प्लेस टर्मिनल से चलती है। जिस शख्स की मौत हुई है,वह स्कूटी पर सवार था और उसी दौरान उसकी स्कूटी बस की चपेट में आ गई। लेकिन टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी मौके पर ही जान चली गई।डीसीपी द्वारका एम. हर्षवर्धन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्लस्टर बस से स्कूटी की टक्कर हुई थी। जिसमें एक शख्स की मौत हुई है। जिसकी उम्र 33 साल के आसपास है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।इस एक्सीडेंट के बाद ट्रैफिक पुलिस जाम खुलवाने में जुट गई है। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों का आरोप था कि क्लस्टर बस के ड्राइवर की लापरवाही से शख़्स की जान गई है। यह लोग बिना लेन की बस को चलाते हैं और आगे बढ़ने की होड़ में स्पीड पर कंट्रोल नहीं रखते है।



## विश्व हिन्दू परिषद का प्रधान गुण सेवा है- पं विष्णु शर्मा

देव मणि शुक्ले ब्यूरो प्रभारी

**हिन्दवः सोदराः सर्वे, ना हिंदु पतितो भवेत.**
**मम दीक्षा हिंदु रक्षा, मम मंत्रः समानता।**

नोएडा विश्व हिन्दू परिषद के बारे मे बताते हुए श्रद्धानंद प्रखंड विश्व हिंदू परिषदे के अध्यक्ष पं विष्णु शर्मा नॉएडा महानगर ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद भारत तथा विदेश में रह रहे हिंदुओं की एक सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था है। सेवा इसका प्रधान गुण है। इसकी स्थापना हिन्दुओं के धमार्चार्यों और संतों के आशीर्वाद तथा विश्व विख्यात दार्शनिकों और विचारकों के परामर्श से हुई।



एक हजार वर्ष के निरन्तर संघर्ष से प्राप्त स्वातंत्र के पश्चात यह इच्छा स्वाभाविक थी, कि भारत अपनी वैश्विक भूमिका निर्धारित करे। हिन्दू धमार्चार्य यह अनुभव कर रहे थे कि हिन्दू राष्ट्र के रूप में भारत विश्व के समस्त हिन्दुओं के आस्था केन्द्र के रूप में स्थापित हो और विश्व कल्याण के अपने प्रकृति प्रदत्त दायित्व का निर्वाह करे।

इस उदात्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी, चिन्मय मिशन के संस्थापक की अध्यक्षता में उन्हीं के मुम्बई स्थित आश्रम सांदीपनी साधनालय में आयोजित बैठक में मास्टर तारा सिंह, ज्ञानी भूपेन्द्र सिंह अध्यक्ष शिरोमणि अकाली दल, डॉ. के.एम.मुंशी, श्री गुरुजी तत्कालीन सरसंघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, स्वामी शंकरानंद सरस्वती, राष्ट्र सन्त तुकड़ो जी महाराज, वी.जी.देशपांडे, तत्कालीन महामंत्री हिन्दू महासभा बैरिस्टर एच.जी.आडवाणी, पद्मश्री के.का.शास्त्री, श्रीपाद् शास्त्री किंजवड़ेकर, डॉ. वी.ए.वणीकर, प्रिंसीपल महाजन, के.जे.सोमय्या, राजपाल पुरी, श्री सूद एवं श्री पोद्दार नैरोबी, श्रीराम कृपलानी त्रिनिदाद, धर्मश्री मूलराज खटाऊ, डॉ. नरसिंहाचारी आदि चालीस से भी अधिक सन्तों एवं विचारकों ने चिन्तन किया, इस अवसर पर मास्टर तारा सिंह ने स्पष्ट कहा - हिन्दू और सिख दो अलग जातियां नहीं हैं, सिखों का उत्थान तभी संभव है, जब तक हिन्दू धर्म जीवित है।

विश्व हिन्दू परिषद की घोषणा भी इन्हीं श्रेष्ठजनों ने 29 अगस्त सन 1964 विक्रमी संवत 2021 भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर की। इस अवसर पर डॉ. के.एम.मुंशी ने परिषद के उद्देश्यों को निम्नलिखित प्रकार से रखा -

1. हिंदू समाज को सुसंगठित एवं सुदृढ़ बनाने की ओर अग्रसर रहना।
2. आधुनिक युग के अनुकूल समस्त विश्व में हिंदू धर्म के नैतिक एवं आध्यात्मिक सिद्धांतों तथा आचार विचार का प्रचार करना।
3. विदेश स्थित समस्त हिंदुओं से सुदृढ़ संपर्क स्थापित करना तथा उनकी सहायता करना।

संस्था का पंजीकरण एक्ट 1860 के अंतर्गत दिल्ली में 8 जुलाई सन 1966 को हुआ, पंजीकरण संख्या एस. 3106 और पंजीकृत संविधान में उद्देश्य लिखे गए -

1. भारत तथा विदेशस्थ हिंदुओं में भाषा, क्षेत्र, मत, सम्प्रदाय और वर्ग सम्बन्धी भेदभाव मिटाकर एकात्मता का अनुभव कराना।
2. हिन्दुओं को सुदृढ़ और अखंड समाज के रूप में खड़ा कर उनमें धर्म और संस्कृति के प्रति भक्ति, गौरव और निष्ठा की भावना उत्पन्न करना।
3. हिंदुओं के नैतिक एवं आध्यात्मिक जीवन मूल्यों को सुरक्षा प्रदान कर उनका विकास और विस्तार करना।
4. हिंदू समाज के बहिष्कृत और धर्मान्तरित, पर हिंदू जीवन पद्धति के प्रति लगाव रखने वाले भाई बहिनों को हिंदू धर्म में वापस लाकर उनका पुनर्वास करना।
5. विश्व के भिन्न-भिन्न देशों में बसे हिंदुओं को धार्मिक एवं सांस्कृतिक आधार पर परस्पर स्नेह के सूत्र में बांधकर उनकी सहायता करना और उन्हें मार्गदर्शन देना।
6. संपूर्ण विश्व में मानवता के कल्याण हेतु हिन्दू धर्म के सिद्धांतों और व्यवहार की व्याख्या करना।

हिन्दू समाज हजार वर्ष के परतंत्रता काल में अपना स्वत्व, स्वाभिमान, गौरव और महत्व भूल गया, उसने उन सब महान विशेषताओं को अन्धकार में विलीन कर दिया जिनके बल पर वह विश्वगुरु था. विश्व हिंदू परिषद के संविधान में हिन्दू की परिभाषा लिखी गई - जो व्यक्ति भारत में विकसित हुए जीवन मूल्यों में आस्था रखता है, वह हिंदू है। इससे भी आगे बढ़कर कहा गया कि जो व्यक्ति अपने आप को हिंदू कहता है, वह हिंदू है। इस परिभाषा के अंतर्गत वे सब सम्मिलित हो जाते हैं। जो अन्य देशों के नागरिक हैं पर स्वयं को हिंदू कहते हैं।

हिंदू समाज को गतिशील, सक्रिय और सुधरे रूप में प्रतिष्ठापित करने हेतु घोष वाक्य दिया गया -

## लेखक उजाला सिंह को श्रद्धांजलि दी गई

(हरेश उपाध्याय)दिल्ली :-आज कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया,रफी मार्ग पर लेखक उजाला सिंह का श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश साहिब सिंह ,उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी,पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर,पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल ,सतीश उपाध्याय,अनुज अट्टरे ,जगदीश यादव व कई नेता शामिल हुए ।इस मौके पर सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि उजाला सिंह जी बहुत ही नेक इंसान थें। उन्होंने 11 किताबें लिखी है, मोदी जी,रामायण पर , गुरु गोबिंद सिंह जी पर व अन्य कई महापुरुषों पर किताबें लिखी हैं।मैं उनको नमन करता हूँ, वो हमेशा हमारे दिल में सदा रहेंगे। हमारे वरिष्ठ संवाददाता नीरज अवस्थी ने जानकारी दी कि मनोज तिवारी ने बताया कि उजाला सिंह जी समाजसेवा भी करते थें ,जो बच्चों को बिना पैसे लिए मुफ़्त में पढ़ाते थें। वह एक सच्चे इंसान थें।इस मौके पर पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल ने सबका धन्यवाद किया। इस मौके पर उनके पुत्र प्रवीण चौधरी ,अनिल चौधरी , सुभाष मलिक (बॉबी ), पौत्र शुभम मलिक व पूरा परिवार शामिल हुआ।



## शिव पार्वती से सौभाग्य प्राप्त करने का पर्व है हरियाली तीज

***-60 वर्ष की उम्र में बनी तीज क्वीन को खिली चेहरे पर मुस्कान***
***-अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अतिथि वन में आयोजित किया गया हरियाली तीज उत्सव***

आगरा। एक ओर शिव-पार्वती की आराधना और उनके भजन गाकर सखियां सौभाग्य का आशीर्वाद प्राप्त कर रही थीं तो वहीं 60 वर्ष की उम्र में तीज क्वीन बनी मीना की खुशी का ठिकाना न था। भक्तिभाव के साथ राधा-कृष्ण के पवित्र प्रेम को समर्पित और शिव पार्वती की आराधना के साथ अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की सखियों ने तीज उत्सव का आयोजन उत्साह व उमंग के साथ अतिथि में किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राधा-कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि व अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश प्रभारी सुमन गोयल ने किया। सभी सखियों को हरियाली तीज का महत्व बताते हुए तीज की बधाई दी। अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने सभी सदस्याओं का स्वागत राधा-कृष्ण के नाम का पटका पहनाकर किया। दादी-नानी बन चुकी 60 वर्षीय मीना ने तीज क्वीन बनने पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि आज मेरे लिए सबसे ज्यादा खुशी का दिन है। मैं पहली बार तीज क्वीन बनीं हूं। सभी सखियां हरे परिधान और हरे रंग के आभूषणों से सज संवरकर पहुंची। सावन के गीतों पर मौत मस्ती के साथ मनोरंजक गेम भी खेले।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजनी अग्रवाल, मालती अग्रवाल, नीतू शिखा, नेहा, प्रीति, अनुराधा, मीना, बेबी, ममता, रेखा, अंजली, रीना, सीमा, पूजा, राजकुमारी, लवी आदि उपस्थित थीं।



*पुरानी पेंशन और वित विहीन शिक्षकों को मिले पूर्ण कालिक का दर्जा प्रमुख मांग*

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

आगरा (वी एन मिश्र)उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट द्वारा पुरानी पेन्शन को बहाल किए जाने, वंचित तदर्थ शिक्षकों का विनियमितकरण किए जाने, वित्त विहीन शिक्षकों को पूर्णकालिक शिक्षक का दर्जा तथा समान कार्य के लिए समान वेतन, एवं सेवा शर्ते लागू किए जाने, माध्यमिक विद्यालय के शिक्षको को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, जनवरी, 2022 से देय मँहगाई भत्ता का भुगतान आदि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आज जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा कार्यालय पर आयोजित धरना के समापन अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा मनोज कुमार को प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा.सत्य प्रकाश शर्मा एवं जिलाध्यक्ष डा. भोज कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से सौपा गया। इसी के साथ जनपद स्तरीय समस्याओं का ज्ञापन भी जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा गया । धरने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष डॉ भोज कुमार शर्मा व जिलामंत्री डॉ अरुण कुमार गौतम ने किया।

शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा सत्य प्रकाश शर्मा कहा कि राष्ट्र निर्माण का दायित्व निर्वहन करने वाला शिक्षक समुदाय जो विकट से विकट परिस्थितियों में भी निर्धारित सीमा में आगे बढकर दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। ऐसी स्थिति में सहायता प्राप्त माध्यमिक शिक्षको की मांगो एवं समस्याओं पर सरकार की दृष्टि न जाना शिक्षक समुदाय को आक्रोशित कर रही है। परिणाम स्वरूप जिला संगठन संघर्ष के लिए बाध्य है। जिलाध्यक्ष डॉ. भोज कुमार शर्मा ने बताया कि शिक्षाधिकारीयों को सौपे गए जनपद स्तरीय ज्ञापन में समयबद्ध प्रकरणों के निस्तारण के लिए सिटीजन चार्टर लागू किए जाने, एन०पी०एस० शिक्षकों के लेजर पूर्ण कराने तथा राज्य अंश एवं देय ब्याज की धनराशि जमा कराकर एन०एस०डी०एल खाता को अपडेट कराने, शिक्षकों के अवशेषों के प्रकरणों का विशेष कैम्प के माध्यम से निस्तारण कराये जाने आदि की मागें प्रमुख है।

धरने को प्रमुख रूप से डॉ सत्य प्रकाश शर्मा,डॉ भोज कुमार शर्मा, अरुण कुमार गौतम ,सुधीर कुलश्रेष्ठ,हरीश चौरसिया, हरेश कौशल, योगेश कुमार गुप्ता, डॉ भीष्म पाल सिंह ,चूरामणि सिंह , संजीव शर्मा, दिग्विजय सिंह,एस सैमसन, सुनीता कदम, राममूर्ति सिंह, डॉ भोजराज शर्मा, रामवीर सिंह,धीरज धाकड़,डी पी सिंह,कौशलेश पांडे ने सम्बोधित किया।



## जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार के फजीर्वाड़ा करने वाला गिरोह का भंडाफोड़, महिला सहित तीन गिरफ्तारे

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा थाना जेवर पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी तरीके से बैनामा तैयार करने वाले गिरोह का भांडा फोड करते हुए एके महिलाआरोपी सहित 03आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड व पीड़िता के खेत की छायाप्रति खतौनी बरामद हुआ है।

नोएडा पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट – आज दिनांक 03/08/2022 को थाना जेवर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 290/2022 धारा 419/420/120बी भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 1.प्रहलाद पुत्र तोता राम निवासी ग्राम नीमका, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर 2.अतर सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी ग्राम सिकोही, थाना अहार, जिला बुलन्दशहर व महिला अभियुक्ता 3.पिंकी पत्नी राजबहादुर निवासी छपरौला, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के खुर्जा अण्डरपास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड व वादिया वीरवती के खेत की छायाप्रति खतौनी बरामद की गई है।



घटना का विवरणः

अभियुक्त अतर सिंह पूर्व में हत्या के अभियोग में जिला कारागार, गाजियाबाद में निरूद्ध था। तभी उसकी मुलाकात अभियुक्त अमित उर्फ शोभा उर्फ जे.पी पुत्र फतेहराम निवासी नीमका, थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर से हुई थी। दोनो में दोस्ती हो गयी व जेल से बाहर आकर ये धोखाधडी जैसे कृत्यो में संलिप्त हो गये। अभियुक्त अतर सिंह के माध्यम से अमित उर्फ शोभा की मुलाकात पिंकी से हुई एवं प्रहलाद सिंह जो प्रोपर्टी डीलिंग का कार्य करता था उन चारों लोगों ने आपस से षडयन्त्र कर वीरवती पत्नी जगत सिंह निवासी गेझा, थाना फेस-2, नोएडा जिनकी 14 बीघा जमीन जो ग्राम बंकापुर में थी उनका फर्जी आधार कार्ड बनवाकर उनकी जमीन को बेचने की फिराक में थे।

अपराध करने का तरीकाः

अभियुक्त थाना जेवर क्षेत्र में ऐसे व्यक्तियो की जमीन/प्रोपर्टी जो कही बाहर रहते है या उनकी मृत्यु हो गयी है की जमीन व प्रोपर्टी चिन्हित कर प्रोपर्टी की फर्जी खतौनी तैयार कर मालिक की फर्जी आई.डी बनाकर व उस पर किसी अन्य व्यक्ति का फोटों लगाकर अवैध धन लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किसी अन्य क्रेता को प्रोपर्टी/जमीन फर्जी तरीके से बेच देते है । इसी प्रकार दिनांक 01/08/2022 को रजिस्ट्रार कार्यालय जेवर पर श्रीमती वीरवती पत्नी स्व0 जगत सिंह निवासी गेझा, सेक्टर-93, नोएडा के खसरा संख्या 146, रकबई लगभग 14 बीघा, स्थित ग्राम बंकापुर की जमीन के सम्बन्ध में श्रीमती वीरवती के स्थान पर श्रीमती पिंकी पत्नी राज` बहादुर निवासी छपरौला, थाना बादलपुर, गौतमबुद्धनगर को श्रीमती वीरवती बनाकर फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड तैयार कर उक्त जमीन को बेचने का प्रयास किया गया

## झमाझम बरसात ने नोएडा प्राधिकरण का दिखाया असली चेहरा

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा आज नोएडा की झमाझम बरसात ने नोएडा प्राधिकरण का असली चेहरा दिखा दिया। नोएडा के किसी सेक्टर के नालियों की सफाई न होने के कारण आज लगभग सभी सेक्टरो की सडकों पर पानी भरा हुआ है।

इसी बरसात में हमारे नोएडा ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ल ने आज कयी सेक्टरो मे घूमें और सभी सडकों पर पानी भरा हुआ मिला सडकों पर चलना मुश्किल हो गया है। जब वहां जाकर हकीकत देखी तो पता चला कि यहाँ नालियाँ कूडे कचरे से पटी हुई है। और नोएडा प्राधिकरण मे कयी बार कहने पर भी आज तक नालियों की सफाई नहीं हुई।

एक्सपोर्ट का हब कहा जाने वाला नोएडा की यह दुर्दशा कही न कही अधिकारियों की मिलीभगत का शिकार हुआ है। और अधिकारी अपने को बचाने और धन उगाही मे ही समय लगा रहे है। नोएडा के जनप्रतिनिधि तो ऐसा लगता है कि इन्हें नोएडा से कोई मतलब ही नहीं है यह तो केवल चुनाव जीतने आते हैं और जीतकर चले जाते है। उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक कर देने वाला जनपद की यह खस्ताहाल देखते ही बन रही है। जो फैक्टरी मालिक इतना टैक्स देते हैं उन कम्पनियों के सामने इतना पानी भरा हुआ है कि निकलना मुश्किल हो गया है। खैर आगे आगे देखिये होता है क्या ।









## सपा नोएडा महानगर में संजय गर्ग के द्वारा की गई सदस्यता अभियान की शुरूआत

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा सपा नोएडा महानगर की एक बैठक महानगर कार्यालय सेक्टर 9 में निवर्तमान महानगर अध्यक्ष दीपक विग की अध्यक्षता में की गई बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री व विधायक संजय गर्ग शामिल हुए, संजय गर्ग जो कि सपा नोएडा शहर के सदस्यता अभियान के प्रभारी भी हैं, आज उन्होंने सपा नोएडा महानगर में रसीद काट के सदस्यता अभियान की शुरूआत की, इस मौके पर उन्होंने वर्तमान सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश व प्रदेश में संविधान को कुचलने का काम किया जा रहा है, छोटे व्यापारी, मजदूर,नौजवान, किसान सब परेशान है, लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाया जा रहा है गरीब व मध्यम वर्ग लोग आज महंगाई से त्रस्त है लोगों का अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है, दीपक विग ने कहा कि आज सपा के सभी कार्यकताओं को घर-घर जाकर वर्तमान सरकार के नाकामियों को बताना है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का काम करना है, उन्होंने बताया कि नोएडा महानगर से लगभग 12 हजार 500 सौ साधारण सदस्य वह लगभग 200 से 250 सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य है, शकील सैफी को सदस्यता अभियान का प्रभारी वह गौरव चाचरा को सह प्रभारी बनाया गया है,आज के बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में संजय गर्ग, दीपक विग ,शकील सैफी, विपिन अग्रवाल, गौरव चाचरा, दिनेश यादव,गौरव कुमार यादव, अतुल यादव, सुनीता शारदा ,मुन्ना आलम, मुफ्ती मुबारक, साहिल चौधरी मुमताज आलम, लोकपाल यादव, शहजाद, अमित यादव ,नीर, हरमीत मल्होत्रा ,सद्दाम ,शुभम दुबे, अमित, विपुल, मानसी ,वीर बहादुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह के बच्चों को जागरुक करने के लिए आज विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा अवनीश सक्सेना अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल पर नाम मित्र पैनल अधिवक्ता की उपस्थिति में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की उपस्थित श्रीमती दीपा जैन पैनल अधिवक्ता, श्रीमती कविता नागर पैनल अधिवक्ता, श्रीमती राधा त्यागी पैनल अधिवक्ता तथा श्रीमती शारदा चतुर्वेदी समाज सेविका, धर्मेंद्र मौर्य क्राफ्ट टीचर के साथ बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे समस्त बच्चे उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में संविधान में बालकों के बाबत दिये गये मूल अधिकार, बालकों के हितार्थ बनायी गयी विधि जूवेनाइल जस्टिस एक्ट आदि के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके अतिरिक्त निःशुल्क कानूनी सहायता, चिकित्सा पाने का मूल अधिकार आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया।



## आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के लिए बच्चो को किया गया जागरूक

अजय दुबे कन्नौज

कन्नौज। इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल आसकरन पुरवा किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा फहराने अभियान के अंतर्गत आज इंग्लिश



जनपद कन्नौज में आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत हर साल 15 अगस्त को मनाया जाने वाला स्वतंत्रता दिवस अबकी बार और भी यादगार बनने जा रहा है। स्कूल में बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए शहीदों को नमन उनके जीवन परिचय आदि के बारे में बच्चों को बताया गया। बच्चों को अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए जागरूक मीडियम प्राइमरी स्कूल आसकरन पुर्वा कन्नौज में आजादी के वीर सपूत आजाद भगत सिंह के जीवन पर आधारित ऑडियो बच्चों को सुनाया गया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता गौतम, स.अ.अमित कुमार श्रीवास्तव, पुष्पा सिंह अरविंद कुमार दुबे, संदीप मिश्रा व बच्चों ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## भाजपा नेता मोहम्मद रमजान के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

**नजीबाबाद।** भाजपा नेता मोहम्मद रमजान के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता एवं निकाय चुनाव जिला संयोजक राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे। नजीबाबाद नगर में अल्पसंख्यक मोर्चा के विधानसभा प्रभारी एवं नजीबाबाद नगर के संभावत चेयरमैन



प्रत्याशी मोहम्मद रमजान के आवास पर बूथ नंबर 280 से लेकर 285 के बुत अध्यक्ष सेक्टर संयोजक प्रभारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजीव अग्रवाल ने बताया कि भाजपा सरकार में सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास की रीति नीति पर कार्य हो रहे है। केंद्र में नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार में सभी वर्गो के हित में कार्य किए जा रहे हैं वर्तमान सरकार में पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सरकार द्वारा लाभ प्रदान किया जा रहा है राजीव अग्रवाल ने सभी कार्यकताओं को ईमानदारी एवं लगन के साथ संगठन के प्रति निष्ठावान बनने का आह्वान किया वही भाजपा नेता मोहम्मद रमजान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह सत्य है कि भाजपा सरकार ही पूर्ण रूप से सर्व वर्ग की हितेषी सरकार है इसमें किसी भी प्रकार से कोई भेदभाव वाली भावना नहीं है सभी कार्यकताओं ने मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना मोहम्मद रमजा कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के द्वारा उत्तम प्रदर्शन करने पर सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीइस अवसर पर कलवा शेख मंसूरी नफीस कुरेशी संदीप कुमार अभिषेक यादव मोहम्मद फैजान मोहम्मद फरमान सलीम कुरेशी अतिक कुरेशी मोहम्मद लाइक एडवोकेट सिकंदर

## विद्युत लाइन की चपेट में आकर युवक की दर्दनाक मौत

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** विद्युत लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार भूरे पुत्र होरी सिंह नगीना से मजदूरी कर अपने घर शाम वापस आ रहा था तो वह जब गांव पहुंचा तो रास्ते में ऊपर से गुजर रही 11,000 पावर की लाइन का तार टूट कर उसके ऊपर गिर गया करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह खबर पाकर गांव के



लोग घटना स्थल पर पहुंचे भूरे सिंह का शव देखकर उसके परिजनों में कोहराम मच गया उसके भाई जितेंद्र ने घटना की तहरीर पुलिस को दी घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा नगीना व लाल सराय पुलिस चौकी उप निरीक्षक अजय पाल कमल सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का मायना कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

## आज से शुरू हो गया है विटामिन ए सम्पूर्ण कार्यक्रम-विशाल दिवाकर

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।स्योहारा।** स्थानीय सीएचपी अधीक्षक डॉ विशाल दिवाकर ने कहा कि विटामिन ए वसा में घुलनशील विटामिन है। यह बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। यह बच्चों को कोविड-19 से बचाव के लिए भी लाभकारी है। आज से क्षेत्र में विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह अभियान आगामी पूरे माह तक चलाया जाएगा। इसके तहत नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को आच्छादित किया जाएगा। बच्चों को विटामिन ए की खुराक देने के लिए डिस्पोजेबल चम्मच का ही प्रयोग करें। विटामिन ए की खुराक देने के लिए कई सत्रों का आयोजन किया जाएगा। यह बातें स्थानीय सीएचसी अधीक्षक



डॉ0 विशाल दिवाकर ने बाल स्वास्थ्य पोषण माह विटामिन ए संपूर्ण कार्यक्रम के तहत एक वार्ता में पत्रकार फजल अन्सारी से कही। उन्होंने आगे कहा कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह के तहत बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जाती है। रिपोर्ट के अनुसार एक से चार वर्ष के बच्चे विटामिन ए की कमी से ग्रसित है। इसलिए हर बच्चे को विटामिन ए की कुल नौ खुराक दिए जाने का प्रावधान है। यह खुराक छाया ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस ( वी.एच.एन.डी ) सत्र के दौरान दी जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ0 विशाल दिवाकर ने कहा कि कोविड-19 को देखते हुए विटामिन ए देने के दौरान आशा कार्यकताओं को इस बात का ध्यान देना होगा कि सत्र पर एक समय में 10 से अधिक बच्चे एकत्र ना हो।

## नगर में अमृत महोत्सव छात्राओं ने रैली निकालकर किया जागरूक

रिपोर्ट फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण धामपुर

**धामपुर ।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार के निर्देशन पर अमृत महोत्सव के तहत रैली का आयोजन किया गया। छात्राओं ने रैली निकालकर नागरिकों में देशभक्ति का जज्बा उत्पन्न कर सेवा भाव से कार्य किया जाने के प्रति जागरूक किया गया। रैली में कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं के साथ नगर पालिका परिषद धामपुर के कर्मचारियों ने उत्साह वर्धन



किया। कार्यक्रम में। नेता जी सुभाष चंद्र चौक से आयोजित हुई तिरंगा रैली का शुभारंभ तिरंगा झंडा दिखाकर किया गया रैली में धनिया इंटर कॉलेज की छात्राएं हाथों में तिरंगा झंडा लेकर चल रही थी नगर पालिका कर्मचारी भी तिरंगा झंडा लेकर हुए छात्राओं के साथ गगनभेदी नारे लगाते हुए चल रहे थे। पवन बाबू ने बताया कि सरकार के द्वारा 75 वें वर्ष आजादी के होने पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत रैली निकालकर अमर शहीदों को याद किया गया रैली नेताजी सुभाष चंद्र बोस विहार से शुरू होकर प्राइवेट बस स्टैंड होते हुए रेलवे मार्ग से नगर पालिका परिषद पहुंचकर संपन्न हुई। जहां पर छात्राओं ने वंदे मातरम गीत का गायन कर अमर शहीदों को याद कर समापन किया। रैली में नितिन अग्रवाल सुशील कुमार मोहम्मद राशिद कुमारी विशाखा व शिक्षिका रेखा रानी, मीनाक्षी राजपूत प्रेरणा चौहान सहित पीटीआई उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग की लापरवाही से मवेशी एक गाय की दर्दनाक हुई मौत

दैनिक समाज जागरण बहजोई

**धनारी थाना** क्षेत्र के खलीलपुर में शराब की दुकान के सामने लगे बिजली के पोल इंसुलेटर से उतर जाने से पोल में करंट उतर गया ,लेकिन करंट से एक गाय की मौत हो गई। महिला ने उपखंड अधिकारी को शिकायत पत्र देकर पोल हटाने की मांग की गई। थाना क्षेत्र के खलीलपुर में शराब की दुकान के सामने लगे 11 हजार की लाइन का पोल लगा है। बुधवार को 11 बजे अचानक 11 हजार केबी की लाइन का पोल पर इंसुलेटर से हट कर पोल में लगें एंगिल पर रख गया। करंट की चपेट में आने से राधा देवी पत्नी रतन पाल शर्मा की एक गाय की मौत हो गई। एक महिला प्रियंका व एक तीन बर्षीय बच्ची के करंट के झटके लग गए। ग्रामीणों ने आनन फानन में बिजली विभाग के अवर अभियंता को सूचित किया। इसके बाद लाइनमैन ने पहुंच कर 11 हजार केवी की लाइन के तार को सही कर सप्लाई चालू कर दी। तीर्थपाल, रामौतार शर्मा, संतोष, राजेश , रतन शर्मा, वीरपाल व राधा देवी ने उपखंड अधिकारी धनारी को शिकायती पत्र देकर पोल को हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पोल में कई बार स्पार्किंग होने से जल गया लेकिन पोल को नही बदला गया। ग्रामीणों का बिजली विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

## हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष के नेतृत्व में एसडीएम को लाउडस्पीकर उतरवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** फिर शुरू किया जा रहा है लाउडस्पीकर उतरवाने की मांग को लेकर। हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि शासन के आदेश के बावजूद भी धर्म स्थलों पर अभी पूरी तरह से लाउडस्पीकर नहीं उतारे गए हैं और कुछ धार्मिक स्थल कमेटी और पुलिस प्रशासन से चाकघाट कर लोड स्पीकर लगाकर तेज आवाज में शोर कर रहे हैं ध्वनि प्रदूषण कर रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण थाना क्षेत्र के ग्राम स-रकथल माधो मौजपुर सूरज में देखने को मिला। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी कार्यालय में मनोज कुमार सिंह से भेंट वार्ता की तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि ग्राम सड़क थल माधौ मौजमपुर सूरज में स्वीकृति के एक मदरसे में



माइक लगाकर प्रतिदिन अजान दी जाती है उक्त गांव संवेदनशील है और इस गांव में मुस्लिम समुदाय के लोग इससे पहले चार बार मदरसा बनाकर अजान देने का प्रयास कर चुके हैं। जिस-का विरोध ग्रामवासी हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा और उनका परिवार करता आ रहा है। इस मामले की कई बार शिकायत भी की गई लेकिन आज तक शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका है गांव का माहौल सौहार्दपूर्ण बना है। इसके लिए माइक पर और गान देने और मदरसे को बिना शासन की स्वीकृति प्राप्त किए चलाने पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जाए। इस अवसर पर उपस्थित ज्ञापन देने वाले देवराज सिंह दिलावर सिंह नरेंद्र सिंह कुशल पाल सिंह सत्यवीर सिंह डॉ पुनीत कुमार दीपक कुमार दिनेश कुमार भूतपूर्व प्रधान आनंद कुमार अरुण कुमार राजावत आदि उपस्थित रहे।

## जिला अधिकारी मनीष बंसल के आदेश पर धनारी बस स्टैंड पर चला बाबा बुलडोजर

दैनिक समाज जागरण बहजोई

**थाना धनारी** बस स्टेशन सरकारी जगह पर एक संगठन व कुछ लोगों द्वारा अबैध कब्जा कर लेने के बाद प्रशासन सख्त हुआ और एसडीएम गुन्नौर ने भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में कब्जा युक्त जगह पर बुलडोजर चलबाकर जगह को कब्जा मुक्त कराया। धनारी स्टेण्ड पर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय के साथ जनता उच्च प्राथमिक विधालय है। जिसमे राजकीय पशु चिकित्सालय को बनाने के लिये राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण हुआ था शेष जगह खाली पड़ी रही। खाली जगह को देख कुछ लोगों ने राजकीय पशु चिकित्सालय की जगह पर कब्जा कर बाउंड्री कर दी थी। कुछ रसूखदार लोगों द्वारा सरकारी जगह पर कब्जा कर लेने को लेकर लोगों द्वारा लगातार सक्षम अधिकारियों से शिकायत की जा रही थी। उन शिकायतों के बाद बुधवार को प्रश-ासन हरकत में आया और एसडीएम गुन्नौर



रामकेश धामा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम धनारी व गुन्नौर की भारी पुलिस फोर्स व बुलडोजर के साथ बुधवार सुबह धनारी स्टेण्ड पर पहुंची ओर जगह की नापतोल कर सरकारी जगह पर लगी बाउंड्री को जमीदोज कर दिया। प्रशासन के कड़े रुख व भारी पुलिस फोर्स को देख किसी भी कब्जेधारक ने आकर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई का कोई विरोध नही किया जिसके चलते बुलडोजर ने जल्द ही राजकीय पशु चिकित्सालय की जगह पर की गई बाउंड्री को जमीदोज कर समतल कर दिया गया। धनारी स्टेण्ड पर राजकीय पशु चिकित्सालय की जगह पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया था एस-डीएम के निर्देश पर राजकीय पशु चिकित्सालय की जगह पर किया गये कब्जे को राजस्व विभाग की टीम द्वारा नापतोल के बाद जगह को कब्जामुक्त कराया गया।

## जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

दैनिक समाज जागरण सम्भल।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर जिला मुख्यालय बहजोई जनपद संभल पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर मंथन किया गया तथा विधानसभा वार जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। तथा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक भारत जोड़ो अभियान के तहत होने वाली पदयात्रा के लिए रोड मैप तैयार किया गया जिसने विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं जिले के महासचिव उपाध्यक्ष गणों को भारत जोड़ो अभियान की जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि जिस तरह से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार चंद लोगों के इशारे पर पूरे देश को बबादीं की ओर ले जाने का कार्य कर रही है। कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता महंगाई बेरोजगारी एवं सरकार के



तानाशाही रवैया के खिलाफ तथा स्वतंत्र संस्थाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन कर गिरफ्तारी देने का कार्य करेंगे, तथा 9 अगस्त से लेकर 15 अगस्त भारत जोड़ो अभियान के तहत जनसंपर्क कर केंद्र में बैठी भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराने का कार्य करेंगे बैठक में जिला महासचिव हिलाल अख्तर हाजी मरगूब आलम इब्राहिम उर्फ छिददा खां कल्पना सिंह रियाजुद्दीन मलिक आसिफ अल्वी अक्षय कुमार सिंह दानिश अल्वी असलम खान अब्दुल लतीफ मोहम्मद रफी रिजवान अहमद मुस्तफा खान फैजान इतरत हुसैन बाबर दुष्यंत कुमार सिंह मुनेश कुमार जोशी शकीला खान साहू संजीव कुमार सफीक ठेकेदार सत्यपाल सिंह यादव तिलक सिंह कासिम खान पवन गिरी सौरभ चौधरी दीपांशु शर्मा रोहित वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## गॉड्स ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन

पंकज राघव ब्यूरो संभल/दैनिक समाज जागरण

**सम्भल।** नगर के गॉड्स ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आगामी 75 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले "अमृत महोत्सव" को सफल बनाने हेतु हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बच्चो को प्रेरित किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रबंध निदेशक फरहत खान ने सरकार द्वारा आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव



के बारे में विस्तार से बताया और हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के दौरान हर घर पर तिरंगा फहराने से देश के प्रति प्रेम एवं गर्व की अनूठी अनुभूति होगी। इस इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक फरहत खान,प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,वजाहत हुसैन, समन खान,मोहम्मद असद,बुशरा खान,हबीब अहमद,सिदरा रशीद,सलमान खान,जमजमा रिजवान,उशबा रिजवान,एमन सारिया, समन इकबाल,सानिया परवीन,शाजिया सिद्दीकी,महलका परवीन,इलमा रानी आदि उपस्थित रहे।

## महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला शव ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी में गृह क्लेश के चलते महिला सुनीता पत्नी योगेंद्र उम्र 22 का शव घर के अंदर बरामदे में कुंदे पर फांसी पर लटका हुआ मिला। जिसकी सूचना परिवार से किसी ने महिला के मायके वालों को दे दी वह इस सूचना पर पुलिस व महिला के मायके वाले पक्ष के



लोग भी पहुंच गए। मृतक महिला के पिता किशनलाल निवासी ईसमपुर डांडा ने महिला के ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला पर दो बच्चे हैं इसमें एक वेटी आरती व बेटा अमन दो महा का है जहां पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है मृतक महिला की शादी 5 वर्ष पहले हुई थी।

## राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह, गौतम बुद्ध नगर में रह रहे किशोर आपचारियों को जागरुक करने के लिए आज विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

डीएम वॉर रूम गौतम बुद्ध नगर से। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा श्री अवनीश सक्सेना अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल पर नाम मित्र पैनल अधिवक्ता की उपस्थिति में विधिक स-क्षरता व जागरुकता शि-विर का आयोजन दिनांक 03-08-2022 को प्रात 10:00 बजे से राजकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह, गौतम बुद्ध नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की उपस्थित श्रीमती दीपा



जैन पैनल अधिवक्ता, श्रीमती कविता नागर पैनल अधिवक्ता, श्रीमती राधा त्यागी पैनल अधिवक्ता तथा श्रीमती शारदा चतुवेर्दी समाज सेविका, श्री धर्मेद्र मौर्य क्राफ्ट टीचर के साथ बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे समस्त बच्चे उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में संविधान में बालकों के बाबत दिये गये मूल अधिकार, बालकों के हितार्थ बनायी गयी विधि जूवेनाइल जस्टिस एक्ट आदि के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा किया गया। इसके अतिरिक्त निःशुल्क कानूनी सहायता, चिकित्सा पाने का मूल अधिकार आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया।

## पुलिस ने चार लूट की घटना का किया खुलासा तीन आरोपी गिरफतार नकदी ,मोबाइल लूटा हुआ सामान बरामद

दैनिक समाज जागरण बहजोई/चंदौसी

जनपद के चंदौसी पुलिस ने लूट और छीनेती करने वाले दो आरोपी तथा एक बलापचारी को गिरफ्तार किया है इस पूरे मामले पर संभल पुलिस अधीक्-ाक चक्रेश मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया इन आरोपियों के द्वारा संभल जिले में चार लूट की घटनाओं को आंजम देकर फरार हो गए थे इनके द्वारा मुरादाबाद बदायूं आस पास के जिलों में लूट ,छीनेती की घटनाओं को अंजाम दिया



गया आज चंदौसी कोतवाली पुलिस के द्वारा चैकिंग के दौरान जयप्रकाश हिरदेश तथा एक बलापचारी को पथरा मोड से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से दस लूटे हुए मोबाइल दो मोटर साइकिल , कुछ रुपए नगद तीन अवैध असलाह बरामद किया है तीनो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है

## असमोली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संभल ।

थाना असमोली पुलिस द्वारा दो व्यक्ति जिनका नाम दिलीप उर्फ भूरा पुत्र अमरपाल सिंह निवासी ग्राम गुमसानी थाना असमोली जिला सम्भल रंजीत पुत्र विरेन्द्र निवासी मौ0 वार्ड 5 होली चौक विल्सी थाना बिल्सी जनपद बदांयू को ग्राम ढाकशहीद की तरफ कच्चे रास्ते पर सड़क पुख्ता से कुछ कदम पर बीच सड़क पर एक एक अदद नाजायज चाकू के साथ कांस्टेबल अंकित कुमार द्वारा गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 219/2022 धारा 4/25 आयुध अधिनियम बनाम दिलीप उर्फ भूरा व मु0अ0सं0 220/2022 धारा 4/25 आयुध अधिनियम बनाम रंजीत के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## गुन्नौर क्षेत्र मैं क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव कराने के लिए प्रशासन ने कसी कमर एसडीएम ने पोलिंग पार्टियां की रवाना।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

**गुन्नौर** तहसील क्षेत्र में गुरुवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनाव के लिए गुन्नौर ब्लाक के गांव सैजना अहरान, रजपुरा ब्लाक के गांव सिंहपुर साहनी व बायभूड इन गावों के लिए गुन्नौर ब्लॉक व रजपुरा ब्लाक से बूतों के लिए एसडीएम रामकेश धामा ने गुनौर ब्लॉक परिसर में बैठकर पोलिंग पार्टियों से वार्ता की है और उन्हें भूतों के लिए पोलिंग पार्-टियों को रवाना किया है वही चुनाव को शांतिपूर्ण



सकुशल कराने के लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम कर लिए हैं । गुरुवार को मतदान कराने के लिए गुन्नौर के उप जिला अधिकारी रामकेश सिंह धामा ने पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया एसडीएम ने निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




## हर घर तिरंगा को लेकर भाजपा की बैठक

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी इस बार स्वतंत्रत दिवस को अमृत महोत्सव के रूप में मना रही है। इसी क्रम में पार्टी ने ह घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की जिसके अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा घरों में तिरंगा झंडा लगाने की योजना है। इसी संबंध



में मोहल्ला नूरसराय नगीना में भारतीय जनता पार्टी की एक आवश्यक बैठव हुई। बैठक में कार्यक्रम संबंधी तैयारियों को लेकर वक्ताओं ने अपने विचा रखे इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने कार्यक्रम के बारे मे विस्तार से बताया,रोहित रवि ने कहा कि सरकार ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम के माध्यम से हमें अपनी एकता दिखाने का अवसर दिया है हमें ज्यादा से ज्यादा ध्वज लगाकर अपनी एकता का परिचय देना चाहिए। बैठक में मुख्यत प्रमोद चौहान,नीरज बिश्नोई, रोहित रवि, कयूम राइन,आमिर सिद्दीकी जमीलउद्दीन,डॉ एम जहूर, सरदार हरमीत सिंह, इमरान इदरीसी मोहम्म जाहिद अब्दुल मजीद नवेद आलम मोहम्मद अकरम शहबाज सैफी मोहम्म एहसान अमन सिंह मुन्ना भाई व तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुलदार ने भेड़ को बनाया निवाला

दैनिक समाज जागरण / जसवीर सिंह

**मंडावर** थाना क्षेत्र दयालवाला के गांव सीमला कलां में मंगलवार रात गुलदा ने किसान की पशुपालन में बंधी एक भेड़ को जंगल में ले जाकर अपन निवाला बना डाला। गांव में गुलदार घुसने से लोग दहशत में हैं। गांव सीमला कलां के आासपास गुलदार कई दिन से दिखाई दे रहा था। ग्राम सीमला कलां में मंगलवार रात गुलदार किसान रामसिंह की पशुशाला में घुसा और एक भेड़ को उठा ले गया और जंगल मे ले जाकर मार डाला। रामसिंह व सभी गांव वालों ने वन विभाग के



अफसरों से गुलदार से निजात दिलाने की मांग की है। उनका आरोप है वि कई बार शिकायत के बाद भी अफसर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

## प्राथमिक विधालय रायपुर गढ़ी में अमृत महोत्सव कार्यक्रमआयोजित किया

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना ।** कोतवाली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रायपुर गढ़ी में स्वतंत्रता क अमृत महोत्सव कार्यक्रम प्राथमिक विधालय रायपुर गढ़ी में आयोजित किय गया । महोत्सव का शुभारंभ ग्राम प्रधान सुरेश सिंह व विधालय का समस्त स्टाफ एवं अभिभावको द्वारा भारत माता के चारणो में दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया



सभी ने राष्ट्रीयता की भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में अपने भरपूर योगदा देने तथा गांव चौमुखी विकास की शपथ ली । ग्राम प्रधान सुरेश सिंह ने कहा मैं अपने गांव का विकास ही नहीअपितु अपने क्षेत्र में आने वाली हर समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करूंगा तथा सामाजिक कार्य वे लिए मैं हमेशा तैयार हूं मेरा जीवन ही समाज हित के लिए समर्पित है।

## एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह को आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर किसानों ने ज्ञापन सौंपा

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने को लेकर भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने आज एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह को इस संबंध मे ज्ञापन सौंपकर हरियाणा की एक महिला द्वारा थाना स्योहारा में दर्ज कराई गइ एक मुकदमे के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने से आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं कानून को अनदेखा कर रहे हैं। पुलिस के लचीले पंन से आरोपियों के हौसले बुलंद हो



रहे हैं जिस कारण पीड़िता शमीमा वह उनके परिवारवालों को डर सता रह उन्होंने कहा है कि पुलिस को इन आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी होनी चाहिए। किसानों का कहना है की अगर इन लोगों की गिरफ्तारी नहीं हुई त भारतीय किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों मजबूर होकर स्योहारा थाने का घेराव करने के लिए बाध्य होगी। एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह को ज्ञापन सौंपने मैं उपस्थित रहे। तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह वीर सिंह डवास दुष्यंत राणा सोनू चौधरी कविराज सिंह इंद्रवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## 11 दिन पश्चात हुआ कावड़ सेवा शिविर का समापन

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।स्योहारा।** मुरादाबाद मार्ग स्थित मनोकामना महाकाली मंदिर पर पिछले 11 दिन से चल रहे कावर्ती सेवा शिविर का समापन पूजा अर्चना के बाद हलवे का प्रसाद बाटकर किया गया । 11 दिन चलने वाले इस शिविर मे सभी के सहयोग से हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे सेकडोब शिव भक्तों ने भोजन का सुबह-शाम प्रसाद ग्रहण किया , इसके अलावा सरकारी अस्पताल स्योहारा द्वारा निशुल्क दवाई का वितरण भी हुआ, इस मौके पर युवा समाजसेवी शैंकि रस्तोगी ने कहा कि भोलो की सेवा कर मन



को संतुष्टि मिलती है तो साथ ही भोलो की सेवा का भी मोकामिल जाता है शिविर समाप्ति के मौके पर ,शैंकी रस्तोगी, अंकुर रस्तोगी, पकुल रस्तोगी प्यारे लाल सैनी ,सुरेंद्र सैनी ,हरिओम कुमार वर्मा ,निक्की रस्तोगी, डॉक्टर सौरभ वर्मा, पप्पू कश्यप ,मोहन अग्रवाल अनु ,अग्रवाल सतीश प्रजापति राजपाल प्रजापति ,डॉक्टर राज बहादुर ,मयंक राजआदि मौजूद रहे।

## जनमानस को मिलना चाहिए योजनाओं का लाभः भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा

रिपोर्ट फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण धामपुर

**धामपुर** ग्राम अल्हैपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत अल्हैपुर विकासखंड मे सरकार की योजना के तहत बनाए गए सचिवालय में कंप्यूटर कक्ष पुस्तकालय व स्वच्छ शौचालय का बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि सरकार जन मानस के लिए जो योजनाएं चला रही है उनका लाभ सीधे आम जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि निश्चित तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में सचिवालयों के बनाने से अध्यपन करने वालों बच्चों को अच्छा लाभ मिलेगा । ग्राम



नौरंगाबाद स्थित पंचायत घर का सोमवार को समारोह पूर्वक बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह विकास अधिकारी मनीष दत्त एडीओ अनिल कुमार ग्राम पंचायत सचिव नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम वासियों की सुविधा के लिए बनाए गए पुस्तकालय वाई फाई सुविधा स्वच्छ शौचालय मल्टीपल हैण्ड वॉश कंप्यूटर का आदि का फीता काट कर एवं शीलापट का लोकार्पण किया। उन्होंने पुस्तकालय में किताबों के लिए ₹50000 देने की भी घोषणा की उन्होंने शासन के निर्देश अनुसार 1 अगस्त को प्रत्येक वर्ष ग्राम पंचायत अल्हैपुर पंचायत दिवस के रूप में मनाने की भी घोषणा की इस अवसर पर प्रियंकर राणा मोहित सिंह सोनू उदित नारायण सिंह टीकम सिंह फौजी टोला सिंह पंचायत सहायक सचिव कविता रानी बबली देवी शील देवी उषा देवी सरिता देवी आदि उपस्थित रहे इस कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने किया।

# शोपीस बनी पानीटंकी, नहीं बुझ रही लोगों की प्यास

-हाल नगर पंचायत का
-अधिकारियों की उपेक्षा के चलते बदहाली का दंश झेल रही ढाई दशक पहले निर्मित टंकी

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा ( बलिया) : डेढ दशक पूर्व बनी नगरा की पानी टंकी विभागीय



अधिकारियों की उपेक्षा के चलते बदहाली का दंश झेल रही है। नगरा को नगर पंचायत का तगमा मिलने के बाद नगरावासियों को लगा था कि अब उन्हे स्वच्छ जल मिल सकेगा। यह पानी टंकी नगर पंचायत को हस्तानान्तरित होने के बाद भी शोपीस बनी हुई है।

एक करोड़ की लागत से निर्मित पानी टंकी का लोकार्पण तत्कालीन विधायक रामइकबाल सिंह ने किया था। इनके बाद जब सनातन पांडेय विधायक बने तो उन्होने भी दोबारा फीता काट दिया। पूरे नगर पंचायत में पाइप बिछा दी गई है किंतु जगह जगह लीकेज होने से जब भी नलकूप चालू किया जाता है तो पानी सड़क पर फैल जाता है। सच तो यह है कि नगर पंचायत भी टंकी को चालू कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। कुछ दिनों पूर्व टंकी की मरम्मत करा कर रंगाई करा कर नगर पंचायत के अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों की इति श्री समझ लिया। यहां तक कि पूर्व ईओ संजय राव व तत्कालीन प्रशासक , एसडीएम प्रभुदयाल ने कई बार टंकी का निरीक्षण कर इसे चालू कराने का आश्वासन भी दिया था किंतु नतीजा सिफर रहा। नगरावासी स्वच्छ जल के लिये तरस रहें हैं।

अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव का कहना है कि टंकी के लिये पर्याप्त बजट उपलब्ध है। स्वीकृति के लिये जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है। अक्टूबर तक टंकी चालू करा दी जायेगी।

# गोद लिए विद्यालय की बैठक में पहुंचे विधायक संग्राम सिंह यादव

**ब्रजेश कुमार दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर पर शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन बुधवार को किया गया। मीटिंग के दौरान फेफना विधानसभा के विधायक संग्राम सिंह यादव भी पहुंचे। स्वयं द्वारा गोद लिए



विद्यालय को मॉडल बनाने की घोषणा पुनः करते हुए अभिभावकों से अपील किया। विधायक ने कहा कि आप लोग अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराइये और नियमित विद्यालय भेजिए। बाकी जिम्मेदारी मेरी है। इसके पूर्व सहायक अध्यापिका कुमारी अंजली तोमर ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। समस्त अध्यापकों ने विधायक व अभिभावकों के समक्ष विद्यालय में आने वाले सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का संकल्प भी लिया। अभिभावकों से सहयोग की अपील भी किया। अंत में प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# उप चुनाव आज, पोलिंग पार्टी रवाना

***कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण***

नगरा (बलिया) : नगरा ब्लाक के त्रिलोकमंदा ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिये उपचुनाव 4 अगस्त को होगा। इस ग्राम पंचायत में 1035 मतदाता दो उम्मीद्वारों के भाग्य का फैसला करेगें।

बुधवार की शाम ब्लाक मुख्यालय से पोलिंग पार्टी रवाना हो गई। उप चुनाव में दो प्रत्याशी दिवंगत प्रधान राजकुमार यादव की पुत्री कृतिका यादव व सकलदीप चौहान मैदान में हैं। यहां पर दो बूथ 135 प्राथमिक विद्यालय उत्तरी व 136 प्राथमिक विद्यालय दक्षिणी बनाये गये हैं। एडीओ पंचायत प्रमोद सिंह ने बताया कि उपचुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। उपचुनाव में दो प्रत्याशियों के बीच जम कर रस्साकस्सी चल रही है।

# अंजनी सिंह को हियुवा का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी

**आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : हिंदू युवा वाहिनी का जिलाध्यक्ष नगर के बनिया बांध निवासी अंजनी कुमार सिंह के बनाए जाने से कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि जी महाराज ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से जिला अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह को एक वर्ष के लिए मनोनीत कर आशा जताई कि दिए गए दायित्व को निष्ठा व लगन के साथ निर्वहन करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह ने



कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा। पहला संगठन को गति प्रदान कर संगठन का जनाधार बढ़ाने का सहयोग बनाएंगे। हरकिशन सिंह, सत्यदेव सिंह त्यागी, रमाकांत सिंह, चंदन तिवारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

# जिले के नौ माह से पांच वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन 'ए' दिए जाने का अभियान शुरू

*-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का अभियान*
*-जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने राजकीय महिला चिकित्सालय में खुराक पिला की शुरूआत*

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण बलिया

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नौ माह से पां वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' दिए जाने के अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने बच्चों को खुराक पिलाई। जिन बच्चों को दवा पिलाई उनके उज्वल भविष्य की कामना भी की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयंत कुमार और सीएमएस डा. सुमिता सिन्हा ने भी खुराक पिलाई। जिलाधिकारी ने सीएमएस डॉ सुमिता सिन्हा से अस्पताल में साफ-सफाई और सुविधाओं की जानकारी ली। निर्देश दिया कि सरकार की ओर से



जुड़ी सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं उसे हर एक मरीज तक पहुंचाया जाए। अस्पताल में आने वाली प्रसूता को सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा का ख्याल रखा जाए। इस अवसर पर महिला अस्पताल के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तीन दिनों से लगातार बैंक लिंक फेल, यात्रियों की फजीहत

**ब्रजेश कुमार दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : स्थानीय कस्बा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का विगत तीन दिनों से लगातार लिंक फेल होने से बैंक ग्राहकों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

तीन दिनों से ग्राहक अपने धन की जमा निकासी के अलावा अन्य बैंक सम्बंधित कार्यों के लिए शाखा पर आते हैं बैंक कर्मचारियों द्वारा लिंक फेल की जानकारी मिलने पर मायूस होकर बिना अपना काम हुए बैरंग वापस लौट जा रहे हैं। शाखा में यह भी कोई बताने वाला नहीं है कि आखिर में यह समस्या कब दूर होगी। बैंक ग्राहकों ने जल्द से जल्द लिंक सही कराने की मांग सम्बंधित अधिकारियों से की है जिससे कि ग्राहकों का बैंकिंग कार्य सुचारू ढंग से हो सके।

# विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सम्मानित

**-सम्मान समारोह, छात्रों के साथ कक्षाध्यापक को किया गया सम्मानित**

**अतुल राय, दैनिक समाज जागरण**

नवानगर (बलिया) : क्षेत्र के कटघरा जमालपुर स्थित आरएसएस गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी अकैडमी में पिछले महीने शनिवार को आयोजित (राखी डिक्शनरी और सेल्फ इंट्रोडक्शन) प्रतियोगिता में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों तथा उस कक्षा के कक्षाध्यापक को बुधवार को प्रबंधक जय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने सम्मानित किया गया।



सनद रहे शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सभी कक्षाओं को चार ग्रुप में बांटा गया था। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा यूकेजी को ग्रुप ए, कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक ग्रुप बी, कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं तक ग्रुप सी एवं कक्षा 9वी से कक्षा बारहवीं तक ग्रुप डी। ग्रुप ए से कक्षा यू के जी के छात्र अनुभव पाठक जिसके कक्षाध्यापक प्रीति गुप्ता एवं रुचि सिंह व ग्रुप बी से कक्षा तीसरी बी की छात्रा प्रगति पांडेय जिसके कक्षाध्यापक आतिफ हुसैन एवं ग्रुप सी से कक्षा आठवीं का छात्र उत्कर्ष कुमार गुप्ता जिसके कक्षाध्यापक नितेश गुप्ता एवं ग्रुप डी से कक्षा 9वी अ कि छात्रा कुमारी अंजू जिसके कक्षाध्यापक डीके कुमार को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि हर माह के अंत में जिस प्रकार विभिन्न प्रकार के कार्यों का आयोजन होता है। वैसे जुलाई माह के अंत में राखी मेकिंग, डिक्शनरी मेकिंग एवं सेल्फ इंट्रोडक्शन जैसे प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन सभी प्रतियोगिताओं से हम बच्चों के अंदर के कला को निकालते हैं जिससे बच्चों के अंदर छिपी हुई कला बाहर आती है। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# दुबहड़ पुलिस ने फिर पकड़ा एक शराब तस्कर, 11 लीटर शराब बरामद

**शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : शराब बंद राज्य बिहार में चोरी छिपे शराब की तस्करी कर पैसा कमाने वालों के विरुद्ध बलिया पुलिस का अभियान निरंतर चल रहा है। बुधवार को दुबहड़ पुलिस ने फिर एक तस्कर को पकड़ लिया। अभियुक्त अपनी बाइक से प्लास्टिक की बोरी में 11 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब लिए था।

पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में अवैध शराब का निष्कर्षण व तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुबहड पुलिस को फिर एक सफलता मिली। उनि शिव कुमार पाण्डेय मय हमराही फोर्स द्वारा मुखवीर की सूचना पर जनाड़ी चौराहे से अभियुक्त उपेन्द्र कुमार सिंह पुत्र बालकेश्वर सिंह निवासी अरक पूरब टोला थाना कृष्णा ब्रह्म जिला बक्सर बिहार द्वारा एक मोटर साईकिल पर एक प्लास्टिक की बोरी मे 60 अदद 8 पीएम टेट्रा पैक




प्रत्येक 180 एमएल कुल 10.8 ली अंग्रेजी शराब नाजायज की तस्करी हेतु ले जाते समय गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में थाना दुबहड पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के सिपुर्द किया।

# कूड़े का अंबार कहता आइये! नगर पंचायत नगरा में आपका स्वागत है

**-हाल नगर पंचायत का, सिकंदरपुर से आने वाले मुख्य मार्ग पर नगर प्रवेश सीमा पर ही जमा है भारी कूड़ा**

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा ( बलिया) : आइये नगर पंचायत नगरा में आपका स्वागत है। यह किसी फिल्म का डायलाग नहीं ब्लिक नगरा सिकंदरपुर मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा लगाये गये हाफ गेट पर लिखा हुआ वाक्य है। सिकंदरपुर की तरफ से ज्यों ही आप नगर पंचायत नगरा की सीमा में प्रवेश करेंगें तो आपको बोर्ड पर लिखा हुआ वाक्य दिखाई देगा। गेट के बोर्ड से जब आप आगे बढेगें तो आपका स्वागत सडक की पटरी पर डंप भारी भरकम कूडे के ढेर व उससे निकल रहे दुर्गंध से होगा।



कूडे के ढेर को देख कर ही इसका अंदाजा लग जायेगा कि स्वच्छ भारत अभियान के प्रति नगर पंचायत किस हद तक संजीदा है। नगर पंचायतकर्मी पूरे शहर व देहात का कूडा लाकर सडक की पटरी पर ही डंप करते हैं। बजट उपलब्ध होने के बाद भी कूडा डंपिंग केंद्र नही बन सका है। कूडे से बराबर दुर्गंध निकलता रहता है। सडक से आने जाने वाले लोग नाक पर रुमाल रख कर गुजरते हैं।

अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव का कहना है कि शीघ्र ही कूडा डंपिंग सेंटर का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिये बजट उपलब्ध है।

# बिना पंजीयन धड़ल्ले से विद्यालय का कर रहे संचालन, अभिभावक व शिक्षका का शोषण

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : स्थानीय तहसील क्षेत्र में प्राइवेट विद्यालयों का संचालन लगभग प्रत्येक गांवों में हो रहा है। बेरोजगारी का दंश झेल रहे नवयुवक व नवयुवतियां मजबूरी में इन विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा शोषण का शिकार हो रहे हैं। इन विद्यालयों में आधे से अधिक अनट्रेंड टीचर शिक्षा दे रहे हैं। आलम यह है कि तमाम प्राइवेट विद्यालय बिना किसी मान्यता या रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। शासन के नियमों का कोई असर भी संचालकों पर नहीं पड़ता है।

क्षेत्र में बहुत कम विद्यालय मान्यता प्राप्त एवं मानक के अनुसार चल रहे हैं। शासन के नियमों को ताक पर रखकर चल रहे हैं। सूत्रों की माने तो शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारी की दरया दृष्टि से बिना किसी कागजात के विद्यालय संचालन धड़ल्ले से होता है। इसके बदले शिक्षा विभाग के अधिकारियों के यहां मोटी रकम पहुंच जाती है। जानकारों की मानें तो कई विद्यालय आठवीं तक की मान्यता अंग्रेजी माध्यम से है। लेकिन हिंदी माध्यम के विद्यालय चलाते हैं। इतना ही नहीं दूसरे विद्यालय से अटैच करा कर इंटरमीडिएट तक का संचालन करते हैं। कक्षाओं में 70-80 तक विधार्थी ठूस ठूस कर बैठाया जा रहा है। जो मानक के विपरीत है। इन विद्यालयों में तीन से लेकर आठ हजार मासिक पगार पर अध्यापकों से कार्य लिया जाता है। अगर विद्यालय किसी कारणवश महीने में 10-12 दिन बंद हो जाय तो उतने दिन का वेतन शिक्षण व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नहीं दिया जाता है तथा बच्चों के अभिभावकों से यह कह कर फीस की वसूली की जाती है कि शिक्षकों को वेतन देना है। विगत जनवरी महीने में लगभग 25 दिन कोरोना का केस बढ़ने से शासन के आदेश से विद्यालय बंद थे। एक विद्यालय के अध्यापक ने बताया कि जनवरी माह की फीस अभिभावकों से यह कहकर लिया गया कि अध्यापकों को वेतन देना है कहां से दिया जायेगा। फीस लेने के बाद भी वेतन वितरण नहीं किया गया। यही नहीं जून महीने की फीस भी ली जा रही है लेकिन अध्यापकों का वेतन देना प्रबंधकों को ऐसा नागवार लगता है जैसे दुर्योधन को पांडवो को पांच गांव देना लगता था। हम लोग अगर वेतन के संबंध में कहे तो विद्यालय से निकाल दिया जाएगा। हम अध्यापकों का वेतन मनरेगा के मजदूर से भी कम है तथा जी तोड़ काम लिया जाता है और जो छात्र जुलाई में नामांकन कराने आते हैं उनसे अप्रैल महीने से जोड़कर फीस ली जाती है। विद्यालय संचालकों के इस रवैए से अभिभावक व शिक्षक दोनो शोषण के शिकार हो रहे हैं। क्षेत्र के अभिभावकों व प्राइवेट विद्यालय के अध्यापकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया है कि ऐसे विद्यालयों की विधिवत जांच हो ताकि अभिभावक शोषण से बचें तथा शिक्षकों को सरकार के नियमानुसार वेतन मिल सके।

# लोगों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए निर्मित चिकित्सालय खुद इन दिनों कोमा में

***–हाल स्थानीय अस्पताल का***

***–महिला चिकित्सालय और प्रसवोतर भवन की दशा दुर्दशा***

**अतुल राय, दैनिक समाज जागरण**

नवानगर (बलिया) : एक तरफ जहां सूबे की सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने में जुटी है। सभी पीएचसी व सीएचसी को सुविधाओं से लैस करने का दावा भी किया जा रहा है। वहीं स्थानीय महिला चिकित्सालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। तकरीबन 50 हजार आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने वाला स्थानीय महिला चिकित्सालय व प्रसवोत्तर केंद्र इस कदर जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। आलम यह है कि यहां मरीज आने में भी डर रहे हैं।

हॉस्पिटल की छत से गिरता प्लास्टर, सीपेज के कारण दीवालों में लगी काई, दीवारों पर उगे झाड़ झंखाड़ मानो इसकी पहचान बन गए हैं। आलम यह है कि यहां पर तैनात



चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर ड्यूटी करने को मजबूर हैं फिर भी किसी का ध्यान इस ओर नहीं है।

लगभग चार दशक पूर्व लाखों रुपए की लागत से बनाया गया यह चिकित्सालय अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भवन देखने से ही इसकी बदहाली का पता चल जाता है। इसकी छत ऊपर से टूटकर गिर रही है। यहां तक कि छत का सरिया भी दिखाई दे रहा है। दीवारों में जगह जगह दरार पड़ गई तथा फर्श भी टूट रहा है। इसमें रहना काफी जोखिम पूर्ण है। यहां पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया बावजूद किसी ने संज्ञान नहीं लिया। ऐसी स्थिति में यहां काम करना काफी मुश्किल हो रहा है। अगर जल्द से जल्द इसे ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी कोई घटना हो सकती है।

# बांसडीह में सरकारी बस अड्डा की मांग को लेकर लखनऊ में युवा नेता ने सौंपा पत्रक

**क्षेत्र के विकास की खातिर , रोडवेज की उपनिदेशक अन्नपूर्णा गर्ग को दिया मांग पत्र, मिला भरोसा**

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया) : योगी सरकार की नजर हर तरफ है। लेकिन बांसडीह में सरकारी बस अड्डा न होने से लोगों को काफी परेशानी है इस तरफ नहीं है। कांग्रेस के युवा नेता ने लखनऊ में परिवहन विभाग की उपनिदेशक अन्नपूर्णा गर्ग को उनके कार्यालय में मिल पत्रक सौंपा।

बता दें कि बलिया नगर से विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह हैं। बांसडीह में सरकारी बस अड्डा नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। बुधवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिजीत तिवारी सत्यम ने लखनऊ स्थित परिवहन विभाग कार्यालय में पहुंचकर उपनिदेशक (आईएएस) अन्नपूर्णा गर्ग को पत्रक सौंपा। ताकि सरकारी बस अड्डा बांसडीह में बन सके। फोन पर लखनऊ से अभिजीत ने बताया कि जिले के बांसडीह तहसील का एक अलग स्थान है। आजादी की लड़ाई से लेकर वर्तमान तक राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्रों में बाँसडीह ने प्रदेश तथा देश स्तर पर एक पहचान रखा है। लेकिन दुर्भाग्य है कि परिवहन के क्षेत्रों में बांसडीह के साथ सौतेला व्यवहार हुआ है। जबकि बाँसडीह केंद्र बिंदु है। यहां से मऊ, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर जनपदों सहित बिहार राज्य के कई जिलों तक जाने हेतु कम दूरी व सुगम वाले मार्ग हैं। जिस पर परिवहन विभाग की बस चलाए जाने से परिवहन विभाग को भी फायदे होंगे। अभिजीत ने कहा कि परिवहन विभाग की उपनिदेशक अनुपूर्णा गर्ग ने भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द आपकी इस जनहित के समस्या को दूर किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को, प्री-ट्रायल बैठक

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में लोक अदालत के लिए

**ट्रायल बैठक हुई।**

जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में समस्त सम्मानित पीठासीन अधिकारीगण की प्री-ट्रायल बैठक, आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से इकट्ठा हुए। बैठक का संचालन न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया सर्वेश कुमार मिश्र के द्वारा किया गया। उक्त बैठक में 13 अगस्त को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। जितेन्द्र कुमार पाण्डेय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को, अपने न्यायालय में लम्बित मामलों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करें। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हांकित किये गये वादों की सूची यथासम्भव शीघ्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्रेषित करें। उक्त बैठक में दिनेश कुमार मिश्रा प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, हुसैन अहमद अंसारी अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-3/नोडल अधिकारी लोक अदालत बलिया, श्रीमती मनीषा विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.एक्ट), महेश चन्द वर्मा, विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट) अपर जनपद न्यायाधीश,



गोविन्द मोहन अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-8 (पोक्सो एक्ट) , ओमकार शुक्ला विशेष न्यायाधीश (गैगेस्टर एक्ट)/अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-5, ओम प्रकाश अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0 7 (एन0डी0पी0एस0 एक्ट), नितिन कुमार ठाकुर अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-2, अरूण कुमार-तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं0-4, प्रशान्त बिलगैया अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी. प्रथम, विनोद कुमार अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी-।।, नरेन्द्र पाल राणा अपर जनपद न्यायाधीश एफटीसी ।।। एवं सर्वेश कुमार मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया उपस्थित रहे।

# डीएम ने बच्चों को विटामिन ए की पिलाई सिरप, नियमित टीकाकरण पर दिया जोर।

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज जिला अस्पताल में बाल स्वास्थ्य पोषण कार्यक्रम माह का फीता काटकर शुभारंभ किया। डीएम ने इस अवसर पर बच्चों को विटामिन ए व आयरन सिरप पिलाकर उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस कार्यक्रम के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को रतौंधी, खसरा सहित अन्य संबंधित बीमारियों से निजात के लिए एक माह विटामिन ए की व आयरन सिरप पिलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 9 माह से 12 माह तक के बच्चों को 1', 12 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए 2' की खुराक दी जाएगी। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर ने बताया कि जनपद के सभी ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर एक माह तक लगातार यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के दिन बुधवार और शनिवार को यह दवा लगाई गई टीमों द्वारा अभियान चलाकर पिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में बाल स्वास्थ्य पोषण माह की पूरी तैयारी कर ली जाए। सभी नो माह से पांच साल तक के बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए विटामिन ए व आयरन सिरफ से अभियान चलाकर लाभान्वित किया जाए। इसमें कोई भी लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। टीकाकारण सत्रों में व ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) के दौरान नौ माह से



पांच वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित मात्रा में विटामिन ए की खुराक पिलाई जाए। इससे बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी साथ ही आयरन की कमी दूर होगी इसके अलावा रतौंधी से सुरक्षा मिलेगी और शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए व आयरन सिरप उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। अभियान के तहत बच्चों का वजन लेना, एक घंटे के अंदर और छह माह तक सिर्फ स्तनपान, उसके बाद स्तनपान के साथ अनुपूरक अर्ध ठोसाहार, गर्भवती को आयोडीन युक्त की नमक के सेवन के प्रति जागरूक किया जाए। बच्चों के नियमित टीकाकरण पर भी जोर दिया जाए।

# धूमधाम से मनायी गयी जिले मे शिक्षा की अलख जगाने वाले पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की जयंती

*तहसील क्षेत्र के सांगीपुर, लक्ष्मणपुर व साहबगंज की शिक्षण संस्थाओं में हुए विविध कार्यक्रम*

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज में पं. मुनीश्वर दत्त उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते शिक्षक प्रतापगढ़ जिले में शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षाविद् पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। सांगीपुर बाजार स्थित गांधी इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय की अध्यक्षता मे आयोजित समारोह में शिक्षकों ने स्वर्गीय मुनीश्वरदत्त जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया। इसके पश्चात संगीत शिक्षक बच्चाबाबू वर्मा के संयोजन में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व सोहर आदि का गायन किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने कहा कि पं. मुनीश्वर दत्त ने जिले में दो दर्जन शिक्षण संस्थाओं की स्थापना कर गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया था। उनके अनुशासन व कार्यशैली तथा इच्छाशक्ति सदैव जनपदवासियों के लिए प्रेरणाश्रोत रहेगी। श्री पाण्डेय ने पं. मुनीश्वर दत्त को शिक्षा जगत का मालवीय बताते हुए जिले में शिक्षा के उत्थान में उनके द्वारा किये गये कार्यो पर विस्तृत प्रकाश डाला। वक्ता रामबोध शुक्ल, बृजेश द्विवेदी आदि ने पण्डित जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर छात्रों को बताया। कार्यक्रम का संचालन रवीन्द्र भूषण मिश्र ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, देवेशचंद्र शुक्ल, बृजेश शुक्ल, प्रेम कुमार वैश्य, रविशंकर उपाध्याय, अनुराग उपाध्याय, अल्प नारायण शुक्ल, श्रीधर तिवारी, संतोष तिवारी, चंद्रप्रकाश आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में लीलापुर के साहबगंज स्थित पं. सुखपतिराम इण्टर कालेज मे प्रधानाचार्य डा. अमिताभ शुक्ल के संयोजन में पं. मुनीश्वर दत्त उपाध्याय की जयंती मनाई गयी। वहीं लक्ष्मणपुर के गजाधर इण्टर कालेज में भी प्रधानाचार्य के सुधाकर उपाध्याय संयोजन में जयंती पर विविध कार्यक्रम हुये।

# राजा को पता नहीं मुशहरा बन बांट गये

**समाज जागरण दीपक त्रिपाठी सियाराम गंज बाजार,प्रतापगढ़**

बिहार ब्लॉक के त्रिलोक पुर ग्राम सभा में घोटाले का। मामला प्रकाश में आया ह ग्राम सभा त्रिलोक पुर वित्तीय वर्ष 2021-2022 में नरेगा के तहत किया गया

ग्राम सभा त्रिलोक पुर के दो प्रार्थना पत्र आज सामने आए जिनका कहना है कि हमारे खेत के समतली करण के नाम पर प्रधान, सचिव, व तकनीकी सहायक की मिली भगत से बिना कार्य कराए ही भुगतान करा लिया गया है।

हमारे खेत का कोई भी समतली करण आज तक नहीं हुआ है और लाखों रुपए निकाल लिए हैं- राजेश विश्वकर्मा त्रिलोक पुर व राकेश सरोज त्रिलोक पुर

अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब खेत का समतली करण नहीं हुआ तो स्टीमेट कैसे बना, मास्टर रोल कैसे निकला, और बिना कार्य कराए ( एम वी ) कैसे हो गई आखिर कैसे हो गया भुगतान

जब ऐसे कृत्य सामने आते हैं तो इमानदारी का ढोल पीटने वाले प्रधान, साचिव, और जे.ई. महोदय की खुलती है पोल

अब देखना है कि क्या प्रार्थना पत्र देने वाले ग्रामीणों को मिलता है न्याय या बिहार में अन्य भ्रष्टाचार की तरह

# राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रसड़ा में बेहतर इलाज की सुविधा : डा. धीरज विश्वकर्मा

**आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) : राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय रसड़ा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ धीरज विश्वकर्मा ने बताया यहां इलाज की बेहतर व्यवस्था है। यहां सैकड़ों मरीज रोज देखे जाते हैं। यहां और जगह की तरह जाँच कराने हेतु मरीजों को परेशान नहीं किया जाता।

कहा यहां सभी तरह के मरीज सर्दी जुकाम और खांसी गठिया हड्डी की समस्या के लगभग सैकड़ों मरीज रोज आते है, स्वस्थ हो जाते हैं। आयुर्वेद में रोगों का इलाज की स्थायी व्यवस्था होती है। प्रतिदिन दर्जन आयुरक्षा इम्यूनो बूस्टिंग किट प्रदान किए जाते हैं। जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे सहायक होती है। वहां उपस्थित मरीज से पूछा गया तो बताये कि जैसे यहां से दवाई लिए है तबसे बहुत आराम है, और किसी तरह की कोई परेशानी महसूस नहीं होती है। एक मरीज ने तो ये भी बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसडा. पर जाने पर एक तो दुनिया भर का जांच लिख देते हैं दूसरी तरफ सरकारी पर्ची पर थोड़ी बहुत दवा लिखते बाकी



महंगी महंगी दवाई सादी पर्ची पर लिख देते हैं। बोलते है मेडिकल स्टोर से ले लो। वहां मरीजों का जबरदस्त शोषण होता है और यहां सरकारी पर्ची पर दवाई मिलती है यहां की सेवा रसडा.में सबसे बेहतर है।

# नवसृजित नगर पंचायत रतसर में बनेगें 14 वार्ड, कस्बा में जश्न का माहौल

**जुनेद अहमद,**
**दैनिक समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : पिछले वर्ष की नव सृजित नगर पंचायत रतसर कलां को धरातल पर उतारने के लिए 14 वार्ड बनाने की अधिसूचना जारी कर नगर पंचायत नियमावली के तहत घोषित किए वार्डो के लिए आपत्तियां भी मांगी गई थीं। समय सीमा के अन्दर 8 आपत्तियां पड़ी थी जिसका समय रहते निस्तारण कर दिया गया। शासन ने जो मसौदा बनाकर घोषित किया है नगर पंचायत की सीमा में वार्डों की स्थित यथावत रहेगी।

अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने बताया कि नगर पंचायत की वार्ड अधिसूचना घोषित कर दी गई थी। सात दिनों की समय सीमा समाप्त हो गई है और जो भी आपत्तियां मिली उसका समय रहते निस्तारण कर दिया गया है क इससे अब चुनाव का रास्ता प्रशस्त हो गया है। इसको लेकर नगर पंचायत वासियों में खुशी की लहर है। वार्ड की सीमा एवं विस्तार कर 14 वार्ड बनाए गए है जिसमें अम्बेडकर नगर, छतरपुर, शिवपूरी, स्वामी विवेकानन्द नगर, कीर्ति नगर, रानी लक्ष्मी बाई नगर, महाराणा प्रताप नगर, देव नगर, एपीजे अब्दूल कलाम नगर, चन्द्र शेखर नगर, बीका भगत, गांधी नगर, शिवा जी नगर एवं आनन्द नगर शामिल है। वहीं कस्बावासियों ने बताया कि नगर पंचायत के अस्तित्व में आ जाने से विकास के साथ- साथ साफ-सफाई की भी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हो जाएगी साथ ही बिजली की व्यवस्था एवं पेयजल के लिए बजट की भी बढ़ोत्तरी होगी।



# ब्रेक फेल होने से ई रिक्शा पलटा दो महिला घायल!

## *बाबा बेलखरनाथ धाम चढ़ाई के दौरान हुआ हादसा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया!!*

**समाज जागरण**
**विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

बुधवार की सुबह 10 बजे आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आमापुर गांव निवासी मीरा मिश्रा 40 वर्ष पत्नी मातादीन मिश्रा तथा कुसुम मिश्रा 55 वर्ष पत्नी घनश्याम मिश्रा घर की चार अन्य लोगों के साथ ई रिक्शा से बाबा बेलखरनाथ धाम दर्शन पूजन करने आ रही थी तभी बेलखरनाथ धाम टीले पर चढ़ाई के दौरान ई रिक्शा का ब्रेक फेल हो गया ई रिक्शा पीछे आकर पलट गया जिसमें दोनों महिलाएं घायल हो गई शेष चार अन्य महिलाएं सुरक्षित बच गई।

आसपास के लोग पहुंच कर ई रिक्शा उठाकर दोनों महिलाओं को बाहर निकाला गया इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई मीरा मिश्रा को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों घायल महिलाओं का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ धाम में चल रहा है। घायल महिलाओं के परिजनों की सूचना पुलिस द्वारा दी गई परिजन सीएचसी पहुंचकर राहत की सांस ली।

ई रिक्शा चालक कल्लू उपाध्याय की लापरवाही से हादसा हुआ जिस ढलान पर खाली ई रिक्शा चढ़ने में असुविधा रहती है वहां सवारी लेकर चढ़ने के दौरान ई रिक्शा पलट गया।।

# प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर में आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा की तैयारी बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

मुसाफिरखाना अमेठी। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत क्षेत्र के गुन्नौर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक वन्दना की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभिभावकों को संबोधित करते हुए सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव ने कहा कि देश की आजादी के 75वीं वर्षगाँठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अपनी आजादी को बनाए रखें, तिरंगे का सम्मान करें, सभी भारतीय नागरिकों का कर्तव्य बनता है कि अपने देश की आन बान शान को बनाए रखें जैसा कि हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर तिरंगे को झुकने नहीं दिया और सम्मान के साथ भारत में तिरंगा फहराया। 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अमृत महोत्सव सप्ताह मनाया जाएगा बैठक में हर घर में तिरंगा फहराने



हेतु अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनुप्रास गुप्ता शिक्षा मित्र सालिकराम मौर्य सुमन प्रजापति एएनएम कमला देवी यादव आंगनबाड़ी कार्यकत्री विनीता दुबे रिंकी तिवारी उमा सिंह जोगिंदर एवं विद्यालय के कर्मी व अभिभावक मौजूद रहे ।

# *मजहबी गेट के विरोध में धरने पर बैठे भदरी नरेश उदय सिंह*

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी संवाददाता प्रतापगढ़**

वाकया कुंडा तहसील के शेखपुरा आशिक गांव का है जहां उन्मादी लोगों ने सड़क के आर पार मस्जिद नुमा गेट बना दिया है`जो आम सड़क है जो बिहार बाजार से कुंडा जाने वाली सड़क को प्रयागराज लखनऊ मार्ग को जोड़ती है` यह सड़क इतनी चालू है कि हजारों लोग वहां बाइक ,चार पहिया व पैदल तथा अन्य साधनों से आया जाया करते हैं` इस बार यहां के लोगों ने अस्थाई मस्जिद नुमा गेट बना दिया जिसके नीचे से हो कर आना जाना पड़ता है इससे हिंदुओं की भावनाएं आहत होती हैं` लोगों ने क्षेत्र के हिंदू हृदय सम्राट माननीय



भदरी नरेश उदय सिंह से शिकायत की

` राजा ने संज्ञान लेते हुए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई लेकिन किसी ने गेटहवाने की जहमत नहीं उठाई` विवश होकर उदय सिंह ने गेट नं हटने तक धरने पर सैकड़ों समर्थकों के साथ धरने पर तहसील परिसर कुंडा में बैठ गये`

माननीय उदय सिंह का कहना है कि हिंदू अपमान नही सहेगा` धरने के समर्थन में तहसील के वकील भी न्यालय कार्य से विरत हो साथ खड़े हो गये`

# भाजपा सांसद के चाचा ने ग्रहण की बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता

**समाज जागरण दीपक त्रिपाठी सियाराम गंज बाजार प्रतापगढ़** के सांसद संगम लाल गुप्ता के रिश्ते में चाचा लगने वाले पूर्व नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के अध्यक्ष रह चुके राम किशोर साहू ने भारतीय जनता पार्टी से किनारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष लालचंद गौतम के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी आशुतोष राणा की मौजूदगी में राम किशोर साहू में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मीडिया से बातचीत के दौरान राम किशोर साहू ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने का फैसला उनका निजी है।

इस फैसले से सांसद के परिवार से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रह चुके राम किशोर साहू अब बहुजन समाज पार्टी का झंडा बुलंद करेंगे। सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चा उठ रही है।

कुछ दिनों बाद ही नगर पंचायत का चुनाव संपन्न होगा ऐसे में अलग-अलग पार्टियों में सदस्यता को लेकर अभियान भी चल रहा है

# गुलाल पुर ड्रेन सफाई कार्य को देखने निकले नायब तहसीलदार

## *कार्य की परखी गुणवत्ता और किसानों से किया संवाद*

**समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी**

किसानों की फसल बरसात से खराब न हो, तथा उन्हें अपनी फसल को सींचने में कोई व्यवधान न हो और सिंचाई के लिए समुचित ढंग से पानी मिले जो प्रदेश सरकार की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है। जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर नायब तहसीलदार गौरीगंज आशुतोष पाण्डेय ने गौरीगंज तहसील के आधा दर्जन ड्रेनों का औचक निरीक्षण किया। और स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर ड्रेन के सफाई की जानकारी ली। विदित हो कि विगत वर्ष गुलालपुर ड्रेन की सफाई ना होने से खाखरदेई के किसानों की सैकड़ों बीघा पानी भराव की वजह से फसल बर्बाद हो गई थी। जिसको लेकर यहां के किसानों ने विधानसभा चुनाव के मतदान का बहिष्कार किया। मामला इतना तूल पकड़ा की जिले में हो रही कुश्ती प्रतियोगिता तक किसान का आन्दोलन जा




पहुंचा। किसानों का गम्भीर मामला देख अमेठी सांसद केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के जिलाधिकारी अमेठी सहित नहर विभाग को ड्रेन की सफाई के कार्य के लिए निर्देशित किया। जिस पर विभाग ने टेंडर प्रक्रिया अपनाकर ड्रेन का साफ सफाई कार्य ठेकेदार से कराया गया। जिसकी गुणवत्ता और सफाई कार्य को देखने किसानों की राय को जानने के लिए जिलाधिकारी अमेठी ने नायब तहसीलदार को ड्रेन स्थल भेजकर जमीनी कार्य को देखा और किसानों की संतुष्ट को जानने का प्रयास किया। उन्होंने स्थानीय किसानों से बात किया जो जिला प्रशासन के कार्य से गदगद व खुश दिखे। इसके अलावा बहोरिकपुर ड्रेन, माधवपुर ड्रेन, दोस्तपुर ड्रेन, चिलबिली ड्रेन का भी निरीक्षण किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत बच्चों द्वारा निकली गई प्रभात फेरी

## तैयारी अमृत महोत्सव की, कन्या प्राथमिक विद्यालय कठौड़ा के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाल किया लोगों को जागरूक

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण सिकन्दरपुर (बलिया) : नवानगर ब्लॉक के अंतर्गत कठौड़ा कन्या प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण से आजादी का 75वां अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बच्चो की टोली बनाकर प्रभात फेरी निकाली गई। बुधवार को आयोजित इस प्रभात फेरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र चौधरी रहे। इस प्रभात फेरी में विद्यालय के समस्त बच्चो ने भाग लिया और पूरे जोश के साथ देश भक्ति नारे लगते हुए, देश भक्ति गाने गाते हुए लोगों को जागरूक करने का काम किया। प्रभातफेरी के तीसरे दिन पंचायत भवन होते हुए सिंचाई विभाग के डाकबंगला होते हुए कुटुंबगंज घाट की राजभर बस्ती होते हुए विद्यालय परिसर में पहुंच कर समाप्त हुआ।

# नगर पालिका परिषद बेल्हा के वार्डो में स्थायी निवास करने वाली महिलायें आशा हेतु 16 अगस्त तक करें आवेदन

**--समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ल ने बताया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा के चयन हेतु नगर पालिका परिषद बेल्हा प्रतापगढ़ के वार्ड/मलिन बस्तियों में क्रमशः पड़ाव वार्ड स्थायी निवास करने वाली महिलायें 16 अगस्त 2022 तक आवेदन कर सकती है। आवेदन पत्र का प्रारूप क्षेत्र की ए0एन0एम0, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजीत नगर एवं कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है एवं आवेदन पत्र टाइप प्रोफार्मा पर जमा किया जा सकता है। उन्होने बताया है कि आशा को सम्बन्धित वार्ड की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है, इस हेतु निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी के द्वारा निर्गत मान्य होगा। विवाहित/विधवा/तलाकशुदा/पति से अलग हो गयी महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। न्यूनतम हाईस्कूल उत्तीर्ण हो तथा इण्टर तथा उच्च शिक्षित होने पर अतिरिक्त अंक निर्धारित किया जायेगा। उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिये। आशा चयन में जेएनएनयूआरएम, यूनीसेफ (एस0एम0नेट) एवं भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओं के समुदाय स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों को अनुभव के आधार पर वरीयता अंक प्रदान किया किये जायेगें।

## उ0प्र0 सिविल सर्विसेज टीम के लिये जनपद स्तरीय चयन/ट्रायल्स 06 अगस्त को

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**। क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज ने बताया है कि वर्ष 2022-23 में उ0प्र0 सिविल सर्विसेज टीम के लिये जनपद स्तरीय चयन/ट्रायल्स दिनांक 06 अगस्त 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे से स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में आयोजित किया जायेगा। इस ट्रायल्स में उ0प्र0 राज्य सरकार के अधीन विभागीय कर्मचारी/अधिकारी खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकते है। इस चयन/ट्रायल्स में टेनिस, वालीबाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एवं बेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावरलिफटिंग, क्रिकेट, हाकी खेल सम्मिलित है। चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने हेतु अपने विभाग से अनुमति प्राप्त कर विवरण के साथ क्रमशः क्रम संख्या, खिलाड़ी/कर्मचारी का नाम, आई0डी0 नम्बर सहित, जन्मतिथि, विभाग का नाम जहां सेवारत है, सेवा में आने की तिथि एवं वर्तमान तैनाती की तिथि, सेवा प्रकार के पत्र के साथ उपस्थित हो। अधिक जानकारी के लिये जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं

## रोजगार मेले का आयोजन 06 अगस्त को

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 06 अगस्त 2022 को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी डाबर आयुर्वेदिक इण्टरप्राइजेज द्वारा सुपरवाइजर, स्टोर इंचार्ज, एरिया मैनेजर, पैकिंग इंचार्ज व हेल्पर पद हेतु, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा डिस्ट्रिक्ट हेड, ब्लॉक हेड एण्ड कलस्टर हेड पद हेतु, जी4एस कम्पनी प्रा0लि0 द्वारा सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु तथा एल0आई0सी0 समेत 8-10 कम्पनियों का प्रतिभाग करना सम्भावित है जिनके द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना हैं मेले में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान तथा कौशल विकास मिशन द्वारा भी प्रति किया जायेगा जिसमें इन संस्थानों द्वारा संचालित प्रशिक्षणों की जानकारी दी जायेगी। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सर्वप्रथम अभ्यर्थी को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पूर्व से सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपना लागिन आई0डी0 द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में मेरिट के आधार पर कक्षा-11 में प्रवेश हेतु 18 अगस्त तक करायें पंजीकरण

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य संत सिंह ने बताया है कि लखनऊ सम्भाग के जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा-11 के रिक्त सीटों को मेरिट के आधार पर भरने हेतु पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। प्रवेश हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2022 निर्धारित है। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01.06.2005 और 31.05.2007 (दोनो तिथियां सम्मिलित) होनी चाहिये। यह सभी श्रेणी के लिये मान्य है जिनमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी भी शामिल है। शैक्षणिक सत्र 2021-22 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर कक्षा 11वीं में उपलब्ध रिक्तियों के लिये नवोदय विद्यालय समिति के मानदण्ड के अधीन प्रवेश होगा। एन0सी0सी0, स्काउट और गाइड एवं खेलकूद के लिये अतिरिक्त महत्व दिया जायेग। विज्ञान, वाणिज्य, व्यावसायिक और मानविकी उपलब्ध संकाय है। प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का चयन सम्बन्धित जनपद के रिक्तियों के सापेक्ष जनपदवार योग्यता सूची के आधार पर तैयार की जायेगी। जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में रिक्तियों के सापेक्ष विद्यार्थियों का चयन पूर्ण होने के उपरान्त राज्य स्तर पर सामान्य योग्यता सूची तैयार की जायेगी। विस्तृत जानकारी नवोदय विद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

## मानिकपुर में प्रसव के दौरान हुई जच्चा बच्चा की मौत,

*पति ने लगाया इलाज के नाम पर खेल करने काआरोप*

**समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़**

कुंडा तहसील के मानिकपुर कस्बे के मुंदीपुर के समीप गुरुदेव ट्रामा सेंटर की घटना जहां डिलीवरी के दौरान महिला और बच्चे की गई जान

पीड़ित का आरोप पहले महिला को लेकर परिजन कुंडा सीएससी पहुंचे जहां एएनएम ने अपने कमीशन के चक्कर में मानिकपुर स्थित गुरुदेव ट्रामा सेंटर में ले गई जहां डिलीवरी के दौरान मां और बच्चे की मौत हो गई

परिजनों ने हॉस्पिटल के सामने शव रखकर जमकर मचाया हंगामा सूचना पर पहुंचे भारी पुलिस बल, पीड़ित परिवार मुकदमा लिखाना चाहता है इलाज के नाम पर ग्रामीणों के साथ हो रहा खेल स्वास्थ्य विभाग नही कर पाता ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही जिसकी कीमत जान देकर चुकाते है लोग`

## व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अरुण शुक्ल**

लालगंज, प्रतापगढ़। उत्पीड़न से नाराज व्यापारियों ने एसडीएम सौम्य श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा है। बुधवार को लालगंज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शत्रुध्न शुक्ल की अगुवाई में व्यापारियोंव्यापारियों ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लालगंज, प्रतापगढ़। उत्पीड़न से नाराज व्यापारियों ने एसडीएम सौम्य श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा है। बुधवार को लालगंज पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष शत्रुध्न शुक्ल की अगुवाई में व्यापारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि टैक्स चुकाने के बाद भी खाद्य सामग्री बेचने पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। एसडीएम ने जांच का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया। इस मौके पर जय कौशल, झुन्ना तिवारी, मंटू पाण्डेय, मिथलेश जायसवाल, डीपी सिंह आदि मौजूद रहे। ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि टैक्स चुकाने के बाद भी खाद्य सामग्री बेचने पर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। एसडीएम ने जांच का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया। इस मौके पर जय कौशल, झुन्ना तिवारी, मंटू पाण्डेय, मिथलेश जायसवाल, डीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# घोटाले की आई बाढ़ में सचिव सीलम सिंह व ग्राम प्रधान ने भी लगाई डुबकी विद्यालय की बाउंड्री वॉल में भी किया लंबा घोटाला

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

**रामपुर मथुरा।** विद्यालय की बाउंड्रीवाल बनवाने में पुराना ईट का प्रयोग किया जा रहा है,जबकि स्टीमेट में नया ईट लगवाने का प्रावधान है। उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट सरैया मसूदपुर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पूर्व में बनी बाउंड्री को तोड़कर उसी पुराने ईट का प्रयोग किया जा रहा है जबकि जो स्टीमेट पास हुआ है उसमें नया ईट लगवाने के लिए पैसों की मंजूरी हुई है,दीवार के नीचे रोड़ा भी नही डलवाया गया ,मसाला भी मानक विहीन प्रयोग किया जा रहा है। हाल ही में स्थानांतरित हो कर आए ग्राम बिकास अधिकारी सीलम की मिली भगत से सरकार के पेसो का बंदरबाट हो रहा है। इस विषय में खण्ड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ल ने बताया कि विद्यालय की बाउंड्री वॉल बनवाने में नई ईट लगना चाहिए यदि ऐसा हुआ है तो जॉच करवाकर संबंधित सचित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



## सामुदायिक शौचालय बनकर तैयार , पर नही हुआ चालू

**बहराइच।** विकास खण्ड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम सभा बसंतपुर कालिका में जहां शौचालय समय पर नहीं खुलता और ना ही कोई साफ-सफाई की कोई व्यवस्था है। सूत्रों के मुताबिक बताया जा रहा है कि नहीं बिजली की कोई व्यवस्था है ना ही पानी की और ना ही व्यवस्था साफ सफाई की गांव में जो लोग तालियों से सचिव रह गए हैं या फिर किसी कारणवश उनके घर में शौचालय नहीं बन पाई है वैसे लोगों के लिए गांव में शासन ने सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया है ताकि गांव में स्वच्छता बनी रहे ग्रामीण इन शौचालयों का उपयोग कर सकें लेकिन पंचायत ने साढ़े तीन लाख रुपए की लागत से शौचालय बनाकर तैयार कर दिया जिसमें बिजली पानी व साफ-सफाई नही होने से शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर कालिका में बनवाए गए सामुदायिक शौचालय परिसर ग्रामीणों के उपयोग में नहीं आ रहे हैं कई ग्राम पंचायतों ने सामुदायिक शौचालय में ताला लटका रहता है ऐसे में शासन की मंशा पर पानी फिर रहा है और जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं ज्यादातर पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है कुछ पंचायतों मैं राशि निकलने के बाद भी अभी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है कर्मचारी की माने स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण करके स्वच्छ ग्राम पंचायत बनाया है लेकिन शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है क्योंकि ग्राम पंचायतों में पानी और साफ सफाई की व्यवस्था निश्चित रूप से ठीक नहीं है।



## सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का मतलब अपनों का कल्याण-लौटनराम निषाद

*"राज्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति में 80 प्रतिशत से अधिक सामान्य वर्ग का प्रतिनिधित्व,क्या यही सामाजिक न्याय है"*

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश न्याय अनुभाग-3(नियुक्तियां) दिनांक-01-08-2022 के आदेश के अनुक्रम में राज्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति में ओबीसी,एससी, एसटी के प्रतिनिधित्व को नजरअंदाज किया गया है।भारतीय ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ.लौटनराम निषाद ने कहा कि भाजपा का सबक साथ सबका विकास सबका विश्वास का नारा पूरी तरह ढोंग है।मण्डल कमीशन के विरोध में कमंडल रथयात्रा निकालने वाली भाजपा कभी वंचित वर्ग की हितैषी नहीं हो सकती।उन्होंने कहा कि न्याय अनुभाग-3 के पत्र संख्या-डी-904(1)/सात-न्याय-3-22-19रिट/2017 दिनांक-01 अगस्त,2022 के द्वारा मा.उच्च न्यायालय इलाहाबाद व खंडपीठ लखनऊ में 586 विधि अधिकारियों की नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है।राज्य विधि अधिकारियों के 586 पदों पर नियुक्ति की गई है।जिसमें मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में 466 व लखनऊ खण्डपीठ में 220 विधि अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिसमें 80 प्रतिशत से अधिक सामान्य वर्ग की नियुक्ति की गई है।ओबीसी,एससी को 10 प्रतिशत भी प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है,जो सामाजिक न्याय की मीमांसा के बिलकुल विरुद्ध है।उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विधि अधिकारी के रूप में आबद्ध 505 अधिवक्ताओं की आबद्धता 1 अगस्त,2022 को समाप्त कर 466 व खण्डपीठ लखनऊ में आबद्ध 336 अधिवक्ताओं की आबद्धता समाप्त कर 220 अधिवक्ताओं को विधि अधिकारी नियुक्त किया गया है। निषाद ने बताया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद में 366 व लखनऊ खंडपीठ में 220 विधि अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नियुक्त किये गए 366 विधि अधिकारियों में 161 स्थायी अधिवक्ता,13 अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता,105 ब्रीफ होल्डर(सिविल) व 87 ब्रीफ होल्डर(क्रिमिनल) की नियुक्ति की गई है।इसी तरह खंडपीठ लखनऊ में 36 स्थाई अधिवक्ता,8 अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता,115 ब्रीफ होल्डर(सिविल) व 61 ब्रीफ होल्डर(क्रिमिनल) की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि कुल 586 विधि अधिकारियों में स्पष्ट तौर पर 468(79.86%) सामान्य वर्ग(ब्राह्मण, राजपूत, वैश्य,कायस्थ, राय) के हैं और ओबीसी,एससी, एसटी,मुस्लिम आदि 10 प्रतिशत भी नहीं हैं। निषाद ने बताया कि 586 विधि अधिकारियों में 126 राजपूत,201 ब्राह्मण,113 कायस्थ,20 वैश्य,8 भूमिहार हैं।पिछड़ी,दलित,अल्पसंख्यक वर्ग में जाहिर तौर पर 9 कुर्मी,2-2 पाल,यादव,12 मौर्य/कुशवाहा/सैनी,5-5 मुस्लिम, निषाद,3-3 साहू,चौरसिया, एससी व 1-1 गिरि,प्रजापति, सोनी,जैसवाल यानी स्पष्ट तौर मात्र 48 ओबीसी हैं और 70 का जातिबोध नहीं है।उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि भाजपा सबका साथ के नारे के बहाने अपनों का विकास कर रहीं है।

**चौ.लौटनराम निषाद**
**राष्ट्रीय प्रवक्ता-भारतीय ओबीसी महासभा**

# सहायक पंचायत विकास अधिकारी बलहा की अगुवाई में तिरंगा जागरूकता रैली निकाली गई

*हर घर तिरंगा, हर गली तिरंगा*

**नानपारा बहराइच** खंड विकास अधिकारी बलहा संदीप कुमार के निर्देशन मे आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हमारा देश आजादी का 75 वा वर्ष मनाने जा रहा है। आजादी के इस अमृत महोत्सव को हम सभी भारतीय एक बड़े त्योहार के रूप में मनाने के लिए उत्सुक हैं। झंडा ऊंचा रहे हमारा विजय विश्व तिरंगा प्यारा इस उद्घघोष के साथ आज दिनांक 3 अगस्त 2022 दिन बुधवार को विकासखंड बलहा के ग्राम पंचायत सचिव ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान गण पंचायत मित्र गण सफाई कर्मी और ब्लॉक के कर्मचारियों के साथ मिलकर विकासखंड बलहा से नगर नानपारा होते हुए नानपारा देहाती ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर तक तिरंगा यात्रा निकाली। आज पूरा देश 75 वा आजादी के महोत्सव के लिए उत्साहित है। एडीओ पंचायत मंसाराम यादव ने कहा कि इस पर्व पर हम सभी प्रण लें कि राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव रविंद्र यादव आशीष शर्मा रामनरेश



ग्राम विकास अधिकारी कुमार आशुतोष अमरेश गौतम एडीओ आईएसबी गुलाम जागीर वरिष्ठ सहायक सैयद अनस सरहदी एवं प्रधान माघी अच्छन खा प्रधान प्रतिनिधि सिसवारा बशीर खान प्रधान प्रतिनिधि नानपारा देहाती प्रधान प्रतिनिधि दौलतपुर वसीम अहमद सहित सफाई कर्मी गण पंचायत मित्र गण पंचायत सहायक गणो ने तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली में भाग लिया वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार त्रिपाठी ने विकासखंड बलहा के ग्राम पंचायत वैवाही में तिरंगा यात्रा जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम 13 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर घर में तिरंगा फहराया जाना है पूरे देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशन में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीणों को अपने अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित करें जिससे प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है इस अवसर पर प्रधान श्याम बिहारी शिव बाबू आदि ग्रामीण उपस्थित रहे

# रेउसा के गौलोक में बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने के लिए कीचड़ में उतरे तहसीलदार अविचल प्रताप सिंह विसवां

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

**रेउसा** क्षेत्र में बुधवार को नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है तटवर्ती इलाके के ग्रामीणों मे बाढ़ जैसी समस्या को लेकर भय व्याप्त है वहीं दूसरी ओर तीन गांव में घड़ियाल का भय व्याप्त है लगातार करीब दस दिनों से खेतों एवं आबादी में जंगली जीव जंतु का खतरा बरकरार है।तहसील कर्मचारियों द्वारा लगातार तटवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। परमेश्वर पुरवा पासिन पुरवा गार्गी पुरवा सहित गाँव मे सरयू नदी के बाढ का पानी भरा होने से करीब तीन सौ ग्रामीण आबादी सुरक्षित है । तहसीलदार अबिचल प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ चहला कीचड़ एवं बाढ़ के पानी से नंगे पैर गुजर कर गौलोक कोडर के पासिन पुरवा परमेश्वर पुरवा गार्गी पुरवा गांव पहुंचे जंगली जीव जंतु सर्प व



नदी से दूर रहे रात्रि के समय नदी के पास ना जाएं।गौलोक कोडर के मजरों के किसानों की कृषि योग्य भूमि बाढ़ के पानी से प्रभावित हैं पासिन पुरवा के भाई लाल की झोपड़ी नदी के पानी से प्रभावित है कटान के मुहाने पर है जिसको देखते हुए हैं मारुबेहड स्थिति एक मकान मे शिफ्ट किया गया है। जिन मजरो के कुछ ग्रामीणों के राशन कार्ड नहीं बने हुए हैं। कैंप लगाकर जल्द ही बनवाया जाएगा। रामनरेश भाई लाल जगदीश सहित परमेश्वर पुरवा पासिन पुरवा सहित नदी के निकटतम झोपड़ी वाले ग्रामीणों से मिलकर उनसे बात संवाद कर उनकी समस्याओं को तहसीलदार अबिचल प्रताप सिंह ने जाना उन्होंने बताया लोधपुरवा जाने वाले संपर्क मार्ग पर खडजा तालाब के गड्ढे के पास जलभराव है यहां पर ईटा रोड़ा और मिट्टी पटान की आवश्यकता है इसका समाधान जल्द ही किया जाएगा।पासिन पुरवा गांव के पास नदी खेतों में कटान कर रही है जिसके लिए बंबू कैरेट फ्लड फाइटिंग के सिचांई विभाग को सूचित कर दिया गया है।

# किसानों सहित राहगीर भी आवारा पशुओं से हो रहे परेशान , वाहनों को रोड पर निकलने में हो रही समस्याएं

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

**जनपद सीतापुर** की तहसील महमूदाबाद क्षेत्र में किसानों सहित राहगीर भी आवारा पशुओं से हो रहे परेशान और छोटे बड़े वाहनों को रोड पर निकलने में काफी समस्याएं उत्पन्न हो रही है । और आए दिन कहीं ना कहीं इधर उधर घूम रहे आवारा जानवरों से सड़क हादसे हो रहे हैं । क्योंकि आवारा जानवर झुंड बनाकर इधर-उधर निकलते हैं । जिससे किसानों को अपनी फसलों में नुकसान उठाना पड़ रहा है । तो वही दूसरी तरफ रोड पर बैठे आवारा पशुओं के झुंड से हाईवे सहित मुख्य मार्गों पर वाहनों को निकलने में काफी समस्याएं हो रही हैं । ऐसा एक दृश्य महमूदाबाद सिधौली संपर्क मार्ग पर सिरौली चौराहा पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र के पास लोगों को देखने को मिला । जहां पर छोटे- बड़े वाहनों के द्वारा बार बार हॉर्न की आवाज लगाई जाती है फिर भी आवारा जानवर रोड पर से उठने का नाम नहीं लेते है । जिससे मजबूरन वाहन चालकों को अपने वाहन को रोड से साइड में करके निकालना पड़ रहा है । और इन आवारा जानवरों के झुंड से राहगीरों को व किसानों को काफी समस्याएं उत्पन्न



करते आ रहे हैं । ग्रामीणो के द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पहले एक आदेश जारी हुआ था कि विकासखंड के अधिकारी व राजस्व विभाग के अधिकारियों सहित ग्राम प्रधान मिलकर अपने अपने क्षेत्र में इधर-उधर धूम रहे आवारा पशुओं को गौशाला बना कर उसमें बंद कराएंगे । और वहीं पर गौशाला में बंद जानवरों के चारा पानी की व्यवस्था भी करवाएंगे । और वही खबर कवरेज करने के दौरान किसानों व कुछ राहगीरों ने मीडिया को बताया कि उक्त आदेश सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गया । क्योंकि जारी हुये आदेश का पालन संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा नहीं किया गया । और यदि अधिकारी व कर्मचारी आवारा जानवरों के लिए कुछ अच्छे उपाय करते तो शायद जो नजारा रोड ऊपर देखने को मिलता है यह ना मिलता । और जो सड़क हादसे आवारा जानवरों के कारण होते हैं वह भी कम हो जाते । देखना है की खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित अधिकारी इधर झ उधर धूम रहे आवारा जानवरों पर कोई कार्यवाही करते हैं या नहीं । या फिर ऐसे ही संबंधित अधिकारी कागजों पर लीपापोती कर के सड़क पर निकालने वाले राहगीरों को हादसे का शिकार करवाते रहेंगे । और इसी तरह किसनों कि फसलें बर्बाद होती रहेंगी ।

# इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) करेगा इंस्टाग्राम स्टार शिवानी कुमारी को सम्मानित

*राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2022 सम्मान से किया जाएगा सम्मानित*

(सुघर सिंह सैफई)

**इटावा।** इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन (भारत) द्वारा इंस्टाग्राम स्टार /यूटूबर लोक कलाकार शिवानी कुमारी को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला संयोजक रामनरेश पोरवाल, जिला प्रभारी सर्वेन्द्र कुशवाहा, जिला अध्यक्ष पुष्पराज ने बताया कि औरैया जिले के अरियारी गाँव मे गरीब घर मे जन्मी शिवानी कुमारी लोक कला व संस्कृति को बचाने के लिए प्रयासरत हैं और ग्रामीण लोक कला व ग्रामीण परिवेश व ग्रामीण संस्कृति को अक्षुण्य बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभा रही हैं। उनके द्वारा बनाए गए वीडियो में ग्रामीण लोक कला व संस्कृति को देखने को मिलती है इससे पूरे देश में शिवानी कुमारी के वीडियो वायरल हो रहे है। शिवानी कुमारी के वीडियो को अब तक देशभर के करोड़ों लोग देख चुके हैं इसके अलावा यूट्यूब पर भी शिवानी कुमारी को 15 करोड़ 80 लाख से अधिक लोग शिवानी के वीडियो को देख चुके है। हुआ है और उसे 42 लाख लोग से देख चुके हैं। शिवानी कुमारी अभी फिलहाल कई वीडियो



इंस्टाग्राम पर भी शिवानी कुमारी के 2.3 मिलीयन फॉलोअर्स हैं। शिवानी कुमारी के दर्जनो विडियो को इंस्टाग्राम पर करोड़ों लोगों ने देखा है। शिवानी कुमारी के यूट्यूब चैनल पर भी 10 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं शिवानी कुमारी का अभी पिछले महीने हरियाणा के कलाकारों के साथ बनाया गया बलमा वीडियो एलबम काफी वायरल गानों की शूटिंग में बहुत ज्यादा व्यस्त हैं और भोजपुरी फिल्मों के तमाम कलाकार हरियाणा के तमाम कलाकारों के साथ उनके कई वीडियो एल्बम जल्द रिलीज होंगे। शिवानी कुमारी को प्रोत्साहित करने के लिए इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन ने शिवानी को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# टीचर्स ऑफ बिहार ने फेसबुक लाइव के माध्यम से आयोजित किया एक्सक्लूसिव कार्यक्रम लेट्स टॉक "सवाल आपके, जवाब हमारे"

बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार ने बिहार के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं उनके द्वारा विद्यालयों में आयोजित नवाचारी गतिविधियों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से निर्मित अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की उपयोगिता, उसकी कार्यप्रणाली, टीम संरचना, शिक्षकों के सुझावों, शिकायतों एवं आगामी भविष्य की योजनाओं को लेकर रविवार को फेसबुक लाइव के माध्यम से एक्सक्लूसिव कार्यक्रम लेट्स टॉक "सवाल आपके, जवाब हमारे" आयोजित किया गया। इस एक्सक्लूसिव कार्यक्रम लेट्स टॉक "सवाल आपके, जवाब हमारे" को भागलपुर जिले की शिक्षिका खुशबू कुमारी एवं किशनगंज जिले की शिक्षिका कुमारी गुड्डी ने मॉडरेट किया।लेट्स टॉक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडर शिव कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार एक ऐसा मंच है जो शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े सभी हिताधिकारियों के द्वारा किये जा रहे शैक्षिक प्रयासों को साझा करने, नवाचारों से सीखने और लागू करने का अवसर और पहचान प्रदान करता है। साथ ही यह शिक्षकों के लिए, शिक्षकों का एक ऐसा अभिनव मंच है जो शिक्षकों के सार्थक प्रयासों को पहचान और दिशा प्रदान करते हुए सभी शिक्षकों को गौरवान्वित होने का अनेकानेक अवसर उपलब्ध कराने हेतु कृत संकल्पित है। उन्होंने दर्शकों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए टीम की संरचना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह प्लेटफॉर्म किसी एक व्यक्ति विशेष से संचालित नहीं होता है। यह पूरे टीमवर्क से संचालित होता है। इस प्लेटफॉर्म को संचालित करने हेतु प्रत्येक जिले में डिस्ट्रिक्ट मेंटर, प्रत्येक प्रखंड में ब्लॉक मेंटर बने हुए हैं। प्रत्येक ब्लॉक मेंटर अपने प्रखंड के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाए हुए हैं जिससे प्रखंड अंतर्गत सभी विद्यालय के शिक्षक जुड़े हुए हैं। इन्हें इसी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से ही विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए पोस्ट की जानकारी दी जाती है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही शिक्षक अपने विद्यालय की गतिविधि को इस मंच तक साझा करते हैं। जिसे टीम के सदस्य साझा किए गए उन उत्कृष्ट तस्वीरों और वीडियो को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं। इसके बदले में इन शिक्षकों को




या टीम के सदस्यों को कोई आर्थिक लाभ नहीं दिया जाता है। इस कार्य में लगे सभी शिक्षक पूरे निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर बिहार के सरकारी विद्यालयों में आयोजित शैक्षिक नवाचारी गतिविधियों को एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ही साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मॉडरेटर प्रतिदिन बिहार के सरकारी विद्यालयों में चेतना सत्र का संचालन बेहतर ढंग से हो इसके लिए, टीम में शामिल शिक्षक राकेश कुमार के द्वारा रोचक तथ्य, शब्दकोश, खेल कॉर्नर, सुविचार, विश्व विजय कुमार के द्वारा सुविचार, अमरेंद्र कुमार के द्वारा विश्व के धरोहर, मधु प्रिया के द्वारा दिवस विशेष एवं अनिल प्रभाकर के द्वारा प्रकाशित "चेतना" को सभी प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाता है। इतना ही नहीं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा साझा किए गए तस्वीरों को टीम के सदस्या पुष्पा प्रसाद एवं ज्योति कुमारी के द्वारा "फोटो ऑफ द डे" के रूप में एवं मृदुला सिन्हा के द्वारा "वीडियो ऑफ द डे" के रूप में चयन किया जाता है। चयन के उपरांत सभी पोस्ट को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मॉडरेटर के द्वारा प्रतिदिन साझा किया जाता है। इस लेट्स टॉक कार्यक्रम में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मॉडरेटर भी शामिल हुए और उन्होंने अपने-अपने प्लेटफॉर्म से संबधित दर्शकों के प्रश्नों का उचित जवाब भी दिया। लेट्स टॉक में शामिल होने वाले टीम के मॉडरेटर सत्यनारायण साह ने फेसबुक, मुदित कुमार ने इंस्टाग्राम, खुशबू कुमारी ने ट्वीटर, मधु प्रिया ने लिंकडिन एवं रंजेश कुमार ने कू ऐप की कार्यशैली एवं इसके क्रियान्वयन से संबंधित दर्शकों के सभी प्रश्नों का उचित जवाब दिया। यह जानकारी टीम के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक-मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफतार

**बहराइच।** थाना रुपईडीहा की पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए रूपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि उप निरीक्षक रूदल बहादुर सिंह,अश्वनी पाण्डेय हेड कांस्टेबल विजय शंकर सिंह,कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह,ज्ञानेन्द्र कुमार के द्वारा मंगलवार को सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त आल्हा उर्फ अजय कुमार यादव पुत्र पदारथ यादव उर्फ पद्दन यादव निवासी बेलभरिया दाखिला कल्याणपुर थाना रुपईडीहा व ननके वर्मा उर्फ ननकऊ पुत्र इन्द्रास वर्मा निवासी बेलभरिया दाखिला कल्याणपुर थाना रुपईडीहा को मुखबिर की सूचना पर कटरा मोड जमोग बाजार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मु0अ0स0 279/2022धारा 376D,507 भादवि पंजीकृत कर दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# कारीकोट की पानी टंकी एक महीने से खराब

*शिकायत करने पर भी अधिकारी नही दे रहे ध्यान*

**मोतीपुर बहराइच।** विकासखंड मिहीपुरवा के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा कारीकोट मे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बनी पानी टंकी का स्टार्टर खराब होने के कारण लागभ एक महीने से क्षेत्र में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित है। जिस-के कारण पानी टंकी नहीं चल पा रही है।जिससे कारीकोट , आजाद नगर, मटेही, आजमगढ़पुरवा , लोहरा , गुलरा समेत दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है।ग्रामीणों द्वारा कई बार पानी टंकी ठीक कराने की बात संबंधित अधिकारियों से कही गई लेकिन अब तक कोई सुनवाई नही हुई है।भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध पेयजल नही मिल पा रहा है। समाजसेवी स्थानीय ग्रामीण रामफल चौहान , अभयजीत प्रजापति , अजय शर्मा , रामनाथ ,सूरज इत्यादि लोगों ने बताया कि टंकी को ठीक कराने के लिए कई बार अधिकारियों को फोन किया गया है लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया जा रहा है।वहीं टंकी व पानी टंकी परिसर की साफ सफाई भी महीनों से नही की गई है।



# दरवाजे पर खड़ी ट्राली की चोरी

**बहराइच रुपईडीहा** थाना क्षेत्र के सोरहीया गांव में बीती रात दरवाजे पर खड़ी एक ट्राली को चोर 4उठा ले गए। पुलिस चौकी प्रभारी बाबागंज रामकेश को दिये प्रार्थना पत्र में सोरहिया गांव निवासी प्रशांत मिश्र पुत्र दिगेन्द्र मिश्र ने लिखा है कि सोरहिया गांव हाइवे के किनारे बने आवास के सामने खड़ी प्रेशर ट्राली को मंगलवार की रात्रि चोर उठा ले गए। रात्रि को पता लगने पर गृह स्वामी ने पुलिस चौकी में सूचना दिया सूचना पर रात्रि में ही पुलिस द्वारा कुछ संदिग्ध स्थानो पर छापेमारी भी की लेकिन पता नही चल सका पुलिस द्वारा जांच जारी है।

# कीरतपुर गांव मे भगवान गंगाधर का रुद्राभिषेक , हर हर बम बम के लगे नारे

**कन्नौज।** इंदरगढ़ क्षेत्र के कीरतपुर गांव मे बाबा विश्वनाथ भगवान शिव शंकर का रुद्राभिषेक का कार्यक्रम किया गया। समस्त गांव के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य पंडित श्री अनिल द्विवेदी जनपद कानपुर के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर रुद्राभिषेक करवाया गया। श्री कृष्ण त्रिपाठी के नेतृत्व मे भगवान शिव का रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गांव के कई लोग सम्मिलित रहे। भगवान शिव के नाम की जय कारे भी लगाई गये। हर हर बम बम के नाम के जयकारों के साथ भूतनाथ महेश्वर शिव शंकर का रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न हुआ। सभी भक्तों ने भक्ति भाव से भगवान की प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी , वीरेंद्र ,बृजेश , कल्लू भैया , विनीत , सुबोध शुक्ला, यश त्रिपाठी , प्रकाश चंद्र वाजपेई , अनिल कुमार शुक्ला , मनीष शुक्ला गोपाल भैया सहित गांव के समस्त लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# नाबालिक किशोर ने नहर पुल से लगाई छलांग तलाश जारी

**कन्नौज।** खढनी कस्बा की रामगंगा निचली गंगा नहर पुल से नाबालिक किशोर ने छलांग लगा दी। सूचना लगते ही आसपास के लोगों का तांता लग गया। आवागमन कर रहे लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी । गोताखोरों की मदद से नाबालिग किशोर की तलाश जारी। कस्बा के रामगंगा निचली गंगा नहर पुल से नाबालिग किशोर ने किन्ही कारणों से पुल से छलांग लगा दी। जानकारी होते ही हड़कंप मच जया किशोर की पहचान श्यामू वर्मा उम्र 17 वर्ष पुत्र अरविंद निवासी ग्राम खबरिया छिबरामऊ कन्नौज के रूप मे हुई। पुलिस की सूचना घर परिवार के लोगों को दी गई सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। नाबालिक किशोर 2 दिन पहले अपने ननिहाल नाना नेकराम के घर आया हुआ था। रविवार सुबह किशोर ने नहर पुल से छलांग लगा दी। पुल के पास चप्पल पड़ी है। वही इसकी सूचना घर परिवार को दी गई सूचना मिलते ही घर कि लोग मौके पर पहुंचे। किशोर चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। सूचना मिलते ही पुकार मच गई। मां सीमा देवी सहित सभी का रो रो कर बुरा हाल है। स्थानी पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश जारी कर दी।



# जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक ने किया जेल का निरीक्षण

**कन्नौज।** जलालाबाद जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला व पुलिस कप्तान कुअर अनुपम सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ जिला कारागार पहुंच गये। जिससे जेल में अफरा तफरी मच गई । जिलाधिकारी ने सभी बैरकों की गहनता से तलासी कराई। उन्होंने महिला बैरक , गल्ला गोदाम , अस्पताल में भर्ती बीमार बन्दियों से इनके स्वास्थ्य के वारे में जानकारी की , पाकशाला , की जांच कर बन्दियों व कैदियों से बात की उन्होंने बताया कि जेल में कही किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही है । हर महीने निरीक्षण होता है । जेल की ब्यबस्था सही है किसी बन्दी कैदी के पास कोई आपत्तिजनक बस्तु नही मिली। जेल में पूर्णरूप से शांति है । जेल मैन्युअल के आधार पर चल रही जेल में निरुद्ध सभी बंदी ब कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण समय समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होता रहना चाहिए। उन्होंने जेल अधीक्षक से कहा कि जेल में बैग स्कैनार लगवाए , कैमरे हमेशा चालू रहे। जो बंदी अन्य जिलों से आए हैं उन पर कड़ी निगरानी रखे। उनकी मिलाई भी अलग किसी अधिकारी की देख रैक में कराई जाए । इस दौरान जेल अधीक्षक पी के त्रिपाठी , जेलर वी के शुक्ला डिप्टी , जेलर रवी प्रदीप , पंकज कटियार जेल डाकटर जितेंद्र नाग सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# विशाल के हत्यारों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज, 2 अभी भी फरार

## डीजे पर हुए विवाद का बदला लेने को हुई थी विशाल निषाद की हत्या

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां के कल्याणपुर मकड़ीखेड़ा में गत सप्ताह भाजपा पार्षद के भतीजे ई-रिक्शा चालक विशाल निषाद (20) के फरार हत्यारों की तलाश पहले से और तेज कर दी गई है उसके दो हत्यारे पुलिस की पकड़ से अभी भी बाहर है` जिनकी तलाश में पुलिस द्वारा लगातार छापे भी मारे जा रहे हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिल पाई है`

अवगत कराते चलें कि बीते सप्ताह विशाल निषाद की हत्या डीजे को लेकर विवाद के चलते की गई थी। धारदार हथियार से की गई हत्या की घटना में उसके परिजनों की ओर से चार लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई गई थी जिसके बाद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक हजारों को घटना के अगले दिन ही गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली थी लेकिन उसके दो हत्यारे पुलिस की पकड़ से अभी भी बाहर हैं पुलिस ने बताया कि घटना में मृतक के पिता ने भतीजे विकास व उसके साथियों शैलेंद्र, राहुल, राजेंद्र, सोनू उर्फ राम कुमार, सोनू के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें राम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिता ने पुलिस को बताया कि विशाल और उनके भतीजे डेंटल क्लीनिक में कर्मचारी विकस की नहीं पटती थी।

पुलिस के अनुसार करीब तीन साल पहले जुआ खेलने के दौरान भी दोनों में काफी विवाद हुआ था। इसी के साथ करीब तीन माह पूर्व एक शादी में डीजे पर भी दोनों में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद ही विकास नहीं विशाल की हत्या करने की योजना बना ली थी जिसको उसने अपने फरार साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था कल्याणपुर पुलिस के मुताबिक पटना में फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# तीन जन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले स्कूलों के पुजारी यानी शिक्षक ही जब मंदिर यानी स्कूल से नदारद रहे तो कल्पना किया जा सकता है कि उस स्कूल रूपी मंदिर में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षक रूपी पुजारी खिलवाड़ करने से बाज नही आते।सबकुछ होने के बाद भी आखिर शिक्षक स्कूल क्यों नही पहुंचते यह तो वही बता पाएंगे।वही इस पर बीआरसी हेमंत राणा का गोलमोल जबाब सुनकर आप अपना माथा पकड़ लेंगे।जब साहब से यह पूछा गया कि आये दिन सरकारी स्कूलों से शिक्षक क्यों नदारद मिलते है जब शिक्षकों को पढ़ाने के एवज में शासन मोटी तनख्वाह, लाखो का भवन कुर्सी टेबल दे रही है तो साहब ने कहा कि शनिवार को दूरस्थ क्षेत्र के स्कूल बंद रहते है तो क्या साहब का यह मतलब है कि रविवार का अवकाश शिक्षको के लिए कम पड़ता है जो शनिवार को भी स्कूल बंद कर देते है। एक कहावत है कि जब सैंया हुए कोतवाल तो डर काहे का को बीआरसी बिरसा चरितार्थ कर रहे हैं।जब अधिकारी ही अपने शिक्षकों का बचाव कर रहा है तो सरकारी स्कूलों का भगवान ही मालिक है।

बहरहाल भला हो कलेक्टर महोदय का कि उन्होंने स्कूलों के बंद को गंभीरता से लेते हुए तीन जन शिक्षकों को नोटिस जारी किया है।

यह है मामला

बिरसा विकासखंड के अंतर्गत डाबरी संकुल एवं हाई स्कूल सोनगुड्डा के तहत आने वाली शालाओं के दोपहर में बंद हो जाने तथा वहां शिक्षकों के दोपहर 12 बजे शाला आने की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से लगी।




कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने इस पर संज्ञान लेते हुए तीन जन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनकी 02 वेतन वृद्धि और असंचयी प्रभाव से रोक दी जाए । इन जन शिक्षकों को तीन दिनों के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। अन्यथा उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

डाबरी संकुल और सोनगुड्डा हाईस्कूल के अंतर्गत आने वाली शालाओं के प्रभारी जन शिक्षकों द्वारा शालाओं का निरीक्षण नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। जिसके कारण जन शिक्षक रोहित कावरे, सीताराम कौशिक एवं डाबरी संकुल के जन शिक्षक घनश्याम बसेने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# बीएसी, जनशिक्षकों एवं एमआरसी की समीक्षा बैठक में सघन मॉनीटरिंग के दिये गये निर्देश

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो



बिरसा/बालाघाट।जनपद शिक्षा केन्द्र बिरसा में बीआर सी हेमंत राणा द्वारा समस्त बीएसी, जनशिक्षकों एवं एमआरसी की आवष्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्न बिन्दुओं पर जानकारी लेकर आवष्यक दिषा निर्देष दिये गये ।

बैठक में प्रमुख रूप से शालाओं में समय पर शिक्षकों की उपस्थिति, दर्ज बच्चों की मेपिंग, समस्त दर्ज छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण, कक्षा 1 से 12 तक वर्गवार जाति प्रमाण पत्र के जमा प्रकरण एवं निराकरण, जर्जर शाला भवनों की स्थिति शाला भवनों में बिजली व्यवस्था, शाला भवनों में नल-जल की व्यवस्था,साक्षर भारत योजना अन्तर्गत अक्षर साथी का पंजीयन, कक्षा 5वीं एवं 8वीं की पुनः परीक्षा के संबंध में, अशासकीय शालाओं में आरटीई अन्तर्गत प्रवेश की सबंध में, प्रधानमंत्री पोषण कार्यक्रम अन्तर्गत आईव्हीआरएस से मेसेज के संबंध में,जानकारी लेकर निर्देशित किया गया कि जर्जर शाला भवनों में किसी भी स्थिति में शाला संचालित न करे एवं शाला संचालन की व्यवस्था अन्यत्र की जाये ।

समस्त जनशिक्षकों एवं बीएसी को निर्देशित किया गया कि आगामी 3 दिवस दिनॉक 03 से 05 अगसत तक समस्त शालाओं की सघन मॉनीटरिंग कर जानकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। अनुपस्थित पाये गये शिक्षकों के विरूध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु पत्र उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जावेगा। बीएसी एवं सीएसी के निरीक्षण के दौरान प्रा.शा.तुम्मा (जनषिक्षा केन्द्र डाबरी) में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्रीलाल शिन्दे अनुपस्थित पाये गये । इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु पत्र सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट को प्रेषित किया गया।

इसी प्रकार प्राथमिक शाला बड़टोला(माटे) (जनशिक्षा केन्द्र दमोह) के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन बंद पाये जाने पर शाला में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक जैलाल खैरवार को कारण बताओं पत्र प्रेषित किया गया। जनशिक्षक के निरीक्षण दौरान प्रा.शा.सुन्दरवाही, जनशिक्षा केन्द्र दमोह में पदस्थ शिक्षक सुनील पन्द्रे, गोयल सिंह मेरावी एवं श्रीमती बिसनी मस्करे प्राथमिक शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। जिन्हे कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है ।

# सतर्कता ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है : मलखान सिंह

## साइबर ठगी होने पर 1930 डायल कर शिकायत रजिस्टर्ड कराएं

नूंह जुबैर खान नूंह। जिले में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों से निपटने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार जागरूक अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस लाइन स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल व फिरोजपुर नमक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्रों को नशे से दूर रहने के बारे में भी जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल-मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश अनुसार जिला नूंह पुलिस की साइबर सेल पिछले दिनों जिले के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चला रही है। इस मौके पर नूंह के साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक मलखान सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इनको रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के हैं जिनसे सभी को बचना होगा वैसे जिला नूंह में साइबर क्राईम थाना और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो काम कर रही है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए छात्रों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा। तभी जाकर हम साइबर अपराधों से बच सकते हैं। उन्होंने छात्रों को फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, ओटीपी व फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी । फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में छात्रों को जागरूक रहने के लिए कहा गया। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया। इस मौके पर साइबर थाना के उप-निरीक्षक भजनलाल, प्रधान सिपाही देवी सिंह, सिपाही सोनू, सिपाही मनोज कुमार सोशल मीडिया सैल नूंह सहित स्कूल स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।



# युवती से गैंगरेप के मामले में चार पर मुकदमा

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से गैंगरेप के मिमले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार युवकों के विरुद्ध धारा 376 घ के तहत मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया।

परिजनों संग थाने पहुंची पीड़िता ने चार युवकों के विरुद्ध तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर के मुताबिक 30 जुलाई 2022 की रात करीब 11 बजे वह शौच करने के लिए घर के सामने निकली, तभी गांव के ही कृष्णा नामक लड़के ने पीछे से मुंह दाबते हुए मुझे मेरे गांव के एक स्थान पर ले गया और रेप किया। इसी बीच, वहां संदीप, रामप्रवेश व विजय पहुंचे और बारी बारी से दुष्कर्म किया। वही, आरोपी रामप्रवेश ने वीडियो बनाया और फोटो खींचा। पीड़िता की बेहोशी की हालत में आरोपी विजय उसके नाखून में दांत काट रहा था। किसी तरह वहां से भागी पीड़िता घटना की सुबह बलिया स्टेशन पहुंची और अपने परिजनों को सूचना दी। एक अगस्त की शाम परिजन उसे लेने बलिया स्टेशन पहुंचे, जहां से दो अगस्त को थाने पर परिजनों के साथ पहुंची पीड़िता ने तहरीर दिया।

# एक माह से लापता व्यक्ति का नहीं लगा कोई सुराग , परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

## – सदर कोतवाली क्षेत्र के मवई रिहायक का मामला

कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के मवई रिहायक गांव निवासी रियासतद्दीन ने सदर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते 31 मई 2022 को उसका पुत्र वकील खेत पर पानी लगा रहा था। तभी वह संदिग्ध हालातों में गायब हो गया पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब उनका पुत्र खेत पर पानी लगा रहा था। तब गांव के कुणाल, अनुज, राधेश्याम खेत पर मौजूद थे। पीड़ित ने उक्त लोगों पर पुत्र का अपहरण कर उसकी हत्या करने की आशंका जताई है। पीड़ित ने बताया कि उसने तत्काल मामले की शिकायत सदर कोतवाली पुलिस से की थी लेकिन पुलिस ने कोई तत्परता नहीं दिखाई। बीते एक माह से लापता युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित ने उक्त लोगों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इसके लिए पीड़ित परिवार एक दो बार नहीं कई बार आला अधिकारी यों की चौखट पर न्याय की भीख मांग चुका है लेकिन आला अधिकारियों का दिल नहीं पसीजा और आज तक उसका पुत्र नहीं मिल सका।

यूं तो ऐसे जनपद में 12 मामले और देखने और सुनने में आए होंगे लेकिन इस मामले में पुलिस ने बिल्कुल हथियार डाल दिया हो। पीड़ित को केवल अभी तक कोरे आश्वासन ही मिले बाकी कार्रवाई के नाम पर अभी तक सदर कोतवाली पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। वही पीड़ित बराबर अपनी अधिकारियों से गुहार लगाता घूम रहा है लेकिन कोतवाली से लेकर जनपद के महकमे के अधिकारी भी उसकी नहीं सुन रहे हैं। वहीं जब इस पूरे मामले पर जानकारी के लिए सी ओ सदर से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा , साथ ही सदर कोतवाली प्रभारी के नम्बर पर भी काल की गई उनका नंबर नहीं लगा ।

# अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग ने किया छापामार कार्यवाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट।पिछले दिनों गुजरात राज्य में जहरीली शराब के सेवन से हुई जनहानि के मद्देनजर एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश शासन के निदेशों के परिपालन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने बैहर क्षेत्र के ग्रामों में छापामार कार्यवाही कर 01 लाख 82 हजार 250 रुपये का महुआ लाहन एवं कच्ची शराब जब्त की है।

जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन में एवं कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस डी सूर्यवंशी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे हैं लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 03 अगस्त को आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत बैहर पूर्व एवं पश्चिम के ग्राम उकवा, समनापुर, पोंडी, बैहर, रजमा, बिजौरा के जँगल मे नाला किनारे कार्यवाही की गई है। जिसमें अलग अलग स्थानों से हाथ भट्टी मदिरा लगभग 95 लीटर एवं प्लास्टिक के 160 डिब्बों में भरा हुआ लगभग 2400 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 06 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये हैं। जब्त महुआ लाहन का सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जब्त महुआ लाहन एवं शराब का बाजार मूल्य लगभग 01 लाख 82 हजार 250 रुपये है।

इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस डी सूर्यवंशी, अखिलेश्वर सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, संदीप श्रीवास, माया मरावी, आरक्षक डुमारी सिंह मार्को, अतर लाल उईके, रमेश कुमार मुरकुटे, मोहनलाल मार्को, लखन चौधरी, आरिफ खान व बैहर पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# जागरूकता: बच्चे ने टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल कर स्वयं मांगी मदद

**नूंह जुबैर खान**

चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 को लेकर बच्चे कितने सजग हैं, इसकी बानगी बुधवार को देखने को मिली।



पुन्हाना ब्लॉक के गांव झरोखडी में रहने वाले एक 11 वर्षीय बच्चे ने इसका प्रयोग अपनी परेशानी बताने के लिए किया। कॉल मिलते ही बच्चे को चेतनालय चाइल्ड लाइन की टीम ने तुरंत रेस्क्यू किया तथा सीडब्ल्यूसी के समक्ष पेश किया। सीडब्ल्यूसी के चेयरपर्सन राजेश छोकर व सदस्य ममता ने बच्चे के बेहतर भविष्य को देखते हुए बच्चे को बुआ फूफा के लिए हैंडओवर कर दिया। चेतनालय चाईल्ड लाइन कॉर्डिनेटर नरेश कुमार ने बताया की चाईल्ड लाइन चौबीस घंटे व सातों दिन चलने वाली राष्ट्रीय मुफ़्त आपातकालीन सेवा है। इस नंबर पर जो भी कॉल करता है उसका नाम नम्बर गोपनीय रखा जाता है। बच्चा स्वयं भी अपने लिए कॉल कर सकता है। टोल फ्री नंबर 1098 के माध्यम से जानकारी मिली की एक बच्चा जिसके पिता जी का काफी समय पहले स्वर्गवास हो चुका है। बच्चा अपनी बुआ के पास गांव झारोकडी में रह रहा है। चेतनालय चाईल्ड टीम से कपिल ने बच्चे के पास विजिट किया और बातचीत की तो बच्चे ने बताया की उसकी माता जबरन उसको अपने साथ रखना चाहती है। परंतु बच्चा जाना नही चाहता। टीम ने बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बच्चे की काउंसलिंग की। परन्तु काउंसलिंग के दौरान भी बच्चे ने अपनी माता के साथ जाने से मना कर दिया।

बच्चों को बना रहे जागरूकः

सीडब्ल्यूसी चेयरमैन राजेश छोकर ने बताया कि स्कूली बच्चों को टोल फ्री नंबर 1098 के प्रति जागरूक बनाने के लिए लगातार अभियान चलाए जाते हैं। सीडब्ल्यूसी, चाइल्ड लाइन तथा अन्य संगठनों द्वारा स्कूलों में विजिट की जाती है। उद्देश्य यह होता है कि हेल्पलाइन नंबर की जानकारी प्रत्येक बच्चे को अवश्य होनी चाहिए। मौजूद केस में जिस प्रकार से एक बच्चे ने इस सेवा का लाभ लिया है, यह बच्चे की जागरूकता को दशार्ता है। उन्होंने अभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के मुखियाओं से अपील की कि वे अपने स्कूलों में टोल फ्री नंबर 1098 का अधिक से अधिक प्रचार करें तथा मॉर्निंग असेम्बली में इसकी चर्चा करें। ताकि जरूरत पड़ने पर बच्चे स्वयं भी इसका लाभ ले सकें।

# थाने में आने वाले पीड़ितों को तुरंत न्याय दिया जाए : पुलिस अधीक्षक

## *एसपी ने थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश*

नूंह जुबैर खान

नूंह। नूंह पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने रोजका मेव थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक से अपराध और अपराधियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। एसपी ने अपराध रजिस्टर और अभिलेखों का रखरखाव देखा। एसपी वरूण सिंगला ने सबसे पहले कार्यालय में अपराध रजिस्टर जांचा। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक जगबीर से दर्ज मामले व उन में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपराध संबंधी अन्य अभिलेख आदि जांचने के साथ ही सभी कागजात पूर्ण व व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर स्थित कंप्यूटर कक्ष, मुंशी कक्ष, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण कर थाने में साफ सफाई पर संतुष्टि जाहिर किया। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले लोगों को समय पर न्याय दिया जाए। न्याय में देरी भी एक तरह से जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के मामले में पीड़ितों को तुरंत प्रभाव से पुलिस सहायता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे भी पुलिस थानों का निरीक्षण करते रहेंगे। इसलिए थाना प्रभारी अपनी शैली में सुधार करें।



# एसडीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले सीएचसी प्रभारी सहित चार

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में बुधवार को एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र के निरीक्षण में अधीक्षक समेत दो डॉक्टर्स तथा दो स्वास्थ्य कर्मचारी भी गैरहाजिर मिले। एसडीएम ने इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दिया। एसडीएम के निरीक्षण से चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों में भगदड़ मच गई।

सोनबरसा में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों के बार बार नहीं रहने तथा दवा को बाहर से लिखने की शिकायत एसडीएम को लोगो द्वारा दी जारही थी। एसडीएम के निरीक्षण में सीएचसी सोनबरसा के अधीक्षक डॉ आशीष श्रीवास्तव व डॉ बीपी सिंह तथा लैब असिस्टेंट सुदर्शन यादव व मनोज यादव गैरहाजिर मिले। एसडीएम ने इनको रजिस्टर पर अवकाश लगाते हुए रिपोर्ट को जिलाधिकारी को भेज दिया। अस्पताल कैम्पस में गंदगी पर खासा नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम आत्रेय मिश्र ने बीडीओ बैरिया से सीएचसी सोनबरसा में सफाई कर्मचारियों को अविलंब भेजकर अस्पताल परिसर की विधिवत सफाई कराने का निर्देश दिया। एसडीएम ने चिकित्सकों को निर्देशित करते हुये कहा कि दो बजे के बाद



अपने आवास पर मरीज न देखे। अस्पताल के जिस डॉक्टर की इमरजेंसी में ड्यूटी होगी वही मरीज को देखेंगे। एसडीएम आत्रेय मिश्र ने कहा कि बाहर की दवा लिखने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

# आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने पर युवक के खिलाफ मुकदमा

**कृष्ण मुरारी पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

नगरा ( बलिया) : थाना क्षेत्र के चचयां निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाए जाने की पोस्ट डाला है।

पोस्ट वायरल होने का मामला प्रकाश में आते ही हियुवा के कार्यकर्ता आक्रोशित है। वायरल पोस्ट पर हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने नगरा पुलिस को युवक के खिलाफ कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपी युवक को पकड़ कर थाने ले आयी है।

# हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के नारे लगाते हुए छात्राओं ने अभियान के प्रति किया जागरूक

**नूंह जुबैर खान**

नूंह 3 अगस्त : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूकता के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने तिरंगा को हाथ में लेकर तिरंगा यात्रा निकली। इस अवसर पर प्राचार्य सद्दीक अहमद ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने अमृत



महोत्सव के अंतर्गत पर विद्यालय द्वारा जन जागरण के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय में समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि 13 से 17 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा लगाया जाना है। इसे लेकर विद्यालय की छात्राओं ने जन जागरण के माध्यम से हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, तिरंगा हमारी जान है, देश की पहचान के नारे लगाते हुए नागरिकों को जागरूक किया। गलियों से गुजरती यात्रा ने सभी नागरिकों को अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक दिनेश गोयल, रवि प्रकाश, मोहिंद्री, नितिन कुमार, ममता यादव , महमूद खान सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

# नगर निकाय चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं पर प्रत्याशियों ने किया माहौल बनाना शुरू

## *–आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर*

## *–पब्लिक में खुद को प्रस्तुत कर रहे उम्मीदवार, वर्तमान चेयरमैन की नाकामी गिनाना शुरू*

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर(बलिया) : प्रदेश में अभी नगर निकाय चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है पर आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर में भावी उम्मीदवारों ने माहौल बनाना शुरू कर दिया है। अभी इनके पास चुनाव चिह्न तक नहीं है। वोटरों से मिलकर खुद को भावी प्रत्याशी के तौर पर पेश करने में जुटे हैं वादों का दौर भी शुरू हो गया है। विपक्ष वाले प्रत्याशी वर्तमान नगर अध्यक्ष की नाकामियों को गिनाने में जुटे हैं।

वर्तमान में आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर में संजय जायसवाल, भीष्म यादव, गणेश सोनी, डॉक्टर आशुतोष गुप्ता, डॉक्टर उमेश चंद, शेख मारूफ शेख



भाई ,मोनू मौर्या, दिनेश यादव को लेकर कमोबेश आधा दर्जन से अधिक नामी गिरामी चेहरे नगर अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी के रूप में अपना भाग्य आजमाने के लिए चुनाव मैदान में उतर पड़े हैं। जबकि वर्तमान नगर अध्यक्ष ने अभी अपना रुख साफ नहीं किया है कि वे अगला चुनाव लड़ेंगे या चुनाव से बाहर रहेंगे। कुल मिलाकर नगर में आधा दर्जन से अधिक प्रत्याशियों के चुनाव मैदान में उतर जाने से इस बार जनता जनार्दन भी असमंजस में पड़ चुकी है। क्योंकि कोई जातिगत कार्ड खेल रहा है तो कोई पार्टी लेवल पर अपना वोट मांग रहा है। कोई निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपने आप को जनता के बीच पेश कर रहा है। सभी प्रत्याशी अपनें-अपनें मुद्दों के साथ लोगों को प्रभावित करनें में लगे हैं। वही जनता की मंशा है कि जो भी प्रत्याशी नगर अध्यक्ष बने वह सड़क नाले साफ सफाई आदि आदि की व्यवस्थाओं पर जमीनी रुप से ध्यान दे। आपको बता दें कि इस बार नगर निकाय चुनाव में युवा प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा है।

# संक्षिप्त न्यूज

## नवादा में एक किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाने को मजबूर हैं महादलित महिलाएं और बच्चे

समाज जागरण नवादा ब्यूरो ( धर्म जीत सिन्हा)

नवादाः-हर घर नल जल योजना हो या जल जीवन हरियाली।नवादा जिले के कई इलाके में ये योजनाएं दम तोड़ती नजर आ रही है जिसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है।परेशानी झेलने वालो में जिले के वारिसलीगंज के सिमरी बिगहा के अनुसूचित टोला के सैकड़ो लोग भी हैं।यहां की



आबादी करीब 150 की है और यहां के लोगों को 1 किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाना पडता है..इस गांव में जीवन जीने के लिए जो न्यूनतम व्यवस्था भी नहीं है।

इस गांव में पेय जल के लिए जल जीवन हरियाली योजना के तहत पंद्रह वित आयोग से एक कुआं का मरमत हुआ है पर कुएं में जल ही नहीं है। यहां के ग्रामीण भगवान भरोसे जी रहें हैं.यहां की महिलाएं और बच्चे गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर मोहिउद्दीनपुर गांव जाकर बाल्टी,तसले आदि में पानी ढो कर लाती है.पेयजल संकट से जूझ रहे लोगो की समस्या को नगर परिषद भी नजर अंदाज कर रही है।अनुसूचित समुदाय के लोगो द्वारा कई बार स्थानीय नप कार्यालय एवं अपने निवर्तमान प्रतिनिधि को अपनी समस्या बताया।लेकिन इस दिशा में अब तक कोई पहल नहीं किया जा सका है। वैसे तो टोले में एक चापाकल एवं एक पुराना कुंआ है. जो जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सुख चुका है. जबकि नप द्वारा पहुंचाया गया नल जल योजना का मोटर उक्त मुहल्ले तक पानी पहुंचाने में अक्षम साबित हो रहा है।

## फरार आरोपी को भेजा गया जेल।

नारदीगंज,नवादाः-पुलिस ने मंगलवार की देर शाम को मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने दिया। उन्होंने बताया रामे निवासी जीतन सिंह का पुत्र बम भोल सिंह व राजीव सिंह की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश करने से पूर्व दोनों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में कोरोना जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में किया गया। कहा गया कुछ दिन पूर्व मारपीट के मामले में केस दर्ज कराया गया था। घटना के बाद फरार चल रहा था, गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई कृष्णा कुमार ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय हिरासत में भेज दिया ।

## बीडीओ-सीओ ने किया सरौनी पंचायत में निरीक्षण

समाज जागरण

कौआकोल। बिहार सरकार के मुख्य सचिव आमिर सुब्हानी के आदेश एवं नवादा डीएम उदिता सिंह से प्राप्त निर्देश के आलोक में कौआकोल बीडीओ सुनील कुमार चाँद एवं सीओ अंजली कुमारी ने बुधवार को सरौनी पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर सरकारी योजनाओं सहित विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ सुनील कुमार चाँद ने बताया कि औचक निरीक्षण के क्रम में सरनी,प्रभानगर एवं गांधीधाम विद्यालय की स्थिति काफी संतोषजनक पाई गई। एक विद्यालय में बीडीओ ने स्वंय एमडीएम भोजन को चखा। वहीं रधवा विद्यालय में बच्चों की काफी कम उपस्थिति पर बीडीओ भड़क उठे एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में गांधीधाम गांव में पानी सप्लाई किये जाने वाला स्टार्टर लगभग एक माह से खराब रहने की बात स्थानीय लोगों द्वारा बताई गई,जिस पर पीएचईडी के कनीय अभियंता को फोन कर अविलम्ब इसे ठीक कर पानी चालू करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि इस पंचायत में धान रोपनी की आच्छादन संतोषजनक पाई गई।

## साइकिल रैली निकाल लोगों को तिरंगा के प्रति किया जागरूक

समाज जागरण

कौआकोल। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा झंडा फहराने को लेकर एसएसबी 29 वीं वाहिनी के जवानों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को एसएसबी गया के कमांडेंट हरे कृष्ण गुप्ता के दिशा निर्देश पर साइकिल रैली निकाली गई। एसएसबी के कमांडेंट इंस्पेक्टर राकेश कुमार के देखरेख में कौआकोल बाजार से निकाली गई साइकिल रैली में शामिल 150 से अधिक बच्चों ने जोरावरडीह विद्यालय तक जाकर लोगों से तिरंगा झंडा अपने अपने घरों में फहराने की अपील की।

## अनुसूचित जनजाति परिवार के बीच मच्छरदानी का किया गया वितरण

समाज जागरण

कौआकोल। प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में जिला मलेरिया कार्यालय,नवादा के सौजन्य से मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत प्रखण्ड के महुडर पंचायत के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य गांव के लोगों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया गया। नवादा की सिविल सर्जन डॉ० निर्मला कुमारी ने



अपने हाथों से कई लोगों को मच्छरदानी दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के महुडर पंचायत के जंगली क्षेत्र गायघाट,झिलार,चड़रा एवं बदरवातरी गांव के सैकड़ों लोगों के बीच मेडीकेटेड मच्छरदानी का वितरण किया गया। सिविल सर्जन ने लोगों से मलेरिया बीमारी से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी। मौके पर जितेंद्र कुमार,ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,डॉ० भारत भूषण शर्मा,मुन्ना शर्मा,पिंटु शर्मा आदि मौजूद थे।

## बड़राजी बाजार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ उदघाटन

समाज जागरण

कौआकोल। प्रखण्ड के बड़राजी बाजार में बुधवार को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उदघाटन किया गया। जिसका उदघाटन नवादा की सिविल सर्जन डॉ० निर्मला कुमारी ने फीता काटकर किया। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० अमित कुमार ने बताया कि ग्रामीण इलाके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र को खोला गया। जहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र से मुख्यतः प्रखण्ड के पाली,खड़सारी एवं मंझिला पंचायत के ग्रामीण लाभान्वित होंगे। उदघाटन मौके पर लोगों को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर आवश्यक सरकारी सुविधा की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक रविचंद्र प्रसाद,पीएफआई के नवीन कुमार पांडेय,लेखापाल इंद्रजीत कुमार समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# जनहित विकास समिति द्वारा बाल श्रम उन्मूलन, निवारण कार्य शाला का उद्घाटन सांसद ने की

समाज जागरणनवादा(का. स.)

नवादाःनवादा में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर बुधवार को गहन मंथन हुआ। होटल बुद्धा रेजेंसी के सभागार में इस विषय पर आयोजित कार्यशाला में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, बाल श्रम से जुड़े परिवारों, स्थानीय प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखी। सांसद चंदन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

सांसद ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा की हमारे संसदीय क्षेत्र में आपलोगों ने बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में जो पहल किया है वह सराहनीय है। मेरा पूरा सहयोग आपलोगो को मिलेगा। जरूरत पड़ेगी तो संसद में भी इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

कार्यशाला में अपनी बात रखते हुए अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, नई दिल्ली की श्रीमति इतिश्री साहू ने कहा कि बाल श्रम समाज के विकास में बड़ा अवरोधक है। आम तौर पर यह धारना बना दी जाती है कि रोजगार नहीं है। मुद्दा यह नहीं है, बल्कि जरूरत इस बात कि है की किसी के साथ भेदभाव न हो। जमीनी बातें सामने आनी चाहिए। तभी समस्या का समाधान हो सकेगा। जहां बाल श्रम है वहां के लोगों से बातचीत कर स्थिति को सामने लाना होगा। फिर उनकी जरूरतों के अनुरूप कार्यक्रम तय कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने बताया की हमारी संस्था फिलहाल 6 देशों भारत, नेपाल, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, म्यामार, पाकिस्तान में काम कर रही है। भारत के कई राज्यों में बाल श्रम उन्मूलन पर काम



हो रहा है। बिहार और झारखंड को भी शामिल करना है। बिहारझारखंड की स्थितियों से अवगत होने आई हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनहित विकास समिति के सचिव एमपी सिन्हा ने कहा कि गांवों के विकास का विकास जरूरी है। लोगों को काम रोजगार से जोड़ना होगा। लोग आर्थिक रूप से सशक्त होंगे तो बाल श्रम पर रोक लग सकेगा। अथाभाव में लोग अपने बच्चों को बाल श्रम में झोंक देते हैं। उन्होंने कहा की बिहार के नवादा, जमुई और झारखंड के जमुई जिला में अभ्रक खदानों में ढिबरा चुनने के काम में बड़ी संख्या में बच्चे जुड़े हुए हैं। 80100 फीट गड्ढे और सुरंग में घुसकर बच्चे ढिबरा चुनने का काम करते हैं। साल दर साल संख्या बढ़ती जा रही है। इनके मां पिता आर्थिक तंगी के कारण ऐसा करते हैं। ऐसे बच्चे स्कूल तक नहीं जाते हैं। हमारी संस्था इन जिलों के उन गांवों का सर्वे करा रही है। गांवों में रोजगार कैसे पैदा हो और बाल श्रम मुक्त हो इस दिशा में विस्तृत कार्य योजना तैयार कर सरकार और जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। फिर आगे उसे अमल में लाया जाएगा।

मौके पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अमित कुमार, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुश्रवण और मूल्यांकन पदाधिकारी शंकर तलवार, जॉन आरूल रॉय, प्रो. जगदीश प्रसाद ने भी अपनी बातें रखी।

संबंधित जिलों से आए पंचायत प्रतिनिधियों, बाल श्रम से जुड़े लोगों ने स्थानीय स्तर की समस्याओं को रखा। चितरकोल पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी ने अभ्रक खदानों में काम कर रहे बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति दिलाने में अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दी।

## प्रो.शशि शेखर महिला कालेज शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोनीत आयोजित बैठक में सर्वसम्मति शांति पूर्वक हुआ चुनाव

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज महिला महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ का सांगठनिक चुनाव कालेज प्रांगण में बुधवार को सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रो. नवल किशोर सिंह ने किया। जबकि संचालन रविंद्र कुमार शर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रो.शशि शेखर को अध्यक्ष, नवल किशोर को सचिव तथा प्रो सुनील कुमार को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वही अवध किशोर सिंह को उपसचिव मनोनीत किया गया। मौके पर प्रो. अखिलेश्वर सिंह, प्रो.अनिल कुमार, प्रो. बृज बिहारी प्रसाद सिंह, प्रो. रामचंद्र प्रसाद, प्रो. जयकांत सिंह, विकास कुमार, वृजनन्दन सिंह, लिपिक सुनील कुमार तथा कृष्णकांत सिंह समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. अशोक कुमार सिंह ने संघ के सभी नव मनोनीत सदस्यों को बधाई एवं शुभकामना दिया है।

## विभाग की उदासीनता से मकनपुर कृषि फीडर का आधा दर्जन ट्रांसफार्मर बेकार, किसान परेशान

**पोल खडीकर तार झूला एवं ट्रांसफार्मर लगा दो बर्ष बाद भी नहीं हुआ विधुत प्रवाह सुखाड़ की आशंका से भयभीत किसानों ने कृषि फीडर के सभी ट्रांसफार्मरों को चालू करवाने की किया मांग**

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-सावन माह की समाप्ति में महज एक सप्ताह शेष है। अब तक एक भी दिन मानसून की जोरदार वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के किसान सुखाड़ की आशंका से भयभीत है। अब तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 25-30 फीसदी धान की रोपनी हो सकी है। वर्तमान समय को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत धान की रोपनी करने की विवशता होगी। ऐसे में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में बिछाया गया कृषि फीडर की बिजली की आवश्यकता बढ़ गई है। लेकिन दुर्भाग्य से प्रखंड के मकनपुर गांव के उत्तरी खंधा में लगाया गया आधा दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मर विभागीय लापरवाही के कारण दो वर्ष पूर्व से चालू नहीं हो सका है। कृषि फीडर को पोलो पर झुलाया गया तार कई स्थानों पर आपस में उलझा पड़ा है। फलतः ट्रांसफार्मर उपयोगिता बिहीन होकर किसानों को मुंह चिढ़ा रहा है। जानकारी हो कि मकनपुर गांव के सिरपत बाग, पाठकबाग, अमैत्रा खंधा, दाढ़ीथान, जैनबाग, जागीर खंधा आदि स्थानों पर लगा



ट्रांसफार्मर को अभी तक ट्रायल कर टेस्टिंग भी नहीं किया गया है। जबकि किसानों को धान रोपनी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत डीजल पम्पिंग सेट पर निर्भर होना पड़ा रहा है, जो काफी मंहगी साबित हो रही है। वही खेत की मेढो में लगा ट्रांसफार्मर एवं तारो का मकड़जाल किसानों को मुंह चिढ़ा रहा है। ग्रामीण सह किसान अनिल कुमार उर्फ पपु सिंह, सुनील सिंह, दिनेश सिंह, जनार्दन सिंह, शैलेन्द्र कुमार, सर्वेश कुमारे बबलू, कपिल देव सिंह, शिवदानी सिंह आदि किसानों ने बिजली विभाग कृषि अनुमंडल के अभियंता से मकनपुर गांव के उत्तरी खंधा में लगा सभी ट्रांसफार्मरो के तारो एवं कनेक्शन की ठीक करवा अतिशीघ्र चालू करवाने की मांग किया है। ताकि सुखाड़ की स्थिति से निबटने में सहयोग मिल सके। कृषि फीडर के प्रति अधिकारियों की अरुचि से किसानों की परेशानी बढ़ रही है। बाबजूद अधिकारी की कुम्भकर्णी निद्रा भंग नहीं हो रही है।

क्या कहते है अधिकारीः-विधुत पोलो से झुलाया गया तार कई जगहों पर उलझ गया है। साथ ही कुछेक स्थानों से पेड़ की टहनियों को कटवाना होगा। बाबजूद शीघ्र चालू करवाने का प्रयास किया जाएगा।

-राकेश कुमार, विधुत कार्यपालक पदाधिकारी

## खबर छपते ही अधिकारी ने लिया संज्ञान, नगर के अनुसूचित टोला में पहुंचाया नलजल का पानी

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-नगर परिषद क्षेत्र के सिमरी बीघा वार्ड नंबर 15 के अनुसूचित टोले में बसे परिवारों को पानी की किल्लत की खबर बुधवार को समाज जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर प्रकाशित होते ही नगर परिषद कर्मियों द्वारा पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया । और अंततः बुधवार की शाम तक अनुसूचित टोला में बंद पानी को चालू कर दिया गया। जानकारी हो कि सिमरी बीघा व सिमरी ढिमरापर और अनुसूचित टोला में एक ही बोरिंग से नलजल का पानी पहुंचती है। जिसका बोरिंग सिमरी बीघा और सिमरी ढिमरा टोला के बीचो बीच स्थित है। अनुसूचित टोला के तरफ जाने वाले पाइप का वाल्व शरारती तत्वों द्वारा तोड़ दिया



गया था। जिस कारण अनुसूचित टोला तक पानी नहीं पहुंच रही थी। नगर परिषद के कनीय अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि शरारती तत्वों द्वारा तोड़ा गया वाल्व को ठीक कर दिया गया है। फलतः अनुसूचित टोला में पानी पहुंचना शुरू हो गया है। बताया गया कि तीनो टोलो में पानी की किल्लत न हो इसको देखते हुए अलग-अलग समय पर पानी उपलब्ध कराने के लिए एक समय सीमा निर्धारित की गई है। एक समय में एक टोला में ही पानी पहुंचाया जाएगा। इसी प्रकार दूसरे टोला में पानी पहुंचाने से पहले पानी पहुंच चुका टोला का पानी बन्द कर दी जाएगी। इस प्रकार से वार्ड 15 के सभी टोले में नलजल का पानी पहुंचना पुनः चालू हो गया है।

## मॉडर्न स्कूल में तुलसी जयंती समारोह की भव्य तैयारियां

समाज जागरण नवादा(का. स.)

नवादाःश्रवण शुक्लपक्ष सप्तमी, दिनांक 04 अगस्त 2022, गुरुवार को मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, नवादा के प्रांगण में गोस्वामी तुलसीदास के जयंती समारोह का भव्य आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

समारोह की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस कार्यक्रम में एक साथ 1008(एक हजार आठ) विद्यार्थी समवेत स्वर में वाद्ययंत्रों के साथ श्रीरामचरितमानस का संगीतमय गायन करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पिछले 15 दिनों से छात्र-छात्राओं की गहन तैयारी चल रही है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए विशाल स्टेज तथा दर्शकों के बैठने के लिए विस्तृत और भव्य पंडाल का निर्माण कार्य जारी है।

समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम दौर में है। वहीं विद्यालय के न्यू एरिया, कुंतीनगर एवं हिसुआ शाखा में श्रीरामचरितमानस के गायन की तैयारियों का रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) जारी है।

मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के निदेशक डॉ. अनुज कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में आध्यात्मिक चेतना के विकास के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की सारी तैयारियां हो चुकी है, विद्यालय के सभी हिंदी शिक्षक बच्चों को तैयार कराने में पूरी तरह जुटे हुए हैं।

विद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मद्देनजर परिसर की साज सज्जा एवं अन्य तैयारियों के कार्य में सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी जोर शोर से लगे हैं। कुल मिलाकर तुलसी जयंत को लेकर विद्यालय में हर तरफ उत्साह का माहौल है।

# नवादा में जुगाड़ नाव से नदी पार कर रहें हैं ग्रामीण, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा।

नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)
समाज जागरण

नवादाःनवादा में जुगाड़ की नाव हादसे को दावत दे रही है.स्थानीय लोग जान जोखिम में डालकर उफनती नदी को कर रहे पार कर रहें हैं।दरअसल सकरी और खुरी नदी के ऊपर पुल का निर्माण कर दिया गया है पर अभी तक संपर्क पथ नहीं बनाया गया है जिसकी वजह से इसका उपयोग आमलोग नहीं कर पा रहें हैं.इन दिनों बरसात की वजह से नदी में पानी आ गया है जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को जुगाड़ वाली नाव का उपयोग करना पड़ रहा है सकरी नदी के दोनों तरफ कई गांव हैं. जहां के हजारों लोग रोजमर्रा से लेकर अन्य जरूरी कार्य इसी नदी को पार कर करते हैं।

रोह प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए यह सबसे छोटा रास्ता है. लिहाजा लोग इसी रास्ते का इस्तेमाल कर अपने कार्य को करते हैं।आजकल इलाके के लोग जुगाड़ की नाव से नदी को पार करते हैं. यह नाव बड़े ट्यूब और बांस की चाली से बनायी



जाती है. इसी जुगाड़ के नाव से लोग जान जोखम में डालकर नदी पार करने को मजबूर हैं. इस नाव पर नाविकों को पैसे देकर इंसान के साथ-साथ वाहनों को भी पार कराया जाता है.स्थानीय लोगो ने बताया कि वे ऐसा नहीं करना चाहते हैं, मगर मजबूरी में सभी को ऐसा करना पड़ता है क्योंकि रोह से होकर नवादा आने पर उनका बहुत समय लग जाता है लोग यह भी मांग कर रहे हैं कि अगर पुल को मुख्य सड़क से जोड़ दिया जाता तो उन्हें सहुलियत होगी।बता दे लोगों की ये लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है. जबकि स्थानीय प्रसाशन इस तरह के जोखिम भरे सफर पर रोक भी नहीं लगा रहा।गोंसाई बिगहा के ग्रामीणों ने बताया कि इस नदी के दोनों तरफ कई गांव हैं।पूर्व सांसद गिरिराज सिंह की पहल पर बनकर तैयार हो गया है।मगर इस पुल को मुख्य सड़क से जोड़ा नहीं गया है.यही कारण है कि लोग पुल के अभाव में जुगाड़ की नाव पर चढ़ते हैं।

## राज्य कर आयुक्त ने सुखाड़ से निपटने हेतु महत्व पूर्ण बैठक नारदीगंज में की

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो,(धर्म जीत सिन्हा)

नवादाः- डॉ0 प्रतिमा (भा0प्र0से0) राज्य कर आयुक्त-सह-सचिव-सह-प्रभारी सचिव जिला नवादा की अध्यक्षता में आज नारदीगंज प्रखंड के सभागार में संभावित सुखाड़ 2022 से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक के प्रारंभ में उदिता सिंह जिला पदाधिकारी नवादा में जिले में अब तक सुखाड़ से संबंधित की गई तैयारियों के संबंध में फिडबैक दिये। आज बैठक में कृषि, पीएचईडी, लघु सिंचाई, आदि विभागों की विस्तृत समीक्षा की गयी।

सचिव महोदया ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिये कि जिले में किसानों को किसी प्रकार की उर्वरक की कमी नहीं हो। निर्धारित दर और मात्रा के अनुसार सभी वांछित किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के अन्दर जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक बुलाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी नवादा के द्वारा बताया गया कि यूरिया का अभी 03 हजार मेट्रिक टन मात्रा उपलब्ध है। सचिव के द्वारा यूरिया का निर्धारित कीमत और डिलर तक पहुंचाने के संबंध में समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि अभी तक लक्ष्य के अनुरूप 71 प्रतिसत यूरिया जिला को प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि अपना सम्पर्क नम्बर और हेल्प लाईन नम्बर जारी करें जिससे कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।

जिला में औसत जल का स्तर 26 फिट है। लेकिन गोविन्दपुर के कुछ पंचायतों में 70 फिट तक चला गया है। प्रभारी सचिव के द्वारा निर्देश दिया गया कि डीजल पम्प से सिंचाई करने वाले किसानों को सरकार के द्वारा निर्धारित डीजल अनुदान देना सुनिश्चित करें। अबतक जिले में 134 आवेदन डीजल अनुदान के



लिए प्राप्त हो चुके हैं। बटायेदारों को भी डीजल अनुदान का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कृषि टास्क फोर्स की बैठक बुलायें। सहायक अभियंता विद्युत ने बताया कि कृषि फिडर से किसानों को 75 पैसे यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करायी जा रही है। सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए कृषि फिडर में 16 घंटे लाईन देना सुनिश्चित करें और फॉल्ट आने पर यथाशीघ्र मरम्मत भी करें।

प्रभारी सचिव के द्वारा अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर आदि से धान आच्छादन के संबंध में फिडबैक प्राप्त किये। अबतक जिले में धान का आच्छादन 15 प्रतिसत से अधिक हो चुका है और 15 से 20 अगस्त तक 50 से 60 प्रतिसत तक होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फुलवरिया डैम और कोल महादेव को सिंचाई के लिए उपयुक्त बनाने के लिए सर्वे कर प्रतिवेदन विभाग को भेजें।

दूसरे चरण की बैठक में मनरेगा के पीओ और पंचायत सचिव से अब तक किये गये कार्यों के संबंध मे फिडबैक प्राप्त किये। उन्होंने निर्देश दिया कि टीडीएस और जीएसटी काटकर सरकार के निर्धारित खात में जमा करन सुनिश्चित करें। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वार बताया गया कि दो साल से टीडीएस कटौती बंद है, क्योंकि भुगतान बाधित है। बैठक मे बताया गया कि मजदूरों का निर्धारित दर से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने अपर समाहर्ता और उप विकास आयुक्त को निर्देश दिये कि जीएसटी और टीडीएस कटौती के लिए सभी संबंधित अधिकारियों का निबंधन अवश्य करायें।

कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाइ के द्वारा बताया गया कि जिले मे 193 राजकीय नलकूप में से 86 चालू है, 02 नलकूप में मोटर जल जाने से बंद था, जो आज शाम तक चालू हो जायेगा। सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि बिजली के अभाव मे बंद सभी नलकूपों को दो दिनों के अन्दर चालू करना सुनिश्चित करें।

आज की बैठक में उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता नवादा, मो0 नैय्यर एकबाल उप विकास आयुक्त, उमेश कुमार भारती अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, अमु अमला एसडीसी, सत्येन्द्र प्रसाद जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, संतोष कुमार सुमन जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बात की जानकारी डीपीआरओ नवादा ने दी है।

## मत्स्य जीवी सहयोग समिति का मतदान आज सभी तैयारियां पूरी अध्यक्ष व सचिव के लिए नामांकित चार उम्मीदवारों के बीच है मुकाबला

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-प्रखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति वारिसलीगंज का चुनाव गुरुवार को संपन्न होना है। जिसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष के लिए दो तथा सचिव के लिए दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला है।

प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मत्स्य जीवी सहयोग समिति का चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी प्रकार की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया कि सुबह 07 बजे से प्रखंड कार्यालय स्थित एकमात्र मतदान केंद्र पर चुनाव कराया जाना है जिसमें प्रखंड क्षेत्र के 46 मतदाता सचिव और अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए चुनाव करेंगे । मत्स्य जीवी सहयोग समिति में अध्यक्ष और सचिव के अलावे सात सदस्यों का चुनाव होना था। परंतु सहयोग समिति के उक्त सभी सदस्य के लिए एकमात्र उम्मीदवार होने के कारण निर्विरोध चुने जाने के बाद सिर्फ अध्यक्ष और सचिव पद के लिए चारों उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होना है बताया गया कि चुनाव के तुरंत बाद मतों की गिनती कर परिणाम घोषित कर दी जाएगी।

## थाना परिसर कुर्था में मोहर्रम अखाड़ा को लेकर की बैठक मे शांतिपूर्ण ढंग से ताजिया जुलूस निकालने का लिया गया निर्णय।

समाज जागरण जिला ब्यूरो
अरवल मृत्युंजय कुमार कुर्था

कुर्था (अरवल ) थाना परिसर में बुधवार को ताजिया पर्व को लेकर मोहर्रम अखाड़ा को लेकर की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता कुर्था प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ जियाउल हक एवं कुर्था थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक में क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध जनों के साथ ही क्षेत्र के खेमकरण सराय, पिंजरावां, कोदमरई, मुबारकपुर,धमौल,गंगापुर, ढोंढ़रा,सहजीवन दरगाह,मोतीपुर, पैनाठी सहित कई गांवों के अल्पसंख्यक समुदाय के लोग मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने ताजिया को लेकर निकाले जाने वाले जुलूस आदि को लेकर विस्तृत जानकारी ली। साथ ही शांतिपूर्ण ढंग से ताजिया जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ जियाउल हक ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मुहर्रम पर्व मनाने एवं शांतिपूर्ण ढंग से तजिया जुलूस निकलवाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने दोनों समुदायों के लोगों को पर्व के दौरान सब शांतिपूर्ण रहे इसके लिए परस्पर एक दूसरे का सहयोग करने की अपील की

वहीं इस बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि पर्व में जुलूस व अखाड़ा को लेकर सभी समिति को थाना से लाइसेंस लेना



अनिवार्य है। जो बिना लाइसेंस के जुलूस निकालेंगे तो उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्व के दिन जुलूस निकालने को लेकर रूट चार्ट के बारे में बताया गया। सभी को कहा गया कि जो रूट चार्ट होगा उसके अनुसार ही जुलूस निकाला जाएगा। वहीं पर्व के दौरान गड़बड़ी फैलाने वाले शरारती तत्वों एवं कहीं भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो तो उसकी सूचना पुलिस को देने कहा ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

बैठक में उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का भरोसा पुलिस-प्रशासन को दिया बैठक के दौरान लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कुर्था की धरती तपोभूमि है जिसपर अबतक कोई भी पर्व चाहे वो किसी भी सम्प्रदाय का पर्व क्यों न हो किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी नही हुई है सभी पर्व त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है और आनेवाला ताजिया एवं मुहर्रम भी उसी तरह शांतिपूर्ण और सद्भाव के माहौल मे मनाए जाने का भरोसा जताया।

इस मौके पर धमौल पंचायत के पूर्व मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष अरशद करीम, कुर्था विधानसभा के जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रत्याशी जमालुद्दीन अंसारी,खेमकरण सराय पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना आलम, अनवर अली,मोहम्मद शफीक,वशी अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जन जागरूकता से ही सफल होगा स्तनपान सप्ताह, प्रत्येक धातृ माता तक स्तनपान के महत्व की पहुँचाएं जानकारी : सिविल सर्जन

**सिविल सर्जन ने जिले के स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश स्तनपान सप्ताह की सफलता को लेकर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुई बैठक**

समाज जागरण लखीसराय

जिले में स्तनपान सप्ताह की सफलता को लेकर बुधवार की शाम जिला स्वास्थ्य समिति परिसर स्थित सभागार कक्ष में सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिले के स्वास्थ्य विभाग और आ-ईसीडीएस के पदाधिकारी और कर्मी के अलावा अन्य सहयोगी स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन ने मौजूद पदाधिकारियों से जिले में चल रहे स्तनपान सप्ताह की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने, मौजूद पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। सिविल सर्जन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जन जागरूकता से ही स्तनपान सप्ताह सफल होगा। इसलिए, सामुदायिक स्तर पर धातृ माताओं के साथ बैठक कर जागरूक करें और स्तनपान से होने वाले फायदे, इसके महत्व समेत अन्य जानकारियों से अवगत कराएं। ताकि स्तनपान को लेकर घातृ माताओं के मन में चल रही दुविधा को दूर किया सके । साथ ही सामुदायिक स्तर पर जागरूकता भी आ सके। इस मौके पर एसीएमओ सह डीआ-ईओ डॉ अशोक कुमार भारती, डीपीएम (हेल्थ) मो खालिद हुसैन, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक, स्वास्थ्य प्रबंधक समेत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, बीसीएम आदि मौजूद थे।

- स्वास्थ्य संस्थान से लेकर आंगनबाड़ी केंद्र तक किया जा रहा है जागरूक :

डीपीसी सुनील कुमार ने बताया,



स्तनपान सप्ताह की सफलता को लेकर स्वास्थ्य संस्थानों से लेकर आंगनबाड़ी केंद्र तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत एक-एक धातृ महिला को स्तनपान के प्रति जागरूक किया जा रहा और स्तनपान से होने वाले फायदे, स्तनपान के महत्व, शिशु के लिए स्तनपान क्यों और कितना जरूरी है समेत अन्य आवश्यक जानकारियाँ दी जा रही हैं । वहीं, उन्होंने बताया, इसके अलावा आशा कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर भी धातृ माताओं को जागरूक किया जा रहा है।

- शिशु के सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक विकास के लिए छः माह तक सिर्फ सिर्फ माँ का दूध जरूरी : शिशु के सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जन्म के पश्चात छः माह तक सिर्फ और सिर्फ माँ का दूध जरूरी है। इससे शिशु का ना सिर्फ शारीरिक और मानसिक विकास होता बल्कि, रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिलती , जो संक्रामक बीमारी से बचाव करता है। इसलिए, शिशु को जन्म के पश्चात छः माह तक सिर्फ और सिर्फ माँ का ही दूध पिलाएं। इस-के बाद ही ऊपरी आहार देना शुरू करें। इसके अलावा पुराने ख्यालातों और अवधारणाओं से बाहर आकर जन्म के एक घंटे के अंदर ही बच्चे को दूध पिलाना शुरू कर दें। माँ यह गाढ़ा-पीला दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है।

- शिशु को छः माह तक सिर्फ माँ के दूध का ही कराएं सेवन :

शिशु को जन्म के पश्चात छः माह तो सिर्फ माँ का दूध ही सेवन तो जरूरी है ही, इसके बाद भी कम से कम दो वर्षों तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान भी जरूरी है। तभी शिशु का सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक विकास और स्वस्थ शरीर का निर्माण होगा। साथ ही रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिलेगी और संक्रामक रोग से भी दूर रहेगा। इसलिए, स्तनपान कराने वाली सभी माताओं को दो वर्षों तक अपने शिशु को स्तनपान कराना चाहिए।

# मध्य विद्यालय प्रतापपुर में स्कूली बच्चों को दी गई स्काउट एवं गाइड की ट्रेनिंग।

समाज जागरण जिला ब्यूरो
अरवल मृत्युंजय कुमार कुर्था

कुर्था (अरवल ) भारत स्काउट और गाइड अरवल के तत्वाधान में मध्य विद्यालय प्रतापपुर ,कुर्था मे प्रथम सोपान शिविर का आयोजन किया गया।बताते चले कि भारत स्काउट और गाइड जिला संगठन आयुक्त विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मध्य विद्यालय प्रतापपुर में प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। बच्चों को स्काउट गाइड की जानकारी झंडा गीत, प्रार्थना, प्राथमिक चिकित्सा जैसे अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कई विद्याऐं सिखाई गई। स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन किया गया। बच्चों को दीक्षा ग्रहण कराया गया। साथ ही साथ जिला संस्था द्वारा प्रथम सोपान का विद्यालय प्रधान द्वारा प्रमाण पत्र देकर सभी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय प्रधानाध्यापक संजय कुमार मंडल ने कहा कि स्काउट एंड गाइड अंतरराष्ट्रीय संगठन जो बच्चों को



भाईचारा और एकता के सूत्र में बांधने में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि स्काउट एंड गाइड सभी बच्चों के लिए अनिवार्य है। इससे बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास होता है सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में बच्चे काफी अनुशासित हैं।स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को जोड़ने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड की ट्रेनर सुश्री अंजली कुमारी, सहयोगी शंभू कुमार, आशुतोष कुमार, रोहित कुमार, राधिका कुमारी, अंकुश कुमार ने स्काउट गाइड के तहत मध्य विद्यालय प्रतापपुर में लगभग 60 बच्चों को स्काउट एंड गाइड के बुनियादी शिक्षा ग्रहण कराई गई। इस मौके पर छात्रा कुमारी निरुपमा काजल कुमारी, सोनम कुमारी, निरु कुमारी, गौरव कुमार समेत उक्त विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ट्रेनर अंजली कुमारी ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण छह दिवसीय है जो 1 अगस्त को समापन किया गया। मध्य विद्यालय प्रतापपुर के युवा समर्थ शिक्षक आलोक सर एवं अन्य शिक्षक - शिक्षिकाएं भाग लियें।

# कांग्रेसियों ने शुरू किया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का अभियान

दैनिक समाज जागरण
गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

विजयि विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारो को बुलंद करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता ने आज से लगातार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक घर, घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने का अभियान स्थानीय चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के पास से शुरू किया ।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, राम प्रमोद सिंह, विद्या शर्मा, श्रवण पासवान, अमरजीत कुमार, टिंकू गिरी, अभिषेक श्रीवास्तव, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र कुमार सिंह, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल,



मो समद, असरफ इमाम आदि ने अपने, अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी सन 1929 वाली पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के हाथो में तिरंगा वाली तस्वीर को आदर्श मानते हुए 03 अगस्त से 15 से तक घर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

नेताओ ने कहा की आज देश के सत्ता में बैठे लोग जिन्हें आजादी की लड़ाई से दूर, दूर तक कोई वास्ता नहीं रहा हो, जिस आर आर के नागपुर कार्यालय में 52 वर्षो तक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा नही फहराया वे लोग आज सरकारी तंत्र का उपयोग कर अरबों, खरब प्रचार पर खर्च कर घर, घर तिरंगा फहराने का अभियान चला रहे है।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी विगत 75 वर्षो से अगस्त क्रांति मानते आ रही है, तथा इस वर्ष 75 वीं वर्षगाठ के अवसर पर पूरे एक वर्ष कार्यक्रम करते हुए आज से 15 अगस्त तक घर, घर तिरंगा फहराने तथा 75 किलोमीटर पदयात्रा करने का काम किया जाएगा।

# आप जो सफेद चादर देंगे मै उस पर दाग नहीं लगने देंगे - समरेंद्र

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) शिक्षक साथियो के लिए जान समर्पित है,जो चादर हमे आप सौंपने जा रहे है उसपर दाग नही लगने दूँगा उक्त बातें शिक्षक संघ के नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न विद्यालयों के दौरा के क्रम में अपने मित्रों शिक्षक साथियों से कही , उन्होंने कागा कि आज तक आपने जिन को वोट दिया है। सिर्फ उनके द्वारा राष्ट्र निमार्ता शिक्षक साथियों को ठगने का काम किया गया है 15 वर्षों से लगभग शिक्षकों का शोषण हो रहा है वेतन विसंगति का मामला हो महिला बहनों को स्थानांतरण की सुविधा आज तक



नहीं है मान लीजिए कोई बच्ची जी जिनका घर छपरा सदर में है और उनकी शादी भागलपुर जिले में हुई है वह चाहकर भी अपने बच्चों और सास ससुर की सेवा नहीं कर सकती है या सबसे दुखद बात है सरकार रोज-रोज वादा करती है और शिक्षकों के साथ धोखाधड़ी करने का काम करती है अगर हम लोग सदन में गए तो सबसे पहले प्राथमिकता होगी महिला शिक्षकों की स्थानांतरण की सुविधा दी जाए उक्त मौके पर सुनीता मिश्रा रिंकी कुमारी रेखा कुमारी माला कुमारी बबीता कुमारी कुंती कुमारी हिना कौसर किरण कुमारी सद्दाम प्रवीण नीता कुमारी शगुफ्ता परवीन निगार सुल्तान कैसी बारिश मलिका खातून मनोज कुमार प्रशांत कुमार समीम जी शमीम बलिदा न बबन आदि शामिल थे।

# मरीज के मौत के बाद परिजनों ने शरद किया जाम पुलिस बनी मूकदर्शक

लोकेशन।।पूर्णिया रिपोर्ट।।प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया शहर के लाइन बाजार स्थित एक निजी नर्सिंग होम में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम वहीं अस्पताल छोड़कर डॉक्टर समेत कर्मी हुए फरार पुलिस बनी मूकदर्शक सड़क जाम में घंटों एंबुलेंस फसा रहा। बताया जा रहा है कि पूर्णिया जिला के जलालगढ़ थाना अंतर्गत डुमरा गांव निवासी 55 वर्षीय मधुसूदन पासवान का इलाज पिछले 5 वर्षो से लाइन बाजार के आर्यन नर्सिंग होम में डॉ अरविंद कुमार से इलाज चल रहा था ।मरीज को दमा की शिकायत थी जिसमें तबीयत बिगड़ने पर परिजन के द्वारा उसे नर्सिंग होम में लाया गया डॉक्टर ने ऑक्सीजन की शरीर में कमी बताते हुए इलाज शुरू किया उसी क्षण में एक सुई देने के बाद मरीज की स्थिति बिगड़ गई आनन-फानन में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मरीज को आईसीयू में ले जाने की सलाह दी गई आईसीयू में ले जाने के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन आक्रोशित हो गए और आर्यन नर्सिंग होम में मृतक के शव को लेकर आ गए और हंगामा करने लगे हंगामा को देख अस्पताल में बैठे चिकित्सक एवं अन्य कर्मी मौके से फरार हो गए घटना की सूचना 112 नंबर की गाड़ी को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन आक्रोशित परिजन उनकी एक नहीं मानी और लाइन बाजार मुख्य मार्ग को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे इस दौरान घंटों एंबुलेंस सड़क पर जाम में फंसी रही वहीं पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी रही।

# धनियावां पहाड़ी पर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग।

समाज जागरण

नारदीगंज,नवादाः-प्रखंड के ओड़ो पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्र ने डीएम व बीडीओ को आवेदन पत्र भेजकर धनियावां पहाड़ी पर मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग किया है ।कहा गया है कि नारदीगंज प्रखंड से चार किलोमीटर की दूरी पर ऐतिहासिक द्वापर कालीन देवा धीदेव महादेव जी का मंदिर धनियावां पहाड़ी के ऊपर स्थित है।जो पेश पंचायत में है ।सावन मास में हजारों श्रद्धालु पूजा करने के लिए प्रतिदिन आते हैं, लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है कि उस परिसर में पानी बिल्कुल नहीं है , पानी के अभाव में श्रद्धालुओं को पूजा करने में काफी कठिनाइयां होती है, वहीं छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं श्रद्धालु पानी के लिए तरस जाते हैं। इसके साथ एक भी आसपास शौचालय भी नहीं है। महिलाओं को कपड़ा बदलने के लिए भी शेड की भी व्यवस्था नहीं है।उन्होंने कहा श्रद्धालु अपनी प्यास बुझाने के लिए पूजा करने के लिए पहाड़ से नीचे उतर कर मठ में जाते है, जिससे भक्त जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कृपया आप जैसे कर्मठ जिला पदाधिकारी से काफी अपेक्षाएं हैं, एक बार महादेव जी के दर्शन कर लीजिए, क्योंकि आपके जाने मात्र से ही कई समस्याओं को समाधान हो सकता है। फिलहाल पानी की किल्लत जैसी समस्याओं का अभिलंब समाधान करने की भी कृपा कीजिए, ताकि आपका नाम और कीर्ति सदा बना रहे।हम आपके मंगलमय उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करते हैं।इस सम्बंध में बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा स्थलीय निरिक्षण कर समस्या का निदान जल्द किया जायेगा।

# नालंदा डीएम की अध्यक्षता में राजकीय नलकूपों को लेकर समीक्षा बैठक

समाज जागरण बिहार शरीफ(ए. स.)

नालंदाःनालंदाजिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में मंगलवार को देर शाम जिला में राजकीय नलकूपों को लेकर समीक्षा बैठक आहूत की गई।

नालंदा जिला में कुल 417 राजकीय नलकूप हैं, जिनमें से 131 चालू स्थिति में हैं तथा 286 नलकूप यांत्रिक दोष, विद्युत दोष, संयुक्त दोष एवं अन्य कारणों से बंद हैं। इन सभी नलकूपों को राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में पूर्व में ही संबंधित पंचायतों को संचालन हेतु हस्तगत कराया गया था।

बंद पड़े नलकूपों की मरम्मती के लिए पंचायतों को निर्धारित प्राक्कलन के आधार पर तीन किस्तों में राशि उपलब्ध कराई जाती है। इनमें से 165 नलकूपों की मरम्मती के लिए प्रथम किस्त की राशि संबंधित पंचायतों को हस्तगत कराई गई थी, जिनमें से 101 नलकूपों के प्रथम किस्त की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। इनमें से 76 नलकूपों के लिए द्वितीय किस्त की राशि का भी हस्तांतरण किया गया। प्रथम किस्त की राशि प्राप्त करने वाले 165 में से 64 नलकूपों का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया गया है, जिसके कारण द्वितीय किस्त की राशि का हस्तांतरण नहीं हो सका है।

मरम्मती योग्य वाले नलकूपों में से कुछ नलकूप चालू भी हो गए हैं।

प्रथम किस्त का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं करने वाले 64 नलकूपों में से 20 नलकूपों में मरम्मती कार्य प्रारंभ नहीं होने की जानकारी प्राप्त हुई। 2 दिनों के अंदर इन सभी नलकूपों की मरम्मती कार्य प्रारंभ कराने का निदेश संबंधित पंचायत सचिवों को दिया गया। प्रथम किस्त का लंबित तथा द्वितीय किस्त का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी अविलंब जमा कराने का निर्देश दिया गया।

जहां भी कार्य हुआ है, परंतु कार्य प्रगति की मापी दर्ज



नहीं की गई है, संबंधित कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण पूछा गया।

विद्युत दोष के कारण बंद नलकूपों को चालू करने के लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति ग्रामीण को ऐसे नलकूपों की जांच करा कर एक सप्ताह के अंतर्गत दोष को दूर कराने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त राजकीय नलकूपों के मॉनिटरिंग कमिटी की नियमित बैठक कर मरम्मती कार्य की समीक्षा करने को कहा।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई एवं संबंधित पंचायतों के पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा और राष्ट्रिय लोक अदालत को लेकर प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर ने पैनल अधिवाक्ताओ के साथ की बैठक, दिया निर्देश।

**प्राधिकार "13 अगस्त से 15 अगस्त तक" जिले में चलाएगा हर घर तिरंगा का मुहीम।**

समाज जागरण

अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ, केशव कुमार सिंह जिला संवाददात्ता, दैनिक समाज जागरण औरंगाबाद (बिहार ) 03 अगस्त 2022:- जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणव शंकर ने अपने प्रकोष्ठ में सभी पैनल अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाये जाने वाले आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कई दिशा-निर्देष दिये तथा पैनल अधिवक्ताओं के साथ उक्त अभियान की सफलता हेतु पुरे लगन के साथ सहयोग करने तथा अन्य लोगों को इस मुहिम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र कर्तव्य है कि हम न सिर्फ उक्त मुहिम में शामिल हों, बल्कि उन्हें जो उक्त मुहिम से अन्जान है या किसी कारण वश शामिल नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें भी इस मुहिम में शामिल करना है ताकि यह मुहिम जिले में पूर्णरूपेण सफल हो और आजादी के 75 वर्ष पुरे होने का अहसास सभी को हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े समस्त व्यक्ति इस मुहिम में अपना योगदान दें। इसके साथ ही सचिव ने प्राधिकार के पैनल अधिवक्ताओं से आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत मे सहयोग करने तथा अपने स्तर से



सुलहनीय वादों को चिन्हित कर उन्हें निष्पादन कराने तथा पक्षकार को प्राधिकार तक लाने के प्रति उन्हें प्रेरित करने का आह्वान किया, जिसपर समस्त पैनल अधिवक्ताओं ने आश्वस्त किया गया कि दिनांक 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत और 13 अगस्त से 15 अगस्त तक मनाये जाने वाले हर घर तिरंगा मुहिम को हमलोग एक त्यौहार के तरह मनाकर उसे सफल कराने में पूर्ण योगदान देंगें, और यह मुहिम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत बिल्कुल सफल होगा। सचिव ने जिले वासियों से भी यह अपील किया है कि हर घर तिरंगा मुहिम को अपने घर तथा आस-पास के क्षेत्रों में मनाने के लिए प्रेरित करें।

अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने क्षेत्र में लोगों को घरो में तिरंगा लगाने हेतु कार्य भी करेंगें। ताकि कोई भी घर जिले में ऐसा न हो जहां इस मुहिम से अछूता रहे। तथा हर घर तिरंगा मुहिम जिले में पुर्ण रूप से सफल हो इसका सभी को ध्यान रखना है साथ ही सचिव ने बताया कि प्राधिकार से जुड़े लोग लोगों को आजादी के महत्व एवं आजादी की प्राप्ति में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के प्रति लोगों को जागरूक करेंगें ताकि लोगों को आजादी के महत्व और कीमत दोनों का एहसास जीवन में हो तथा आजादी के बाद देश की प्रगति और सफर पर लोग गर्व महसूस करें और आजादी के हर पर्व को धुमधाम एवं हर्षोल्लास से मनायें । सचिव द्वारा यह भी बताया कि प्राधिकार के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ही जन-जागरूकता तथा विधिक अधिकारों से अवगत कराने हेतु पुरे जिले में व्यापक अभियान चलाया गया था जिसका परिणाम काफी सार्थक एवं सराहनीय रहा है और प्राधिकार के द्वारा इस हर घर तिरंगा मुहिम से जुड़ने के लिए जिलेवासियों से अपील किया गया है।

# बीडीसी सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष मे नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया । कार्यक्रम मे माझी और बनियापुर के बीडीसी सदस्यों का यह प्रशिक्षण जिला से आए प्र-शिक्षण त्रिपुरारी शरण और राजेश पासवान के द्वारा दिया गया।जहा सदसयो को पंचायती राज मे सदस्यों को मिलने वाली तमाम तरह के योजना की जानकारी तथा क्रियान्वयन की सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।जहा आपदा,लेखा संधारण,15 वी वित आयोग,साष्टम वित आयोग तथा विभागीय अनुदान की भी



जानकारी दी गयी।तथा योजनाओं की चयन व विभागीय प्रक्रिया की जानकारी दी गयी।सदस्यों को टाइड और अनटाइड मद की भी जानकारी दी।मौके पर नितीश कुमार दीप माला कुमारी अजय पाण्डेय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते कहा कि सरकार के द्वारा जन प्रतिनिधियों के बिच वर्ष मे एक बार ऐसे कार्यक्रम अवश्य आयोजित किया जाना चाहिए।वही प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थागत प्रक्रिया की सबने सराहना किया।जहा बीपीआ-रओ तरुण कुमार बीडीसी उत्तम कुमार जुलेखा प्रवीण अनिल शर्मा मनिभूषण दुबे मुरारी सिंह संतोष राय सहित सभी सदस्य शामिल थे।

# जहानाबाद सांसद ने लोकसभा में उठाया कृषि से जुड़ा मुद्दा, अरवल मे कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करने की सरकार से की मांग।

दैनिक समाज जागरण
जहानाबाद से बरुण कुमार

जहानाबाद सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने संसद में भारत सरकार से अरवल जिले में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद अंतर्गत बिहार राज्य के अरवल जिले में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करने की काफी जरूरत है।अरवल जिले की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से कृषि पर आधारित है और इस क्षेत्र में किसी भी उद्योग की उपस्थिति नही है। धान,गेहूं और मक्का यहां की प्रमुख फसलें हैं। जिले का अधिकांश क्षेत्र अच्छी तरह से सिंचित है। लेकिन कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर की



कमी के कारण किसानों को उचित लाभ नहीं मिल रहा है।जिले के किंजर, करपी, अरवल, कुर्था, कलेर एवं सूर्यपुर वंशी और उसके मेहनती किसानों के उत्पाद को बेहतर भंडारण, मार्केटिंग एवं बिक्री को आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अवसंरचना निर्माण के लिये कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर की स्थापना नितांत आवश्यक है। इसमें केंद्र सरकार की पहल और योजना के लिए आवश्यक राशि का अति शीघ्र का प्रबंध होना चाहिए। इस काम को करने में आ रही बाधा को दूर करते हुए हर हाल में क्लस्टर स्थापित होने चाहिए। सांसद ने कहा कि मेरा केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के मंत्री से आग्रह है कि जल्द से जल्द अरवल जिले में कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर स्थापित करवाने की व्यवस्था करें।

# जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय बंसीपुर चाय टोला का जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के द्वारा बुधवार को निरीक्षण किया गया तथा उनके अचानक आ जाने से विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मची रही एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के द्वारा विद्यालय की शिक्षिका ललिता कुमारी से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्र-ाओं की संख्या और विद्यालय में स्कूली



बच्चों के लिए बनने वाले भोजन की गुणवत्ता पूर्ण उनके द्वारा जांच किया गया तथा जांच में कमी पाए जाने पर जिला अधिकारी के द्वारा शिक्षिका को कड़ी फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया एवं साथी बंशीपुर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र जन वितरण प्रणाली एवं स्वास्थ्य केंद्र का भी उनके द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जहां भी खामियां पाई गई जिलाधिकारी के द्वारा कड़ी फटकार लगाई गई एवं साथ ही स्वास्थ्य उपकेंद्र बंद रहने को लेकर जिला अधिकारी के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि जल्द ही स्वास्थ्य उपकेंद्र चालू किया जाएगा

# नौ दिवसीय अखंड रामाधुनी की हुई शुरूआत

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

स्थानीय थाना परिसर से सटे साकेत धाम ठाकुरबारी परिसर में बुधवार से नौ दिवसीय अखंड रामाधुनी नवाह संकीर्तन के आयोजन को लेकर विद्वान पुरोहितों के द्वारा पूजन कर अखंड रामाधुनी की शुरूआत की गई जिसमें स्थानीय भजन मंडली बीजों सिंह एवं उनके सहयोगियों के द्वारा संकीर्तन की शुरूआत की गई है उक्त मंदिर परिसर में सूर्यगढ़ा



बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों से सभी वर्गों के लोग शामिल होते हैं उक्त आयोजन से सूर्यगढ़ा आदर्श थाना परिसर भी भक्तिमय हो चला है

# फूल बगान चौक पर हंगामा करते एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर भेजा न्यायलय

सिरदला नवादा :-बुधवार को सिरदला पुलिस के गश्ती दल ने थाना क्षेत्र के फूल बगान चौक पर शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते एक युवक को सेंट्रो कार सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक को सिरदला थाना में ब्रेथ एनालाइजर से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टि होते ही शराब अधिनियम व संसोधन 2016 की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर व्यवहार न्यायलय को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान नरहट थाना क्षेत्र के गंगटा निवासी महेंद्र यादव के पुत्र गुड्डु यादव के रूप में की गयी है।

# सूर्यगढ़ा थानाध्यक्ष राजीव कुमार गुरुवार को करेंगे अपना योगदान

समाज जागरण लखीसराय

जिले के पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार के निर्देश पर लखीसराय शहर के कमैया ओपी अध्यक्ष राजीव कुमार का तबादला सूर्यगढ़ा आदर्श थाना किया गया बता देगी कवैया थानाध्यक्ष राजीव कुमार तकरीबन 3 वर्षों के कार्यकाल में लखीसराय शहर में कई कांडों का उद्भेदन समेत कई



उपलब्धियां उनके द्वारा दी गई राजीव कुमार काफी तेज तर्रार पुलिस पदाधिकारी हैं तथा वरीय पदाधिकारी के द्वारा उनके तबादले से अब सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम लोगों को काफी राहत मिलेगी जबकि अब अपराधी वर्ग के लोगों के बीच या तो क्राइम छोड़ देंगे या फिर सलाखों के पीछे नजर आएंगे स्थानीय लोगों को नए थानाध्यक्ष राजीव कुमार से काफी उम्मीदें हैं

# आजादी के अमृत महोत्सव भारत के लोगो को समर्पित है ------ सत्येन्द्र रंजन।

जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार

अरवल :- भारत की आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर अरवल जिला लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव भारत के लोगों को समर्पित है । आजादी के अमृत महोत्सव भारत के गौरवशाली इतिहास , संस्कृति और उपलब्धियों को मनाने के लिए भारत सरकार की एक पहल है । आजादी का अमृत महोत्सव भारत की एकता , अखंडता , सामाजिक , संस्कृति , राजनीतिक और आर्थिक पहचान के लिए प्रगतिशील है । आज भारत एक परमाणु शक्ति होने के साथ साथ ही बड़ी सैन्य शक्ति भी है । चांद और मंगल पर मानव रहित मिशन वाले पांच देशों की सूची में भारत का नाम भी शामिल है । आज भारत को पूरी दुनिया सम्मान और आशाभरी नजरों से देख रही है । आगे जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव किसी जाति , धर्म , सम्प्रदाय अथवा राज्य नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत के लिए महत्वपूर्ण है । इस राष्ट्रीय महोत्सव के अवसर पर सभी देशवासी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों पर आदर और सम्मान के साथ तिरंगा झंडा फहराएं ।

# मुहर्रम और सावनी मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

दैनिक समाज जागरण

बनियापुर (सारण) थाना परिसर मे मुहर्रम और सावनी मेला को शांति सदभापूर्ण माहौल मे सम्पन्न कराए जाने को लेकर थानाध्यक्ष की अध्यक्षता मे शांति सनीति की बैठक आयोजित किया गया।जहा थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह सीओ स्वामी नाथ राम बीडीओ कपूर्री ठ-ाकुर ने सभी प्रबुद्ध नागरिकों,ताजिया समिति के अध्यक्षों उपस्थित जन प्रतिनिधियो को संबोधित करते कहा कि मुहर्रम महापर्व और



सावनी महापर्व दोनो साथ साथ है।आप सबो से अपेक्षा की जाती है कि पूरे क्षेत्र मे पर्व शांति सदभाव प्रेम भाईचारे के माहौल मे सम्पन्न होना चाहिए,वही किसी भी जुलुस मे डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।मौके पर पुलिस प्रशासन असमाजिक तत्वों,उपद्रवी की पहचान मे जुट गयी है।चिन्हित लोगो के साथ सख्ती ने निपटा जाएगा। किसी प्रकार के अफवाह फैलाने वालो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।मौके परवेज अख्तर शम्स परवेज मेराज शाह अरुण दास सहित कई मुखिया,गणमान्य शामिल थे।

# पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार

बनियापुर (सारण) स्थानीय थाना क्षेत्र के चेतन छपरा गाव से पुलिस ने गस्ती के क्रम मे गुप्त सूचना पर छापामारी करते एक धंधेबाज के घर से 24 पीस अंग्रजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है,साथ ही मामले मे आरोपित करते जेल भेज दिया है। एसआई देवनंद प्रसाद के ब्यान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है कि पुलिस टीम के साथ गस्ती मे निकला था तभी गुप्त सूचना मिली कि स्थानीय योगेश कुमार राय अपने दलान मे शराब व्यवसाय करता है,जहा छापसमारी की गयी पुलिस को देख भागने के क्रम मे उसे गिरफ्तार किया गया,जहा से 24 पीस मे 180 एम एल अंग्रेजी शराब बरामद करते उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## 47 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक जिसमें है 26 छात्राएं और 21 छात्र

**दैनिक समाज जागरण स्वर्ण पदक में छात्राएं आगे मधेपुरा।**

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. पी. राजेश के हवाले से बताया बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 47 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इनमें 26 छात्राएं और 21 छात्र थे।

महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान ने वर्ष 2021 के लिए एक मात्र स्वर्ण पदक डेजी कुमारी (एमएड) को प्रदान किया। वर्ष 2020 के लिए यशवंत कुमार (एमएड), राहुल कुमार (एमएलआईएस), पूजा मिश्रा (एमडी) एवं आदित्य कुमार (एमएस) ने भी राज्यपाल के हाथों स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

वर्ष 2019 के लिए प्रदीप कुमार मेहता (एमएड) और प्रभु कुमार (वाणिज्य), शिवम् कृष्णा (भौतिकी), नेहा कुमारी (रसायनशास्त्र), अविनाश कुमार (वनस्पति विज्ञान), अंशु आनंद (जंतु विज्ञान) एवं श्रुति अग्रवाल (गणित), अनीशा (भूगोल), कुमारी रेणुका रंजना (गृह विज्ञान),



मनोविज्ञान में निशा कुमारी, प्रज्ञा गौतम (समाजशास्त्र), जयदीप मोनु (राजनीति विज्ञान), सुमित कुमार (इतिहास) एवं जूली कुमारी (अर्थशास्त्र), अर्चना कुमारी (दर्शनशास्त्र), राधा कुमारी (हिंदी), श्वेता कुमारी (अंग्रेजी), सबा परवीन (उर्दू), संजय कुमार (मैथिली) एवं अर्चिता रानी (संस्कृत) को स्वर्ण पदक दिया गया। वर्ष 2018 में स्वर्ण पदक पाने वालों में आर्यमन स्मित परयातीयार (वाणिज्य), मणिकांत कुमार (भौतिकी), श्यामा अहद (रसायनशास्त्र), सपना कुमारी (वनस्पति विज्ञान), शिखा रानी (जंतु विज्ञान) एवं बिनित कुमार (गणित), मो. शाहनवाज (भूगोल), नेहा कुमारी (गृह विज्ञान), मनोविज्ञान में कावेरी कुमारी, रूचिका कुमारी (समाजशास्त्र), मुकेश कुमार (राजनीति विज्ञान), अवधेश कुमार अमन (इतिहास) एवं अनामिका कुमारी (अर्थशास्त्र), जाह्नवी (दर्शनशास्त्र), सुजाता (हिंदी), मीनाक्षी आनंद (अंग्रेजी), मो. इम्तियाज आलम (उर्दू), मुकेश कुमार राय (मैथिली), प्रीति कुमारी (संस्कृत) एवं आलमगीर आलम (बंगला) के नाम शामिल हैं।

## जहानाबाद के डीएम ने मुरगांव पंचायत में सरकारी योजनाओं का लिया जायजा।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत मुरगांव पंचायत के राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय, मुरगांव तथा धान बुआई का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालय, मुरगांव में पाया गया कि विद्यालय में 06 शिक्षक पदस्थापित है, जो सभी कार्यरत पाये गये। साथ हीं विद्यालय में $2 कक्षा में विज्ञान के कुल 108 छात्रों का नामांकन किया गया है, परन्तु विद्यालय में एक भी छात्र उपस्थित नहीं है। जिसके लिए प्रभारी प्राचार्य द्वारा बताया गया कि विद्यालय में विज्ञान के विषय से संबंधित एक भी शिक्षक नहीं है। जिसके कारण छात्र कक्षा में नहीं आते है, जिसके लिए अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। छात्रों द्वारा बताया गया कि विद्यालय में स्मार्ट क्लास का संचालन किया जाता है। साथ हीं





प्रभारी प्राचाय ने बताया गया कि विद्यालय में नल-जल योजना के तहत नल का कनेक्शन दिया गया था, परन्तु शरारती छात्रों द्वारा नल का कनेक्शन उखाड़ दिया गया है, जिसके लिए नल कनेक्शन हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया। वहीं जिलाधिकारी ने मुरगांव पंचायत के विभिन्न गांवों में धान बुआई का निरीक्षण किया। गांव के किसानों द्वारा बताया गया कि 30 प्रतिशत धान की खेती की गई है। गांव में सरकारी नलकूप की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण निजी बोरिंग के माध्यम से धान की बुआई कर रहें है। जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई संसाधन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ हीं ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पंचायत के जन वितरण प्रणाली बिक्रेता द्वारा सरकार से निर्धारित मूल्य से अधिक में खाद्यन्न की बिक्री की जा रही है। जिसके लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अविलम्ब जांच करा अग्रेतर कार्रवाई करें।

## जहानाबाद डीएम ने राजस्व शाखा के औचक निरीक्षण में संचिकाओं एवं पंजियों का किया अवलोकन।

**दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार**

जहानाबाद जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को समाहरणालय स्थित जिला राजस्व शाखा का औचक निरीक्षण कर संचिकाओं एवं पंजियों का अवलोकन कर कई आवश्यक निदेश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आगत पंजी, निर्गत पंजी, रक्षी संचिका, आवंटन पंजी, आकास्मिकता पंजी, रोकड़वही सहित अन्य पंजियों का अवलोकन किया गया, जो संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा को निदेश दिया कि मुख्यमंत्री जनता दरबार से संबंधित मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के अंदर किया जाए। साथ हीं अपर समाहर्ता को निदेश दिया कि अतिक्रमण से संबंधित मामलों को सूचिबद्ध करें, जिसमें रकवा, एमवीआर., अनुमानित भूमि का मूल्य निर्धारण इत्यादि शामिल रहें। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी



ने अपर समाहर्ता को निदेश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी के साथ नीलाम पत्र वादों का समीक्षा नियमित रूप से करे। साथ हीं जिले में आरा मील, ईट्ट भट्ठा, खनन इत्यादि मामलों का सत्यापन करने का निदेश अपर समाहर्ता को दिया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि सदर अंचल में एलपीसी से संबंधित 50 मामले लंबित है, जिसके लिए उन्होंने अंचलाधिकारी को अविलम्ब पत्र देने का निदेश दिया।

## पंचायत समिति सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को नाले के पानी की निकासी के लिए आवेदन दिया।

**भागलपुर /नवगछिया राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी /पुरुषोत्तम**

भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के बिहपुर जबलपुर पंचायत वार्ड नंबर छह में नाले के पानी की समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य अमन आनंद यादव जी ,ने बिहपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार जी को आवेदन देकर नाले की समस्या को जल्द निदान करने का गुहार लगाया है ' अमन आनंद ने आवेदन में कहा है कि वार्ड नंबर 6 का सड़क बाजार का मुख्य सड़क है' इसी रास्ते से लोग मार्केट जाया करते हैं ,और इसी रास्ते में कई दुकानें भी है, नाली का पानी का निकासी नहीं



होने से काफी परेशानियां दुकानदार एवं लोगों को उठानी पड़ती है, गंदे नाले के पानी से लोग परेशान हैं और बदबू होने से लोगों में आशंका है कहीं महामारी बीमारी न फैल जाए, इसी क्रम में पंचायत समिति सदस्य अमन आनंद ने गुरुवार को वीडियो से मिलकर आवेदन दिया ' जानकारी के मुताबिक यह नाला पूर्व से ही बना हुआ है

## सुलतानगंज थाना परिसर मे मुहर्रम को लेकर थानाध्यक्ष द्वारा शांति समिति कि बैठक।

**भागलपुर सुल्तानगंज समाज जागरण राजीब पाण्डेय /निभाष**

भागलपुर सुलतानगंज थाना परिसर मे मोहर्रम को लेकर थानाध्यक्ष लाल बहादुर कि अध्यक्षता मे थाना क्षेत्र के सभी ईमामबडा एंव मस्जिदों के कार्यकताओं के साथ शांति समिति कि बैठक कि गई। बैठक में थानाध्यक्ष लाल बहादुर ने सभी इमामबाड़ा एवं मस्जिद के मुस्लिम समुदाय के लोगों से पहलाम एंव ताजिया जुलूस के बारे में जानकारी लेते हुये सभी को एक साथ पहलाम एंव ताजिया निकाले का निर्देश दिये।इस दौरान थानाध्यक्ष लाल बहादुर ने मिडिया को बताया कि श्रावणी मेला को देखते हुये थाना क्षेत्र के सभी ईमामबडा एंव मस्जिद के लोगों को एक साथ 9 अगस्त को पहलाम एंव अखाडा निकालने का निर्देश दिये गये हैं।जो सभी लोगों एक



साथ थाना रोड पहुचते हुये शांति पुर्ण तरह से पहलाम एंव अखाडा निकालने कि बात कही गई।साथ ही बिजली का तार देखते हुये ताजिया एंव निशाना छोटा बनाएंगे जिससे बिजली बाधित न हो। ईमामबडा एंव मस्जिद के सदस्य शाहनवाज काजमी, नोमान अंसारी, आफरोज आलम,मो.ईजराईल, सेराज अंसारी, कल्लू, मो.चांद,मो.बंटी, कमउद्दिन,नबाब खान सहित इत्यादि सदस्य मौजुद थे।

## विज्ञान सप्ताह का किया गया आयोजन।

**भागलपुर समाज जागरण राजीब पाण्डेय /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

जिला के नवगछिया अनुमंडल अंतर्गत आज गोदावरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर राजेंद्र कॉलोनी में डॉ प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया.। विज्ञान सप्ताह 25 अगस्त से नियमित चल कर आज संपन्न हुआ. आज के कार्यक्रम में तुलसीपुर सरस्वती शिशु मंदिर के संरक्षक शिव निवास जी स्थानीय विद्यालय के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार एवं प्रधानाचार्य लालबाबू राय जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुभारंभ किया गया.विज्ञान सप्ताह पर विज्ञान की आचार्य श्रीमती स्मृति कुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों को शिशु वर्ग से ही विज्ञान की प्रायोगिक शिक्षा जरूरी है. तत्पश्चात आचार्य चंद्रकांत



झा ने अपनी सभ्यता संस्कृति के आरंभ से ही विज्ञान को सर्वोपरि माना. बहन देवांशी ने कार्यक्रम का संचालन बड़े ही व्यवस्थित रूप से किया. आचार्य शिव शंकर जी ने बताया कि विज्ञान का मूल स्रोत बच्चों का खेल है खेल खेल में बच्चों में वैज्ञानिकता का विकास होता है. आचार्य अंकित जी ने कहां की विज्ञान के बिना जीवन अधूरा है. इस अवसर पर बहन अलका देवांशी दिया शिवानी अनन्या पलक और भैया दिव्यांशु प्रियांशु आदि ने भाग लिया. प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य लालबाबू राय ने आशीर्वचन के रूप में कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान समाहित है. इस कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि श्रीनिवास जी ने भी संबोधित किया एवं जीवन में विज्ञान की महत्ता को बताया. अंततः अंततः शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया.।

## मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित।

भागलपुर /नवगछिया समाज जागरण /प्रमंडलीय व्यूरो राजीब पाण्डेय /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर ।

नवगछिया थाना में आज मोहर्रम और विषहरी पूजा साथ ही अंतिम सोमवारी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।. बैठक का नेतृत्व थाना अध्यक्ष भरत भूषण ने किया.। जिसमें थाना अध्यक्ष ने कहा की बैठक में सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया है की पहलाम और ताजिया जुलूस में शराब बंदी कानून को देखते हुए, जुलूस में कोई भी लोग शराब पीकर नहीं घुसेंगे,। उन्होंने बताया की जुलूस में.डीजे पर प्रतिबंध रहेगा।, नवगछिया थाना क्षेत्र में कुल 10 जगहों पर यह मोहर्रम पर्व मनाया जाएगा.। सभी जगहों पर सुरक्षा का पुख्ता व्यवस्था किया गया है. ।सनद रहे पहलाम के दिन ही अंतिम सोमवारी और विषहरी पूजा भी



इसको देखते हुए दिन मे मुहर्रम का जुलूस नही निकाला जाऐगा । इस अवसर पर भागलपुर के नाथनगर ,मोजाहिदपुर ,तातारपुर बबरगंज ,आदमपुर ,बरारी ,विश्वविद्यालय थाना, सहित सभी थाना के प्रभारी एवं पुजा समिति के लोगों ने भाग लिया ।वही कहलगांव ,सुल्तानगंज, सबौर ने भी पूजा समिति एवं शांति समिति के साथ इन मुद्दे को लेकर बैठक किया ।वही नवगछिया पुलिस जिला के द्वारा भी नवगछिया मे शांति समिति की बैठक की गई ।जिसकी अध्यक्षता नवगछिया थाना अध्यक्ष भरत भूषण कर रहे थे ।उनके सहयोगी के रूप मे एसआई मकबूल अहमद, वार्ड पार्षद मुन्ना भगत, नागेश्वर कुमार, फिरोज आलम, मोहम्मद शाहजहां, मोहम्मद फैयाज राणा, फिरोज आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन सहित कई अन्य लोग मौजूद थे.

## मसौढी प्रखंडों के किसानों को 15 अगस्त से मिलेगा मसौढ़ी के बेर्रा बराज से सिंचाई, किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर।

**समाज जागरण मसौढी से नीरज कुमार**

मसौढी प्रखंड के बुधवार को बेर्रा गांवों में नदी पर नवनिर्मित बेर्रा बराज और पईन के कार्य का स्थल निरीक्षण किया, और विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। कि जानकारी के मुताबिक बेर्रा बराज का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। और जल संसाधन मंत्री ने निरीक्षण के दौरान इस बराज को लोकार्पण के लिए 15 अगस्त से पहले पूरी तरह से तैयार कर लेने सहित कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। इस बावत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जल संसाधन विभाग ने मसौढी प्रखंड में बाढ़ से सुरक्षा और सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दरधा नदी पर बेर्रा बराज का निर्माण कराया है। इसके बाये मुख्य नहर की लंबाई 8 किलोमीटर है। जबकि इससे निस्सृत लघु नहर की लंबाई भी 8 किलोमीटर है। इस महत्वपूर्ण कार्य से मसौढ़ी प्रखंड के महुआ बीगघा गांव से बढ़नी गांव तक अनेक गांव को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वर्तमान में दरधा नदी में सुविधा उच्चतम बाढ़ की स्थिति



में इस चैनल से सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो पाती है। लेकिन बाढ़ अवधि समाप्त होते ही पुनः सिंचाई कार्य बाधित हो जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए इस बराज का निर्माण और 16 किलोमीटर में पईन का कार्य कराया गया है। इस महत्वपूर्ण सिंचाई योजना से मसौढ़ी प्रखंड के बदरी बीगहा, बलिट्ठा, बेर्रा, गेल्हा बिगहा, नदौल, बहादुरपुर, रेमन, जेलल बीगहा, सगुनी, पकरी, शेखपुरा, गुलरिया बीगहा एवं ग्रामों में लगभग 31187 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।बेर्रा बराज योजना के अंतर्गत जो काम कराए जाने गए हैं। उसमें बेर्रा ग्राम के निकट बराज और बाय शीर्ष निकटतम का निर्माण कराया गया है। बराज के बाएं तरफ मुख्य। नहर और उसे निराश्रित पईन का विभिन्न बिंदुओं पर सेतु का निर्माण कराया गया है। बराज के अपस्ट्रीम में 1000 मीटर लंबाई में बाए एफ लक्स बांध का निर्माण जिस पर 450 मीटर से बोल्डर पीचिंग का कार्य है। बराज के डाउनस्ट्रीम में लड़ाई 250 मीटर लंबाई के बाए ग्राउंड बांध और लड़ाई 250 मीटर लंबाई में दाए बांध निर्माण कराया गया।

## नवादा में शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर गांव छोड़ भागा कुकर्मी

**समाज जागरण**

नवादा. जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में नानी घर में रह रही नाबालिग के साथ गांव के ही अनूप राम ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। नाबालिक के गर्भवती होने के बाद वह शादी से इनकार कर रहा है। बताया जा रहा है कि युवक गांव छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद नाबालिग ने दुष्कर्मी पर एफआईआर दर्ज करवाई है।

नाबालिग ने बताया कि एक साल पहले युवक से प्यार हुआ था। शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। जब भी हमारी मुलाकात होती थी तो अनूप राम कहा करता था, हम दोनों शादी करेंगे और



फिर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता था। जब मैं 6 महीने की गर्भवती हो गयी हूं तो अनूप राम ने धोखा देकर गांव से फरार हो गया है। नाबालिग ने बताया कि अनूप राम से मैंने संपर्क किया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद मेरे माता-पिता थाना पहुंचकर अनूप राम के खिलाफ लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज करवाए हैं। अनूप के परिवार से जब मेरे माता-पिता ने शादी की बात की तो उन्होंने सीधा शादी से इनकार कर दिया है।

मामले के बारे में थाना प्रभारी श्याम पांडे ने बताया कि आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी है। जल्दी ही युवक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अजगैबीनाथ धाम मे सावन के 20 दिन 47 हजार से अधिक डाकबम कांवडिया बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये।

**भागलपुर /सुल्तानगंज समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर सुलतानगंज के अजगैबीनाथ धाम मे सावन के 20 वें दिन अजगैबीनाथ. धाम मे गंगा का जलस्तर बढने से मंदिर प्रागण जल मग्न होता दिखाई दे रहा हैं।कांवडियों मे उत्तरवाहिनी गंगा मे स्नान करने से काफी प्रसन्न हो रहे हैं।बाबा भोलेनाथ के जयकारों लगाते हुये कांवडिड्डा गंगा स्नान करते हुये बाबा भोलेनाथ कि पुजा अर्चना करते हुये उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर देवघर 105 किलोमीटर का यात्रा बाबा बैधनाथ धाम के लिये पैदल यात्रा एंव बस व निजी वाहन यात्रा के लिये निकल पडे हैं।वहीं सरकारी आंकड़ों के अनुसार डाक बम 876 पुरुष,डाक बम महिला 12,.समान्य कांवडिड्डा 46398 ,कुल कांवडिड्डा 47268 अजगैबीनाथ धाम से उत्तरवाहिनी गंगा जल लेकर देवघर के लिये रवाना हुये हैं।पुरे शहर बोल बम व बाबा भोलेनाथ के जयकारों गुंजयमान हो गये थे।इसको लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगा घाट सहित कच्ची कांवडिड्डा पथ मे कांवडियों कि सुरक्षाओ को लेकर कंडे इंतजाम पदाधिकारियों द्वारा किये गये थे।कांवडियों कोई परेशानी



न हो इसके लिये विभाग के अधिकारियों द्वारा सभी निर्देश देते हुये ससमय साफ सफाई एंव गंगा घाटों मे गंगा का जल स्तर बढने से बेरिंकेटिंग कि व्यवस्था एंव एसडीआरएफ कि टिम मुस्तैद देखी जा रही थी।

## शिक्षक ने अपने ही स्कूल की शिक्षिकाओं का सर फोडा ,सडक जाम।

**पीरपैंती समाज जागरण / केदारनाथ पाण्डेय ।**

कहलगांव प्रखंड के किसनदास पूर पंचायत के शिक्षक आत्मानंद ने अपने ही विधालय कि शिक्षिका अभिलाषा कुमारी के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शिक्षिका अभिलाषा कुमारी इलायज रत है।ग्रामीणों को मालूम होने पर



ग्रामीणों ने सड़क जाम कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार करने कि मांग की।शिक्षक पर उचित कार्यवाही की मांग की।

## विश्वविद्यालय मुख्यालय कार्यालय एवं स्नातकोत्तर विभाग आज बंद

**दैनिक समाज जागरण मधेपुरा।**

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारी के निमित्त 17 जुलाई रविवार (घोषित अवकाश) को मुख्यालय कार्यालय एवं स्नातकोत्तर विभाग को खुला रखा गया

था। इस घोषित अवकाश का समायोजन हेतु 4 अगस्त (गुरुवार) को विश्वविद्यालय मुख्यालय कार्यालय एवं स्नातकोत्तर विभाग बंद रखने की घोषणा की गई है। जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण के आदेशानुसार कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

## विस्थापित परचाधारी लोगों ने की सीलिंग की जमीन पर की दखल दिलाने की मांग।

**भागलपुर /नवगछिया समाज जागरण /राजीब पाण्डेय एवं सहयोगी ।**

भागलपुर जिला के इस्माइलपुर प्रखंड के पश्चिम भिट्ठा के विस्थापित पर्चा धारियों ने पर्चा की जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग नवगछिया के अनुमंडल पदाधिकारी से की है.। ग्रामीण लोगों में जुल्मी डोम, विनोद डोम, लड्डू डोम, ललन कुमार, मिथुन मलिक, सुबोध डोम समेत



अन्य लोगों ने कहा कि उनलोगों को सीलिंग में मिली पर्चे की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया है।. जिसके कारण वे लोग मध्य विद्यालय की जमीन पर और बांध पर रहने को मजबूर हैं ।और सभी प्रकार की सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं. ।पर्चा धारियों ने जल्द से जल्द जमीन पर दखल दिलाने की मांग अनुमंडल पदाधिकारी से की है.।

## नवगछिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर लावारिस हालत में 17.5 लीटर शराब बरामद।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर ।**

नवगछिया रेल पुलिस ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर लावारिस हालत में 17.5 लीटर शराब बरामद किया है. बरामद शराब में बीयर, विस्की और रम तीनों तरह की अलग अलग ब्रांड की शराब है।. रेल थाने के थनाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी



है, । जबकि शराब तस्कर का पता लगाने के लिये पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है. ।अभी तक कोई सुराग हाथ नही लगा है ।हालांकि रेल पुलिस का कहना है कि शराब माफिया कितने भी रसूख वाले हों वखशे नहीं जाऐगें।जल्द ही सलाखों के अंदर होंगे ।

## डॉ चक्रपाणि हिमांशु को प्रभारी बनाए जाने पर कार्यकताओं में खुशी।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

डॉ चक्रपाणि हिमांशु जी को राजद के संगठनात्मक चुनाव के लिए पुलिस जिला नवगछिया का संगठन के जिला निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किये जाने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिए इस मौके पर बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष राजद सह जिला परिषद सदस्य मोईन राईन जी, जिला अध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान, जिला उपाध्यक्ष छतीश



कुमार यादव, वरिष्ठ राजद नेता नंदू यादव,अमन आनंद, महमूद गजनबी , मोहम्मद मुस्तकीम ,एवं सभी राजद कार्यकर्ता ने उनका आभार प्रकट किया

## जहानाबाद एक युवक को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला।

**समाज जागरण**

जहानाबाद पटना-गया एनएच 83 स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज के समीप एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। इस घटना में उस व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति कोठिया गांव निवासी राजेश प्रसाद बताया जाता है। यह व्यक्ति बुधवार को करीब एक बजे बजे अपने घर से निकलकर खाद लाने के लिए जहानाबाद आ रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दिया, जिसके कारण वह सड़क पर गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर



अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद इसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। इधर सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## नवगछिया मे एक व्यवसाई से दिन दहाड़े 70हजार रूपए की हुई लूट।

**भागलपुर /नवगछिया समाज जागरण /निभाष मोदी /शक्ति ठाकुर।**

यह घटना नवगछिया के 14 नंबर रोड पर नकाबपोश बाइक सवार अपराधियों ने दी भागलपुर के नवगछिया में अपराधियों का मनोबल इतना सर चढ़कर बोल रहा है कि प्रशासन का थोड़ा भी खौफ नहीं । आए दिन अपराधी लूट कांड की घटना को अंजाम देते हैं अब तो यह दिनदहाड़े भी होने लगा है ताजा मामला नवगछिया के 14 नंबर रोड का है बताते चलें कि 14 नंबर रोड लालजी मध्य विद्यालय के समीप एक व्यवसाई से मोटरसाइकिल अपराधी ने 70 हजार रुपए दिन दहाड़े लूट लिए, गोपालपुर थाना क्षेत्र के सिंधिया मकनपुर के लाल जी मध्य विद्यालय के समीप 14 नंबर रोड पर सिंधिया मकनपुर निवासी दयानंद चौधरी से बाइक सवार अपराधी ने रुपए लौटते ही रफूचक्कर हो गए।

पीड़ित व्यवसाई ने बताया कि वह 70 हजार रूपए कुछ जरूरी काम के लिए नवगछिया के इलाहाबाद बैंक से निकाल कर घर जा रहा था । तभी अचानक मोटर साइकिल पर नकाबपोश अपराधी पहुंचे और मेरे बैग में रखे 70 हजार रूपए लेकर वहां से फरार हो गए, यह घटना तकरीबन 04 बजे शाम की है। नवगछिया मे लूट की घटना लगातार बढ़ता ही जा रहा है, मानो पुलिस को अपराधियों ने नाकोदम कर रखा हो

## पंचायत समिति सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को नाले के पानी की निकासी के लिए आवेदन दिया।

**भागलपुर /नवगछिया राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के बिहपुर जबलपुर पंचायत वार्ड नंबर छह में नाले के पानी की समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य अमन आनंद यादव जी ,ने बिहपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार जी को आवेदन देकर नाले की समस्या को जल्द निदान करने का गुहार लगाया है ' अमन आनंद ने आवेदन में कहा है कि वार्ड नंबर 6 का सड़क बाजार का मुख्य सड़क है' इसी रास्ते से लोग मार्केट जाया करते हैं ,और इसी रास्ते में कई दुकानें भी है, नाली का पानी का निकासी नहीं होने से काफी परेशानियां दुकानदार एवं लोगों को उठानी पड़ती है, गंदे नाले के पानी से लोग परेशान हैं और बदबू होने से लोगों में आशंका है कहीं महामारी बीमारी न फैल जाए, इसी क्रम में पंचायत समिति सदस्य अमन आनंद ने गुरुवार को वीडियो से मिलकर आवेदन दिया ' जानकारी के मुताबिक यह नाला पूर्व से ही बना हुआ है '

## बगहा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के कुछ पंचायतों में योजनाओं की जांच पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा अनुमंडल में जिला द्वारा मिले निर्देश के अनुसार मुख्य सचिव के पत्र के आलोक में सभी प्रखंड के कुछ पंचायतों में योजनाओं को लेकर नियुक्त वरीय पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को जांच किया गया। जिसमें बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा प्रखंड बगहा एक के बड़गांव पंचायत की जांच की गई। जिसमें नल जल योजना, गली नली योजना, बड़गांव विद्यालय, आवासीय विद्यालय छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस डीलरो के खाद्यान्नों की भी आदि की जांच हुई। अपर अनुमंडल पदाधिकारी मो. सरफराज नवाज के द्वारा प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र आदि की जांच किया गया । इसके साथ ही दूसरे प्रखंडों में भी बीडीओ और सीओ द्वारा जांच किया गया। जिनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बगहा एक के कुमार प्रशांत के द्वारा प्रखंड बगहा दो के सेमरा कटकुईया में नल जल योजना, पीडीएस डीलर के पीओएस मशीन, खाद्यान्न भंडारण, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र आदि की जांच की गई। बगहा दो बीडीओ जयराम चौरसिया द्वारा प्रखंड बगहा एक के बसवारिया पंचायत में योजनाओं की जांच की गई। बगहा



दो के सीओ राजीव रंजन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रखंड बगहा एक के मझौवा पंचायत में भू राजस्व की स्थिति, पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं की जांच की गई। बगहा एक सीओ अभिषेक आनंद द्वारा प्रखंड बगहा दो में बैरागी सोनबरसा पंचायत में भू राजस्व और पंचायतों में चल रहे योजनाओं को लेकर जांच किया गया। बगहा अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार तिवारी के द्वारा भी स्वास्थ्य केंद्र और योजनाओं की भी जांच बांसगांव मझरिया में किया गया। इसी प्रकार रामनगर, मधुबनी पिपरासी, भितहा, ठाकराहा प्रखंडों में जिला द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा पंचायतों में चल रहे- हर घर नल जल योजना, नली-गली योजना, पंचायतों के प्राथमिक मध्य और उच्च विद्यालयों की जांच, एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक /छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधा , पीडीएस डीलरो, मनरेगा, आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की जांच नियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा बुधवार को की गई जिससे पंचायतों में चर्चा का विषय बना रहा। पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि कुछ अनियमितता कुछ जगह पर पाई गई है जिसकी जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय में भेज दी जाएगी। जांच के क्रम में मौजूद पदाधिकारियों में बगहा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ मौजूद थे।

## शिक्षक के नाम पर कलंक है,सहायक प्राध्यापक डॉ0अखिलेश

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

ल.ना.मि. विश्वविद्यालय, दरभंगा की गरिमा को तार-तार करने वाले सहायक प्राध्यापक डॉ०अखिलेश कुमार के खिलाफ अविलम्ब कार्रवाई की मांग को लेकर दोषी प्राध्यापक को अविलंब पद से हटाया जाना चाहिए, वो शिक्षक के नाम पर कलंक है, शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार का कुकृत्य करना दंडनीय अपराध है इस मामले को लेकर विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधि मंडल विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र साह से मिला साथ ही विभाग में तालाबंदी भी की। प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों ने विभागाध्यक्ष से कहा कि आरोपी पर आरोप लगते ही प्रथम दृष्टया पद से विमुक्त कर जांच की प्रक्रिया आरंभ होनी चाहिए अन्यथा आरोपी अपने प्रभाव बल से जांच प्रक्रिया को प्रभावित भी कर सकता है।

विभागाध्यक्ष ने इस विषय पर कहा कि यह कार्य उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसलिए यह मांग लेकर कुलपति महोदय के पास जाना ज्यादा



बेहतर होगा। विभागाध्यक्ष की बात से संतुष्ट होकर प्रतिनिधि मंडल ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह से पुनः मिलकर विगत कई दिनों से विश्वविद्यालय हिंदी विभाग में चल रहे विवाद को लेकर दोषी पर अविलंब करवाई करने की मांग की।

ज्ञात हो कि दिनांक 02.08.2022 को भी परिषद का प्रतिनिधिमंडल माननीय कुलपति महोदय से मिला था। माननीय कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि जाँच कमिटी गठित की जा चुकी है और जाँच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विभाग संयोजक सह पूर्व छात्रसंघ महासचिव उत्सव पराशर, परिषद के महानगर मंत्री सूरज कुमार ठाकुर, नगर सह मंत्री अमित शुक्ला, राघव आचार्य, छात्र रितेश रंजन, शिवम मिश्रा, सुभाष कुमार साह आदि बड़ी संख्या में छात्र और शोधार्थी उपस्थित रहे।

## LNMU *के हिन्दी विभाग के सहायक प्राचार्य पर छात्रा ने लगाया गंभीर आरोप, रात में वाट्सएप पर कॉल कर करते है परेशान, कुलपति ने दिए जांच के आदेश

**समाज जागरण**

दरभंगा - ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का विवादों से पुराना नाता रहा है। अभी 100 नंबर के बदले 151 नंबर देने का विवाद खत्म भी नहीं हुआ था कि विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्राचार्य अखिलेश कुमार पर बेहद संगीन और शिक्षा जगत को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। हिंदी विभाग के सहायक प्राचार्य अखिलेश कुमार महतो पर छात्र छात्राओं ने न केवल बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। बल्कि इसके सबूत भी विश्वविद्यालय को दिए हैं। वही शिकायत मिलने के बाद कुलसचिव ने कहा कि विश्वविद्यालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए, एक टीम गठित किया है तथा रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में पढ़ने वाली छात्राओं ने साफ शब्दों में अपने विभाग के सहायक प्राचार्य अखिलेश कुमार की नियत पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि सर न सिर्फ देर रात छात्राओं को फोन कर उल्टी सीधी और गंदी बात करते हैं बल्कि रात में वो अपने घर पर भी आने की जिद करते हैं। खुद की नंगी तस्वीर भी भेजते हैं, साथ ही बात नहीं मानने पर परीक्षा में फेल कर देने के अलावा कई तरह की धमकी भी देते हैं।



वही हिंदी विभाग में पढ़ने वाले छात्र दीपक ने बताया कि प्रो अखिलेश कुमार महतो अपनी मनमानी करते हैं। यहां पढ़ने वाली लड़कियों पर उनकी गलत नियत रहती है, इसके कई सबूत भी हैं। इस मामले में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष राजेंद्र साह और कुलपति से लिखित भी की गई है। वही उन्होंने कहा कि फोन पर मां-बहन की गाली भी देते हैं। साथ ही अपनी ऊंची पहुंच का हवाला देकर छात्रों के ऊपर न सिर्फ धौंस जमाते हैं। बल्कि बड़े राजनितिक लोगों के साथ अपनी तस्वीर दिखा कर अपने प्रभाव में भी लाने का प्रयास करते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव मुस्ताक अहमद ने भी शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की अखिलेश प्रसाद के खिलाफ लिखित शिकायत की है। तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी। इधर जैसे ही मामला सामने आया आरोपी अखिलेश कुमार की कई तस्वीर बड़े-बड़े नेताओं के साथ वायरल होने लगी। वायरल तस्वीरों में राजयपाल के अलावा उप मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक के साथ की तस्वीर उनके ऊंचे पहुंच की कहानी खुद भी बता रही है।

वही पूरे मामले में अखिलेश कुमार का पक्ष लेने जब हम उनके दफ्तर पहुंचे तो वो वर्ग संचालन के समय भी अपने कुर्सी पर नहीं मिले. उनकी कुर्सी खाली पड़ी था। अखिलेश प्रसाद कहा मिलेंगे इसकी जानकारी भी दफ्तर में उपस्थित लोगों के पास नहीं थी।

## सड़क झील में हुआ तब्दील, नारकीय जीवन जीने को विवश है दलित महादलित एवं सवर्ण--महावीर पोद्दार

### सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने पर करेंगे 22अगस्त से आमरण अनशन--राम बाबू कुमार

**समाज जागरण मुरारी झा**

समस्तीपुर छात्र-छात्राओं का विद्यालय आना जाना है बन्द-किशलय झा

आज भाकपा माले कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के द्वारा सन्युक्त रूप से प्रखंड सचिव महावीर पोद्दार के नेतृत्व में सड़क एवं आर सी सी नाला निर्माण के लिए सड़क पर धरना दिया।

धरना का कार्य कर्म रेवाड़ी ढाला भूषण चौक से चैता जाने वाली सड़क पर विरनामा सुपौल पन्चायत के वार्ड नं 06 पर किया गया। विदित हो कि गत विधान सभा चुनाव से पहले अक्टूबर 2020 में स्थानीय विधायक आलोक कुमार मेहता द्वारा रेवाड़ी ढाला से रेवाड़ी गाँव होते हुए चैता तक जाने वाली करीब 06 किलोमीटर सड़क का मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया गया था जो करीब ढाई बर्ष बीतने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

स्थिति यह है कि यह सड़क पूरी तौर पर जहाँ ध्वस्त हो चुका है वहीं सुपौल ग्राम के वार्ड नंबर 04-06 में मामूली बर्षा के पानी से ही सड़क झील में तब्दील हो चुका है। तीन-चार पन्चायत को जोड़ने वाली इस सड़क से हजारों लोगों का जहाँ आवाजाही प्रति दिन होता है वहीं सैकड़ों छोटी बडी वाहन प्रतिदिन गुजरता है जिसमें दर्जनों वाहन और पैदल चलने वाले लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस सड़क में दो-दो फीट के लम्बे चौरे गढे बने हुए हैं जिनमें पानी भरा है। स्थिति यह है कि इस बर्बाद हो चुके सड़क से छात्र एवं छात्राएँ विद्यालय भी आना जाना बन्द कर दिया है। दलित महादलित से लेकर सवर्ण समाज नारकीय जीवन जीने को विवश है समय रहते हो चुके जल जमाव की निकासी एवं वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किया गया तो महामारी फैलने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। दुर्भाग्य है कि पन्चायत प्रतिनिधि से लेकर विधायक सांसद तक लोगों की सुधि लेना उचित नहीं समझ रहे हैं।

## सर्पडंस से आठ वर्षीय विजय कुमार कि मौत

**समाज जागरण**
**मुरारी झा घनश्यामपुर**

घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के महथवार मलाहटोली में मंगलवार को सुरेश मुखिया रात्रि अपने पूरे परिवार के साथ घर में सो रहा था इसी दौरान सुबह चार बजे साफ ने विजय कुमार को काट लिया घर वालो को लगा कि बड़े बेटा को साफ काट लिया सब लोग उस में लग परे तब तक छोटे बेटे का हालत नाजुक होता जा रहा था मुह से लेर -पानी निकलने



लगा तो घर वालो ने उसे तुरंत ईलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घनश्यामपुर लाया जहाँ बच्चे रास्ते में ही दम तोड़ दिया था ।

वही मां आशा देवी का रो रो कर कह रही है भगवान हम कोन जन्म का तोहर की बिगाड़ने रहिय जे हमरा स हमर बेटा का छीन लेलह ।

मौके पर घनश्यामपुर थाना पहुँच कर लाश को अपने कब्जे में कर लिया है औड़ उसे पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है ।।

## 65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

65वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखण्ड परिसर बगहा 2 के प्रांगण मे श्री विनय अग्रवाल कमांडेंट (चिकित्सा), श्री आर बी सिंह, उप कमांडेंट ( कार्यवाहक कमांडेंट) तथा डॉ रणवीर सिंह चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखण्ड परिसर बगहा 2 की उपस्थिती मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा बिन्दुओ पर चर्चा की गई साथ ही साथ 65वी वाहिनी के बल कर्मियों तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बगहा 2 के कार्मिकों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया । कार्यक्रम के माध्यम से आर बी सिंह, उप कमांडेंट ( कार्यवाहक कमांडेंट) के द्वारा 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे मे बताया गया तथा यह निवेदन किया गया की वे अपने



कार्यक्षेत्र के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करें । भारतीय झण्डा संहिता 2002 के अनुसार झण्डा फहराने से संबन्धित दिशानिदेशों को भालिभांति सुनाया गया तथा झंडे कि गरिमा को बनाए रखते हुए इसे 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर मे फहराने का आह्वान किया गया ।

महोदय के द्वारा यह बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी को जागरूक करना तथा 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा के लक्ष्य को पूरा करना है । इन कार्यक्रमों का आयोजन विगत 23-07-2022 से ही लगातार वाहिनी मुख्यालय तथा इसके समस्त सीमा चौकियों मे हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराए जा रहे है । आगामी दिनो मे भी विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम वाहिनी के द्वारा कराए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम मे श्री विनय अग्रवाल कमांडेंट (चिकित्सा), डॉ रणवीर सिंह, चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखण्ड परिसर बगहा 2, श्री आर बी सिंह, उप कमांडेंट (कार्यवाहक कमांडेंट) श्री भावेश धनवंत, सहायक कमांडेंट 65वी वाहिनी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखण्ड परिसर बगहा 2 के समस्त कार्मिक तथा वाहिनी के बल कर्मी मौजूद थे ।

## स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर जुबली हॉल में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर जुबली हॉल में कवि सम्मेलनह्ल का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन की विधिवत शुरूआत माननीय कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रति-कुलपति प्रो. डॉली सिन्हा, कुलसचिव प्रो. कुलसचिव प्रो. मुश्ताक अहमद व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

सर्वभाषा कवि सम्मेलन में काव्य रस फुहार में श्रोतागण गोते लगाते रहे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मुश्ताक अहमद ने कहा कि साहित्य के बिना इंसान की जिंदगी में रौनकता नहीं आती है। शायरी मरुभूमि में नाव खींचने के समान है। शायरी केवल तकनीक जानने का कार्य नहीं है। शायरी वक्त के साथ चलने का चीज नहीं है, ये तो वक्त के साथ मुकाबला करता है।

शायरी का काम दिल की धड़कन को पहचानना है। शायरी फैशन का नाम नहीं है। प्रो. अहमद का कहना कि ह्वमेरा तो तूझ में टूटना, बिखरना, मुकद्दर रहा है...ह्ल, पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक एवं संयोजक प्रो. अशोक कुमार मेहता ने मंच का संचालन करते हुए ह्वपिया चली झूला झुलाबी...ह्ल का सस्वर मैथिली में पाठ किया, जिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया। डॉ. सुकृति ने संस्कृत में ह्वपाठ्यपुस्तक पठनियम, समय पालन... पर कविता पाठ की। डॉ. संजीत कुमार झा ह्वसरसह्ल ने भी



संस्कृत में ह्वविद्यालय किम् कृत्रम्, ज्ञान जीवन प्रकाशम्...ह्ल कविता पाठ किया।

प्रो. आफताब अशरफ ने उर्दू में ह्वजान देता हैं अशरफ आप पर...ह्ल, प्रो. मेहता को समर्पित करते हुए काव्य पाठ किया।

शबाहत फातमा ने उर्दू में ह्वहिंदुस्तान की जमीन से आसमां की बेटी हूं...ह्ल पर कविता पाठ की। डॉ. अमरकांत कुंवर ने हिंदी में ह्वतुम होते ही सावन सलोने बन जाता है...ह्ल पर कविता पाठ किया। डॉ. उपासना झा ने हिंदी में काव्य पाठ ह्वउससे दूर रहते हुए उसकी रोटी जोड़ रखा है मुझे...ह्ल को श्रोताओं ने खूब सराहा। पुतुल प्रियंवदा ने मैथिली में ह्वबेटिये क क्या निमय पढ़ाने छी...ह्ल पर काव्य पाठ किया। कवि/कवयित्रियों की ओर से किये गये काव्य पाठ का सभी ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के अंत में माननीय कुलपति प्रो. सुरेंद्र प्रताप सिंह और प्रति-कुलपति प्रो. डॉली सिन्हा ने सभी कवि-कवयित्रियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। ह्वसर्वभाषा कवि सम्मेलनह्ल में कला संकाय के डीन प्रो. जितेंद्र नारायण, कुलानुशासक डॉ. अजयनाथ झा, प्रो. चंद्रभानू सिंह, उप-कुलसचिव प्रथम डॉ. कामेश्वर पासवान, उप-कुलसचिव द्वितीय डॉ. दिव्या रानी हंसदा, पेंशन पदाधिकारी डॉ. सुरेश पासवान, वाणिज्य डीन प्रो. बीबीएल दास, प्रो. अरुण कुमार सिंह. प्रो. अजीत कुमार सिंह व अन्य शिक्षक-शिकेत्तरकर्मी तथा छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

जुबली हॉल श्रोताओं से खचाखच भरा था। वहीं कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

माननीय कुलपति, प्रति-कुलपति, कुलसचिव और संकायों के डीन ने सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

## एनसीसी कैडेटों को राष्ट्रीय आपदा राहत बल का दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगा बुधवार को राष्ट्रीय आपदा राहत बल के द्वारा एनसीसी कैडेटों को प्रशिक्षण दिया गया 8 बिहार बटालियन एनसीसी के प्रशासी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल के आर रेड्डी ने सभी कैडेट को आपदा के बारे में बताया और सभी को अच्छे से सीखने और सीखाने के लिए बताया।

उन्होंने बताया कि आपदा के समय जब तक हमारे राष्ट्रीय अथवा राजकीय आपदाएं के राहत बल आते हैं तब तक घटना हो चुकी होती है इसलिए सभी को आपदा के समय क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए।

यह सभी कैडेटों को सिखाया गया ताकि आने वाले समय में इस जिला के कई गांव बाढ़ से समुंद्र में बदल जाते है।

और वहा उसे तुरंत कोई देखने वाला नही होता है। हमारे एनसीसी कैडेट जिले के विभिन्न गावों मुहल्लो से आते हैं। जो आसानी से आपदा के समय लोगो होने वाला सहायता कर सके। जिसमे दरभंगा के सभी



महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

9 बटालियन राष्ट्रीय आपदा राहत बल के एस आई अंकुश बाबू ने अभी कैडेटों को सभी को आपदा के बारे में बताए। आपदा के समय क्या करें, क्या ना करें, कोई भी काम कैसे करें। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दिए। जैसे कोई भी बाढ़ में डूबे व्यक्ति को कैसे पानी से निकाले। हमारे पास साधन ना हो, फिर भी कैसे जुगाड़ करें तथा उनका प्राथमिक चिकित्सा करें, सीपीआर कैसे दें। राष्ट्रीय आपदा के सिपाही हवलदार दीपक कुमार सिंह ने आपदा के समय आपदा के समय कैसे क्या करना है इसका प्रयोग करके बताया।

मौके पर चंद्रधारी मिथिला महाविद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी श्री शैलेन्द्र श्रीवास्तव, प्रो आर एन चौरसिया, 8 बिहार बटालियन के प्रशिक्षु जेसीओ सूबेदार जीवन श्रेष्ठ, एनसीसी उड़ान के जिला संयोजक श्री सुशील कुमार यादव का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका रहा। जिसमे कई कैडेट्स मयूरी कुमारी, महफूज, संतोष कुमार,सचिन कुमार, मीनाक्षी कुमारी, सुमित कुमार , अमित कुमार आदि ने भाग लिया ।।

## साइबर गिरोह का भंडाफोड़,1 साल में ₹25 करोड़ की ठगी कर लेता था JE-Mains पास युवक

**समाज जागरण**
**विकास कुमार दरभंगा**

बिहार से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. पुलिस ने साइबर ठगी करने के आरोप में खए-ट्रंल्लर पास एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी युवक के पास से 33 लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं.आरोपी युवक ने कार की एजेंसी देने के नाम पर तेलंगाना के एक शख्स से 29 लाख रुपये की ठगी की थी. बताया जााता है कि युवक पटना से साइबर अपराधियों का गैंग संचालित करता था. लोगों को झांसे में लेकर उन्हें चूना लगाता था. अब प्रदेश की राजधानी पटना में पुलिस ने छापा मारकर साइबर गैंग का भंडाफोड़ किया है.

जानकारी के अनुसार, बिहार की राजधानी पटना में एक बड़े साइबर गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. दरअसल, तेलंगाना पुलिस की मदद से पटना पुलिस ने रविवार को साइबर ठगों के बड़े गिरोह का खुलासा करने में सफलता हासिल की है. बिहार में गिरोह का सरगना आकाश नाम का युवक है. आकाश जेई मेंस की परीक्षा पास कर चुका है. आकाश के



पास से पुलिस ने 33 लाख नकदी के अलावा हीरे की चेन और 3 अंगूठियां भी बरामद की हैं. बताया यह भी जा रहा है कि आकाश का गिरोह एक साल में 25 करोड़ रुपयों की ठगी कर लेता था. गिरोह के सदस्य ठगी की रकम को जमीन में निवेश करता था. इसके बाद बचे पैसे से शान-शौकत की जिंदगी जीते थे. यह गिरोह अब तक बिहार के अलावा पंजाब, उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत कई राज्यों के कारोबारियों को चपत लगा चुका था.कार की डीलरशिप दिलाने के नाम पर तेलंगाना के साइबराबाद निवासी कारोबारी चिलुका विजय कुमार से आकाश ने 29 लाख रुपये की साइबर ठगी की थी. तेलंगाना पुलिस किसी तरह से आकाश का मोबाइल नंबर पता करने में सफल रही. लोकेशन के आधार पर तेलंगाना पुलिस पटना पहुंची थी.

इसके बाद पत्रकार नगर थाना पुलिस के साथ हनुमान नगर के सेक्टर पूर्वी के एक मकान में पहुंची. तकरीबन 2 घंटे की छानबीन के बाद आकाश को गिरफ्तार किया गया. यहां वह एक साल से किराए पर फ्लैट लेकर रह रहा था. वह मूलरूप से नालंदा के कतरीसराय थाने के गंगापुर गांव का रहने वाला है. आकाश के कमरे से 5 मोबाइल फोन भी पुलिस टीम ने जब्त किए हैं.

## सड़क हुआ गढ़े में तब्दील।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा प्रखण्ड बगहा दो के सेमरा बाजार के समीप एक सड़क हैं जो दर्जनों गांवों को जोड़ती हैं। उसका स्तिथि आज यह हैं की सड़क गढ़े में तब्दील हो गया है। इस पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी जाहिर की स्थानीय दुकानदार धनेश जयसवाल ने बताया की लगा भाग 20 वर्षो से सड़क का यहीं हाल हैं कुछ महीने पहले वाल्मिकी नगर सांसद सुनील कुमार कुशवाहा आए हुए थे



उनके द्वारा आश्वासन दिया क्या कि जल्द इसका काम चालू होगा लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही स्थानीय जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दे रहे हैं बरसात के दिनों में इस सड़क से आने जाने में गांव के लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नाराज लोगों में कमलेश चौधरी की पत्नी रिंकी देवी स्वर्गीय मक्खन नूनिया की पत्नी जगमति देवी धनेश कुमार राकेश कुमार, शंकर यादव

## 4 दिन के बाद मिला बच्चा का शव मछुआरे के जाल में फंसा था बच्चा ।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

चार दिन की खोजबीन के बाद बच्चे का शव मछुआरे के जाल से बरामद किया गया । बतादें की हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन के रमपुरवा नहर में रमपुरवा गांव निवासी मनोज गुप्ता का पुत्र स्नान करने के क्रम में डूब गया था । जिसकी खोज एसडीआरएफ, एसएसबी व स्थानीय गोताखोरों के द्वारा की जा रही थी । लेकिन घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर मुख्य त्रिहुत नहर में



मछुआरे द्वारा लगाए गए जाल से बरामद किया गया। यह घटना गक्त रविवार की है जब मृतक कोचिंग से अपने घर रमपुरवा लौट रहा था। तभी कुछ दोस्तों को नहर में नहाते देख नहर में नहाने चला गया जहां उसकी डूबने से मौत हो गई । बतादें की नहर के मुख्य द्वार गंडक बराज से फाटक बंद कर पानी के प्रवाह को रोक दिया गया ताकि बच्चे के शव की खोजबीन की जा सके । लेकिन नहर के पानी की तेज धार में बहते हुए मुख्य नहर त्रिहुत नहर में जा पहुंचा जहां आसपास के ग्रामीणों ने जाल में फंसे बच्चे के शव को देख मृतक के घर वालों को खबर की ।

## घनश्यामपुर प्रखंड के दर्जनो गांवो में घुसा बाढ़ पानी

**समाज जागरण मुरारी झा घनश्यामपुर**

घनश्यामपुर :- कमला बलान नदी में आई बाढ़ से घनश्यामपुर प्रखंड के कई गांव चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। बताया जाता है कि नदी के दोनों तटबंधों के बीच बसे बाऊर, नवटोलिया, कनकी मुसहरी , पुनर्वास आदि गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कें बाढ़ के पानी में डूब गई जिससे इन गांवों का प्रखंड तथा जिला



मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। कमला पश्चिमी तटबंध से बाऊर गांव को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क पर 5 फीट से अधिक पानी बह रहा है। बाढ़ का पानी मध्य विद्यालय रसियारी तथा मध्य विद्यालय नवटोलिया मध्य विद्यालय बौउर में घुस जाने से इन स्कूलों में मिड डे मील सहित पठन-पाठन ठप है।

वही एक ऐसा भी गांव है जो दो ज्वाज बेटा बेटी को जन्म दिया पहला मानस बिहारी वर्मा सेंटिस्ट थे जो अब्दुल कलाम आजाद के करीबी दोस्त थे। तो दूसरा भावना कंठ जो विश्व का प्रथम महिला ब्यूमेन फाइटर पायलट बनी है ।। नदी का जलस्तर झंझारपुर में खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर बताया जा रहा है।। प्रशासन के द्वारा चौकसी बढ़ा दिया गया है लोगो को ऊंचे स्थान पर जाने के लिए तैयारी में जुट चुकी है।

## मानिकपुर ओपी थाना क्षेत्र में तीन वाहन चोर गिरफ्तार

**जिला ब्यूरो अरवल मृत्युंजय कुमार कुर्था (अरवल )**

कुर्था ( अरवल ) जिले के मानिकपुर ओपी क्षेत्र के केमदारचक गांव के समीप मानिकपुर पुलिस और ग्रामीणों की मदद से अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी चोर पटना जिले के रहने वाले हैं लगातार अरवल जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की घटना को अंजाम देते थे। चोरी की गई वाहनों को औने पौने दाम पर बेचकर महंगे रेस्तरां में डिनर करने और महंगी बाइक चोरी कर गर्लफ्रेंड को घूमाते थे। गिरफ्तार चोरों के पास से दो ट्रैक्टर और दो बाइक बरामद की गई है। पुलिस के पूछताछ में गिरफ्तार वाहन चोरों ने कई राज उगले हैं। गिरफ्तार चोरों का मास्टरमाइंड जेल से ही अपना गिरोह को सक्रिय कर चोरी की घटना को आगे बढ़ाता था। इस गिरोह के सदस्य पूरे बिहार सहित झारखंड में सक्रिय हैं इस गिरोह के सदस्य बिहार के अलग-अलग जिलों में वाहन चोरी की घटना को अंजाम



दिया है। गिरफ्तार चोरों ने पूछताछ में बताया कि हाल के दिनों में किंजर थाना क्षेत्र में चोरी की योजना बनाई गई थी गिरफ्तार होने से पहले इस गिरोह के पांच लोग किंजर थाना क्षेत्र में वाहन चोरी करने जा रहे थे लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के कारण चोरी की घटना असफल रही। इसके बाद पुनः चोर मानिकपुर की ओर लौट गए जिसके बाद ग्रामीणों को तीनों चोरों पर शक हुई जिसके बाद मानिकपुर ओपी को सूचना दी गई और ग्रामीणों ने बांस की बैरिकेडिंग लगाकर दो चोरों को पकड़ लिया। वहीं अन्य एक चोर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार चोरों के निशानदेही पर अरवल पुलिस ने पटना में छापेमारी की और एक अन्य चोर को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार तीनों चोरों से पूछताछ की गई तो उसने कबूल किया कि ज्यादातर महंगी दोपहिया वाहन को अपना निशाना बनाते थे चोरों ने बताया कि महंगी और रफ्तार वाली बाइक से चोरी कर अपने गर्लफ्रेंड को घुमाते थे।बड़े रेस्त्रां में अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डिनर करते थे। गिरफ्तार तीनो चोर जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू ग्राम नवादा, नीरज कुमार ग्राम भरतपुरा और सनी कुमार ग्राम सरकुना थाना दुल्हिन बाजार और जिला पटना का रहने वाला है।

## गोखुला गांव मे बिजली की चपेट मे आने सुनील आजाद की मौके पर मौत हो गई है।

**समाज जागरण मसौढी से नीरज कुमार**

मसौढी थाना क्षेत्र के गोखुला में विगत दिनों बिजली की चपेट में आने से सुनील आजाद की मौके पर मृत्यु हो गई। उनके शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने के लिए पाटलिपुत्र के माननीय सांसद रामकृपाल यादव के बड़े पुत्र मनी यादव एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रणधीर यादव भाजपा पटना जिला के मंत्री ओमप्रकाश यादव मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार विजय यादव परिवार से मिलकर संतावना दिये उसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र शर्मा के आवास पर पहुंचे विगत 2 दिन पूर्व उनके पुत्र भाजपा नेता अभिषेक कुमार को अचानक मृत्यु हो जाने के कारण उनके परिवार से मिलकर सांत्वना देने उनके घर पहुंचे उनके साथ मसौढ़ी नगर महामंत्री टुनटुन शर्मा, इशिवा शंकर पांडे, रजनीश भारती, कारू शर्मा एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।